www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.03 न्यू | 14.08 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 19.05 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72026.15 |
| निफ्टी | 21710.80 |
| सोना | 63,530 |
| चांदी | 76,600 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | सोमवार, 8 जनवरी 2024 | 24 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 21 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

डलहौजी में भगवान का परम धाम, यहां कण-कण में बसते हैं श्रीराम ...पेज 3




सोलन। दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के शिमला-सोलन संस्करण का रविवार को विमोचन किया गया। सोलन में आयोजित समाचारपत्र विमोचन व सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सोलन के जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने समाचार पत्र का विमोचन किया। समाचार पत्र का विमोचन करते सोलन-सिरमौर के ब्यूरो प्रभारी तेजपाल नेगी, अनंत ज्ञान के जीएम विशाल धीमान, अनंत ज्ञान के मंडी ब्यूरो प्रभारी अनिल शर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कुल राकेश पंत, समाजसेवी तरसेम भारती, जिला स्वास्थ्य अधिकारी अमित रंजन तलवार, डीएसपी सोलन अनिल धौल्टा, सोलन की मेयर ऊषा शर्मा, हिमाचल के डिप्टी एडवोकेट जनरल रोहित शर्मा, पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर, पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा और पैरागॉन होटल के स्वामी सुरेंद्र वर्मा।

## 6.5 तीव्रता का भूकंप भी अयोध्या धाम को नहीं हिला सकता

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** श्रीराम मंदिर को 6.5 तीव्रता का भूकंप भी श्रीराम मंदिर को नहीं हिला सकता है। देश के इंजीनियरों ने राम मंदिर को ऐसी बेजोड़ तकनीक से बनाया है।




इतना ही नहीं सरयू की जलधारा से मंदिर को कोई प्रभाव न पड़े, उसका भी ध्यान रखा गया है। राम मंदिर के चारों ओर रिटेनिंग वॉल की मोटी चादर बिछाई गई है, जिसे परकोट के नाम से जाना जाता है।

### 33 सीढ़ियां चढ़ने के बाद होंगे रामलला के दर्शन

#### समिति के अध्यक्ष बोले भूतल का काम हुआ पूरा

**निर्माण** समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर के भूतल का काम लगभग लगभग पूरा हो चुका है। परकोटा से गर्भगृह तक पहुंचने का मार्ग अगले एक सप्ताह में तैयार हो जाएगा। 33 सीढ़ियां चढ़ने के बाद होंगे रामलला के दर्शन होंगे।

### पीएम ने गीताबेन रबारी के भजन 'श्री राम घर आए' को सराहा



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गायिका गीताबेन रबारी के भजन 'श्रीराम घर आए' को साझा किया है। इसे मौलिक मेहता ने संगीतबद्ध किया। गीत एवं संयोजन सुनीता जोशी (पंड्या) का है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दिव्य-भव्य मंदिर में रामलला के आगमन का इंतजार खत्म होने वाला है। देशभर के लोगों को उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की बेसब्री से प्रतीक्षा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बदमाशों ने की टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी नेता स्टेन चौधरी की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। यह घटना रविवार दोपहर को बहरामपुर के चलटिया में हुई। जानकारी के अनुसार, कुछ लोग बाइक पर आए और पास से टीएमसी नेता को गोली मार दी। पुलिस हत्यारोपी की तलाश में जुट गई है।

### जापान के नोटो क्षेत्र में आया 4.4 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के नोटो प्रायद्वीप में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर गहराई पर था। यह भूकंप इशिकावा के नोटो क्षेत्र में गत सोमवार को आए 7.6 तीव्रता वाले तीव्र भूकंप के बाद आए झटकों की श्रृंखला के बीच आया है।

### बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो गैंगरेप केस में 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट आठ जनवरी को अपना फैसला सुनाएगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयन की बेंच ने पिछले साल 12 अक्तूबर को 11 दिन की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 2002 में हुए गोधरा कांड के दौरान बिलकिस बानो से गैंगरेप किया गया था और उनके परिवार के लोगों की हत्या की थी। इस मामले में 11 लोगों को दोषी ठहराया गया था।

## टॉप स्टोरीज

17 पेट्रोल पंपों पर ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित ...पेज 2

गॉफ ने लगातार दूसरी बार जीता ऑकलैंड क्लासिक का खिताब ...पेज 15

इसराइल ने जेनिन में पूरी रात किए हमले छह फिलिस्तीनियों की मौत ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634




ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

लक्षद्वीप दौरे पर पीएम के खिलाफ टिप्पणी को लेकर भारत के कड़े रुख से बैकफुट पर मालदीव सरकार

# मोदी पर टिप्पणी करने वाले मालदीव के तीन मंत्री सस्पेंड

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के हाल ही में लक्षद्वीप दौर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मालदीव सरकार भारत के कड़े रुख के बाद बैकफुट पर आ गई है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने तीन मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान को पद से हटा दिया है। इन तीनों मंत्रियों ने पीएम मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों का सोशल मीडिया पर मजाक उड़ाया था।



मालदीव सरकार में मंत्री मरियम शिउना (दाएं) प्रधानमंत्री मोदी।

### मालदीव सरकार की सफाई

**मालदीव** सरकार ने इस मामले को लेकर सफाई दी है। सरकार ने बयान जारी करते हुए कहा कि मालदीव सरकार विदेशी नेताओं और उच्च पदस्थ व्यक्तियों के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपमानजनक टिप्पणियों से अवगत है। यह उनकी व्यक्तिगत राय है। मंत्रियों की टिप्पणी मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।

### इसी हफ्ते मोदी ने किया था लक्षद्वीप का दौरा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने इसी हफ्ते की शुरुआत में लक्षद्वीप का दौरा किया था। इस दौरे की तस्वीरें पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर डाली थीं। तस्वीरों को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने लिखा था कि जो लोग 'रोमांच पसंद करते हैं उन्हें लक्षद्वीप जरूर आना चाहिए।' उन्होंने इस दौरान स्नॉर्कलिंग की और एक तरह से वे लक्षद्वीप के टूरिज्म को प्रमोट करते हुए नजर आए। इन तस्वीरों को देखने के बाद लाखों लोगों ने गूगल पर अचानक से लक्षद्वीप को सर्च किया और सोशल मीडिया पर एक चर्चा यह छिड़ी कि अब लोगों को अपनी छुट्टी मालदीव की बजाय लक्षद्वीप में मनानी चाहिए।

### मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू 'इंडिया आउट' के नारे से जीते चुनाव

**मालदीव** और भारत के संबंधों में हालिया महीनों में बदलाव देखने को मिले हैं। खासकर नवंबर 2023 में मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से कड़वाहट बढ़ी है। मुइज्जू के पहले इब्राहिम मोहम्मद सोलिह मालदीव के राष्ट्रपति थे और उनकी सरकार ने 'इंडिया फर्स्ट' की नीति लागू की हुई थी, जबकि मुइज्जू 'इंडिया आउट' का नारा देकर चुनाव जीते थे। जीत हासिल करने के बाद मुइज्जू के फैसलों से दोनों देशों के संबंधों में दूरी दिखने लगी है। मुइज्जू को भारत के मुकाबले चीन का करीबी माना जाता है, उनकी सरकार में मंत्री मरियम शिउना के आपत्तिजनक बयान के बाद दोनों देशों के रिश्तों में आई दूरी के और बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है।

### पीएम मोदी के समर्थन में उतरी हस्तियां



भारत ऐसे सुंदर तटों और द्वीपों से संपन्न है। हमारी अतिथि देवो भवः की विचारधारा के साथ बहुत कुछ देखे जाने की जरूरत है। कितनी सारी यादें खुद के बनने का इंतजार कर रही हैं। -सचिन तेंदुलकर



**मुझे** आश्चर्य है कि ये लोग ऐसा उस देश के साथ कर रहे हैं जो सबसे ज्यादा संख्या में अपने पर्यटकों को वहां भेजता है। -अक्षय कुमार



भारत के कमाल के स्वागत सत्कार की भावना और अतिथि देवो भवः का ख्याल। घूमने के लिए विशाल समुद्री जीवन। लक्षद्वीप जाने लायक जगह है। -जॉन अब्राहम

## प्रदेश में दो सड़क हादसों में चार की मौत, चार जख्मी


अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी/नाहन

**मंडी** और सिरमौर जिले में रविवार सुबह हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मंडी में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर कार अनियंत्रित होकर फोरलेन के निर्माणाधीन पुल के लिए खड़े किए गए सरियों पर जा गिरी।

इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सभी राजस्थान के पर्यटक रविवार सुबह कार (आरजे 14 यूके 1052) से मनाली की तरफ जा रहे थे। मृतकों की पहचान 24 वर्षीय अरिहंत छाजेर पुत्र दिनेश छाजेर निवासी 0122-बी 21 साउथ कॉलोनी नीवारू मार्ग जयपुर, 27 वर्षीय भूपेंद्र चौधरी पुत्र रामू चौधरी निवासी 43 अलकापुरी ए मुरलीपुरा स्कीम जयपुर राजस्थान के रूप में हुई है। जबकि, 23 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र सुखदेव निवासी 67 आदित्य अपार्टमेंट जयपुर राजस्थान घायल हुआ है।

सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सकीनी कपूर ने मामले की पुष्टि की है। वहीं, शिलाई-पंदयाठ सड़क मार्ग पर एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में कार सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई है। यह हादसा शिलाई-जांवला मार्ग पर जांवला के तीखी कैंची पर रविवार सुबह छह बजे हुआ।

### मंडी के पास निर्माणाधीन पुल के सरिये पर और नाहन में खाई में गिरी कार



### 25-25 हजार रुपए की फौरी राहत दी

शिलाई-पंदयाठ सड़क मार्ग पर हुए हादसे में छुम्मा (65) निवासी गांव भटनोल व जग्गो देवी (45) निवासी गांव भटनोल की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि कार चालक कपिल (25) निवासी गांव भटनोल, शांति देवी (25) निवासी घासन, इंद्रा देवी (39) निवासी गांव टिंबी घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायलों तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद हायरसेंटर रेफर किया गया है। एसएचओ शिलाई प्रीतम सिंह ने प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर 25-25 हजार रुपए दिए हैं।

पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाके भीषण शीतलहर की चपेट में

## प्रदेश के पांच शहरों का पारा शून्य से नीचे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों में तापमान शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाके तक भीषण शीतलहर की चपेट में हैं।

मौसम विभाग ने 10 जनवरी को प्रदेश के मैदानी भागों में वर्षा और पहाड़ी इलाकों में बर्फ गिरने की संभावना जताई है। शिमला और पर्यटन नगरी मनाली में सैलानी सीजन की पहली बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रविवार को लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और मंडी के पांच शहरों का न्यूनतम पारा माइनस में दर्ज किया गया।



### सुबह-शाम घना कोहरा

**मैदानी** क्षेत्रों में सुबह शाम छा रहे घने कोहरे से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि प्रदेश में आठ व नौ जनवरी को मौसम शुष्क रहेगा। 10 जनवरी को पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। मैदानी क्षेत्रों में बारिश और मध्यवर्ती व उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं। 11 से 13 जनवरी तक समूचे प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है।

### लाहौल के समदो में -6.2 डिग्री सेल्सियस तापमान

लाहौल-स्पीति जिले का समदो सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -6.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। किन्नौर के कल्पा में -2 डिग्री, कुल्लू के भुंतर में -0.5 डिग्री, मंडी में -0.4 डिग्री और सुंदरनगर में -0.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा रिकांगपिओ में 0.4, नारकंडा में 1.1, ऊना में 1.8, सोलन व सराहन में 2-2 डिग्री, चंबा में 2.5, भरमौर में 2.9, पालमपुर व कुफरी में 3-3 डिग्री, डलहौजी में 5.1, धर्मशाला में 5.2, शिमला में 5.3, जुब्बलहट्टी में 6.2, नाहन में 6.5 और पांवटा साहिब में आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## चैतर वसावा से डरती है भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात दौरे के दौरान जनसभा को संबोधित कर कहा पूरे गुजरात में अगर भाजपा किसी से डरती है, तो वो चैतर वसावा हैं। मैं भाजपा वालों से कहना चाहता हूं कि भाजपा वालों आने वाले समय में चैतर वसावा तुम्हारे लिए काल बनकर निकलेगा, जिस दिन चैतर वसावा बाहर आएगा, भाजपा का सत्यानाश करेगा। केजरीवाल ने कहा कि जेल में चैतर वसावा (विधायक) से मिलने जाएंगे। चैतर वसावा को गिरफ्तार कर लिया, आपके बेटे को गिरफ्तार कर लिया, आदिवासी समाज के नेता को गिरफ्तार कर लिया।



## तकनीकी सम्मेलन में हिस्सा लेने 11 को अमेरिका जाएंगे सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू अमेरिका के लास वेगास में होने जा रहे तकनीकी सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे। सीएम सुक्खू 11 जनवरी को अमेरिका के लिए रवाना होंगे।

प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव अभिषेक जैन पहले ही अमेरिका रवाना हो गए हैं। चार दिवसीय यह सम्मेलन नौ जनवरी से शुरू होगा और 12 जनवरी तक चलेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी सम्मेलन के दौरान दुनिया के कई देश अपनी नवीनतम तकनीकों की जानकारी देंगे। हिमाचल प्रदेश में इन तकनीकों को किस प्रकार से इस्तेमाल किया जा सकता है इसी का लाभ लेने के लिए सीएम सुक्खू खुद अमेरिका जा रहे हैं। सीएम के साथ इनोवेशन एंड आईटी एडवाइजर गोकुल बुटेल, फतेहपुर के विधायक भवानी पठानिया, पीएसओ अभिषेक भी जा जा रहे हैं। इसके अलावा प्रिंसिपल सेक्रेटरी भरत खेड़ा या प्रमोद सक्सेना के भी जाने की चर्चा है। अमेरिका जाने से से पहले सीएम सुक्खू नौ जनवरी को अपने विधानसभा क्षेत्र नादौन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे धनेटा में जनसभा के अलावा करोड़ों रुपए के शिलान्यास और उदघाटन भी करेंगे।

**कामयाबी** इंडियन एयरफोर्स ने पहली बार रात में सुपर हरक्यूलिस विमान की कारगिल में करवाई सफल लैंडिंग

# सरहद पर दुश्मनों की नींद उड़ाएगी वायुसेना

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** सीमाओं की सुरक्षा और आतंकियों का खात्मा करने के लिए अब वायुसेना दिन के अलावा रात में भी अपनी चौकसी बढ़ा रही है। भारतीय वायुसेना को अपनी सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान को शनिवार रात को कारगिल हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) पर उतारने में सफलता मिली है। इस दौरान वायुसेना के गरुड़ कमांडोज को भी सुपर हरक्यूलिस विमान में बिठाकर कारगिल भेजा गया।

यह कमांडोज की ट्रेनिंग का भी हिस्सा था कि कैसे आपात स्थिति में उनकी जल्द से जल्द मोर्चे पर तैनाती की जा सकती है। गरुड़ कमांडो फोर्स, वायुसेना की स्पेशल फोर्स है। वायुसेना ने लैंडिंग का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है।



### ये है खासियत

सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान को उड़ान के लिए कम से कम तीन क्रू मेंबर्स की जरूरत है, जिसमें दो पायलट और एक लोडमास्टर होता है। विमान में 19 टन सामान को लोड कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। यह चार रोल्स-रॉयस एएफ 2100डी3 टर्बोप्रॉप इंजन के जरिए चलता है। विमान एक घंटे में 644 किलोमीटर का सफर तय कर सकता है। यह बिना तैयार रनवे से छोटी उड़ान भरने और लैंडिंग में सक्षम है।

### गरुड़ कमांडो ने टेरेन मास्किंग ट्रेनिंग को दिया अंजाम


सोशल मीडिया हैंडल पर भारतीय वायु सेना ने जानकारी देते हुए कहा कि पहली बार वायुसेना के सी-130जे एयरक्राफ्ट ने कारगिल एयर स्ट्रिप पर रात के समय लैंडिंग की है। इस ट्रेनिंग के दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया। बता दें कि टेरेन मास्किंग एक सैन्य रणनीति है, जिसका इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए पहाड़ों, पहाड़ियों, जंगलों जैसे प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका उद्देश्य दुश्मन से छिपकर अपने मिशन को अंजाम देना होता है।

### कारगिल की एयरस्ट्रिप 8800 फुट ऊंचाई पर

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल में समुद्र तल से 8,800 फीट से अधिक ऊंचाई कारगिल हवाई पट्टी है। यह इलाका ऊंची पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। ऐसे में यहां पर लैंडिंग काफी मुश्किल मानी जाती है। रात के अंधेरे में लैंडिंग करना और भी चुनौतिपूर्ण होता है। विमानों को लैंडिंग के दौरान रात के अंधेरे में न सिर्फ पहाड़ों से बचना होता है, बल्कि लैंडिंग के लिए सिर्फ नेविगेशन का ही सहारा लेना पड़ता है। अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन कंपनी की ओर से बनाया गया सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान एक ट्रांसपोर्ट विमान है, जो वायुसेना की 12वीं फ्लीट का हिस्सा है।

## देश में कोरोना के 756 नए मामले पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में 24 घंटे में कोरोना के 756 नए मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, पांच मरीजों ने दम तोड़ा है। केरल और महाराष्ट्र में दो-दो और जम्मू-कश्मीर में एक मरीज ने दम तोड़ा है। एक्टिव केसों की संख्या 4,049 पहुंच गई है। दुनियाभर में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के कारण संक्रमण के मामले बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, डेढ़ महीने के भीतर ही नया वेरिएंट करीब 41 देशों में फैल चुका है। सिंगापुर-अमेरिका जैसे देशों में संक्रमण की एक और संभावित लहर को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ अलर्ट कर रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, नए वैरिएंट जेएन-1 को हल्के में न लें, यह भविष्य के लिए खतरनाक संकेत दे रहा है।



## दिल्ली में 12 साल की बच्ची से गैंगरेप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में युवकों ने 12 साल की बच्ची से गैंगरेप किया है। पुलिस ने एक महिला, टी-स्टॉल के मालिक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी नाबालिग हैं, जिनकी उम्र 12, 14 और 15 साल है। ये तीनों टी-स्टॉल पर काम करते थे। यह मामला दिल्ली के सदर बाजार इलाके का है। टी-स्टॉल के मालिक ने एक जनवरी को कूड़ा उठाने वाली महिला से न्यू ईयर मनाने के लिए एक लड़की का इंतजाम करने को कहा था। महिला उसकी दुकान पर अकसर चाय पीने आती थी। अगले दिन महिला कचरा उठाने वाली 12 साल की बच्ची से मिली और उसे खुर्शीद मार्केट में एक बिल्डिंग की छत से कचरा इकट्ठा करने के लिए कहा। जब लड़की इलाके में पहुंची, तो वहां चारों आरोपी उसका इंतजार कर रहे थे। आरोपियों ने एक सील बिल्डिंग के अंदर प्लास्टिक से टेंट बना रखा था। वहां लड़की के साथ बारी-बारी से रेप किया। टी-स्टॉल का मालिक छत्तीसगढ़ का रहने वाला है, जबकि उसकी दुकान पर काम करने वाले तीन लड़के उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं।



पुलिस ने महिला समेत पांच लोग किए गिरफ्तार

# मोबाइल फोन चुराकर महिला को धमकाया, दस लाख फिरौती की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के ढली थाने में एक युवती का मोबाइल फोन चुराकर धमकाने और फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने अपने रिश्तेदारों पर मोबाइल फोन चुराकर दस लाख रुपए की फिरौती मांगने का आरोप लगाया है। पंजाब में विवाहित शिमला निवासी युवती ने ढली थाने में शिकायत दर्ज करवाई है और अपने ही रिश्तेदारों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसका फोन चुराकर वीडियो फोटो और कुछ निजी जानकारी निकाल ली और अब उससे दस लाख रुपए की मांग की जा रही है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार ढली दुर्गा मंदिर के समीप मनोरमा भवन में रहने वाली सनम पुत्री किशन ने पुलिस को शिकायत की है। अपनी शिकायत में युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पंजाब में हुई है। पंजाब के लुधियाना में आरोपी रिश्तेदारों ने उसका मोबाइल चुरा लिया। उन्होंने मोबाइल से तस्वीरे, वीडियो और कुछ अन्य व्यक्तिगत जानकारी निकाल ली है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उससे वीडियो, फोटो और अन्य व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करने की एवज में दस लाख रुपए की फिरौती मांग रहे हैं।




### ब्लैकमेलिंग किसने की पुलिस को बताए नाम

**शिकायतकर्ता** द्वारा ब्लैकमेलिंग करने वालों के नाम भी पुलिस को बताए गए हैं। इसमें करीब पांच से छह नाम शामिल हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी आरोपी और शिकायतकर्ता रिश्तेदार हैं। रिश्तेदारों पर ही मोबाइल चुराकर धमकाने और दस लाख रुपए की फिरौती मांगने का आरोप है। ढली थाने में पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। इन आरोपियों से भी जल्द पूछताछ की जाएगी।

## हिमाचल में एक साल में 102 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट स्थापित, सीएम ने की दूध का खरीद मूल्य छह रुपए बढ़ाने की घोषणा

# दुग्ध आधारित अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने में सरकार की पहल

**4064** किसान दुग्ध सहकारी सोसायटियों के माध्यम से जुड़े

**455** स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट हैं कार्यशील

**500** करोड़ रुपए के बजटीय प्रावधान से महत्वाकांक्षी हिम गंगा योजना शुरू

**201** नई दुग्ध सहकारी सोसायटियों का गठन हमीरपुर और कांगड़ा में किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पशुपालन और दुग्ध उत्पादन गतिविधियां प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हैं। प्रदेश में यह रोजगार का साधन और महिला सशक्तिकरण की संभावनाओं वाला क्षेत्र है। डेयरी क्षेत्र को विस्तार प्रदान कर प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर हिमाचल को देश का समृद्ध राज्य बनाने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से दूध का खरीद मूल्य छह रुपए बढ़ाने की घोषणा की है। यह निर्णय दुग्ध उत्पादकों की खुशहाली और समृद्धि की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने और दुग्ध उत्पादन में पारदर्शिता लाने के लिए हिमाचल प्रदेश दुग्ध प्रसंघ ने इस वर्ष राज्य में 102 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट (एएमसीयू) में स्थापित किए हैं। प्रदेश में 455 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट कार्यशील हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत अब तक 106 बल्क मिल्क कूलर लगाए जा चुके हैं। दूध की गुणवत्ता में सुधार के लिए सोसायटी स्तर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत 35 केन मीटर कूलर प्रदान किए गए हैं।

प्रदेश सरकार राज्य में सहकार को बढ़ावा प्रदान कर ग्रामीणों की उन्नति के द्वार खोल रही है। डेयरी क्षेत्र के विकास में सहकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर समितियों को संगठित किया जा रहा है। वर्तमान में इन समितियों की संख्या बढ़कर 1,107 हो गई है।

प्रदेश में श्वेत क्रांति की शुरुआत कर प्रदेश सरकार ने 500 करोड़ रुपए के बजटीय प्रावधान से महत्वाकांक्षी हिम गंगा योजना आरंभ की है। योजना के तहत प्रथम चरण में लोगों को जागरूक करने के लिए समितियां गठित की गई हैं।

जिला हमीरपुर और कांगड़ा में 201 नई दुग्ध सहकारी सोसायटियों का गठन किया गया है। जिला हमीरपुर में 11 महिला सोसायटियां और जिला कांगड़ा में आठ महिला सोसायटियां गठित की गई हैं, जो प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों को इंगित करती हैं। हमीरपुर जिला में चार सोसायटियों को पुनर्गठित किया गया है। इन दुग्ध सहकारी सोसायटियों के माध्यम से 4064 किसानों को जोड़ा गया है। डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है।

### कांगड़ा के ढगवार में बनेगा 250 करोड़ का अत्याधुनिक दूध प्रसंस्करण संयंत्र

**डेयरी** फार्मिंग से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला कांगड़ा के ढगवार में 250 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक पूर्ण रूप से स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के प्रथम चरण में 180 करोड़ रुपए के निवेश से संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। इस संयंत्र के स्थापित होने से दही, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, स्वादिष्ट दूध, खोया और मोजेरेला पनीर सहित विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे।



फाइल फोटो

### नौनिहालों के स्वास्थ्य और खुशहाल भविष्य की रखी नींव

**रोजगार** सृजन का मार्ग प्रशस्त करने के साथ-साथ डेयरी क्षेत्र कुपोषण जैसी समस्याओं के समाधान में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। हिमाचल प्रदेश दुग्ध प्रसंघ ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग के लिए पंजीरी तैयार करने की गतिविधियों में विविधता लाई है। दुग्ध प्रसंघ द्वारा फोर्टीफाइड पंजीरी, फोर्टीफाइड बेकरी बिस्कुट, फोर्टीफाइड गेहूं सेवियां और होल मिल्क पाउडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। सरकार की यह पहल प्रदेश के नौनिहालों के स्वास्थ्य और खुशहाल भविष्य की नींव रख रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में डेयरी क्षेत्र सहकारी मॉडल, पोषण, पशुधन देखभाल, रोजगार, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## 107 स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की कवायद तेज, नेशनल हाई-वे पर बनाए छह ग्रीन कॉरिडोर

# 17 पेट्रोल पंपों पर ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश को ग्रीन राज्य बनाने की दिशा में परिवहन विभाग द्वारा कवायत तेज कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या को बढ़ाने और राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रदेश भर के 107 स्थानों पर ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

प्रदेश में 53 पेट्रोल पंपों पर ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना प्रस्तावित है, जिनमें से अब तक 17 पेट्रोल पंपों पर ई चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित किया गया है। इसके अलावा 54 सरकारी साइटों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने और इन वाहनों को चार्जिंग सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में अलग-अलग नेशनल हाई-वे पर छह ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए हैं।

**53** पेट्रोल पंपों पर ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना प्रस्तावित

**6** ग्रीन कॉरिडोर प्रदेश भर में अलग-अलग नेशनल हाई-वे पर बनाए

### 54 स्थानों पर निर्धारित की साइटें

**सरकार** द्वारा प्रदेश को ग्रीन राज्य बनाने के उद्देश्य से राज्य के अलग-अलग 54 ऐसे स्थानों पर ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जहां पर पर्यटन व्यवसाय को भी बढ़ावा दिया जा सके और साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। सरकार द्वारा कुल्लू जिले में चार, मंडी में पांच, शिमला में आठ, कांगड़ा में चार, सोलन में आठ, ऊना में चार बिलासपुर में पांच हमीरपुर में तीन, चंबा में दो, सिरमौर में छह, लाहौल-स्पीति में चार और किन्नौर में एक वे साइट निर्धारित की गई है, जहां पर ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, ताकि इन सभी स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटकों और अन्य लोगों को ई चार्जिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।



फाइल फोटो

"राज्य में अभी तक 17 पेट्रोल पंपों पर ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं और अन्य पेट्रोल पंपों पर भी ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। सरकारी साइटों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

**नरेश ठाकुर**
**एसटीए परिवहन विभाग।**

### छह कॉरिडोर में स्थापित होंगे ई-चार्जिंग स्टेशन

**पहले** ग्रीन कॉरिडोर में परवाणू, नालागढ़, ऊना, हमीरपुर, देहरा, अंब, मुबारकपुर, संसारपुर और नूरपुर नेशनल हाई-वे को शामिल किया गया है, वहीं दूसरे ग्रीन कोरिडोर में पांवटा, नाहन, सोलन, शिमला शामिल हैं, जहां पर ई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। तीसरा ग्रीन कोरिडोर परवाणू नेशनल हाई-वे से होते हुए सोलन शिमला रामपुर पियो पूह ताबो काजा और लोसर तक बनाया जाएगा। चौथे ग्रीन कोरिडोर में शिमला, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, नूरपुर, बनीखेत और चंबा नेशनल हाई-वे को शामिल किया गया है। पांचवें ग्रीन कोरिडोर में मंडी, जोगिंद्रनगर, पालमपुर, धर्मशाला और कांगड़ा नेशनल हाई-वे को शामिल किया गया है, वहीं छठे ग्रीन कोरिडोर में कांगड़ा, बिलासपुर, मंडी, कुल्लू-मनाली, केलांग और जिंग-जिंग बार नेशनल हाई-वे को शामिल किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क किनारे दुकान लगाने वाले प्रवासी व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ सामान बेचने के लिए लगाई गई प्रदर्शनी से अव्यवस्था उत्पन्न होने पर प्रवासी व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी विजेंद्र सिंह गश्त कर रहे थे कि शालाघाट शिमला मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग-205 के समीप गलोग सड़क पर लुकमान पुत्र गयूर निवासी गांव निरपुरा डाकघर डोगट तहसील बड़ोत जिला बागपत उत्तर प्रदेश द्वारा रजाई, गद्दे व कंबल बेचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग गलोग में सड़क के साथ रखे थे, जिससे आम जनता व यातायात की आवागमन में बाधा उत्पन्न होने के साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई थी। इस पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की प्रशंसा की। डीएसपी अमित शर्मा ने मामला दर्ज करने की पुष्टि की गई है।

### प्रोजेक्ट में काम करने वाले व्यक्ति की टांगों पर चढ़ा टिप्पर; चालक फरार, मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले धोलासिद्ध सिद्ध पन बिजली प्रोजेक्ट में काम करने वाला एक व्यक्ति टिप्पर की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया है। टिप्पर का टायर उसकी दोनों टांगों पर चढ़ गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। टिप्पर चालक मौके से फरार है। जानकारी के अनुसार बिट्टू पुत्र होशियार सिंह गांव डगोट डाकघर आनी, कुल्लू धोलासिद्ध पन बिजली प्रोजेक्ट नादौन में काम करता है। उसने शिकायत की है कि नरोत्तम सिंह, जो धोलासिद्ध प्रोजेक्ट में टिप्पर (एचपी 72सी 4554) चला रहा था। उसने बिट्टू को टक्कर मारी, जिससे उसके दोनों टांगे टायर के नीचे आ गईं। टिप्पर चालक नरोत्तम सिंह मोके से फरार हो गया है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

# यूको बैंक और डाक घर में चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

गत दिनों बस्सी के यूको बैंक तथा डाक घर में मध्य रात्रि को हुई चोरी के संदर्भ में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार थाना कोट पुलिस ने नयना देवी के समीपी गांव कनफारा के दो युवाओं को हिरासत में लिया है, जबकि एक की पुलिस तलाश रही है।

बता दें कि बस्सी के यूको बैंक तथा पोस्ट ऑफिस में चोरों ने सेंध मारी थी। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार जिस दिन घटना हुई थी पुलिस ने उसी दिन एक मोटरसाइकिल बरामद किया था। पुलिस ने उसी आधार पर भाखड़ा मोटरसाइकिल एजेंसी से मोटरसाइकिल का चेसी नंबर तथा नंबर पता किया जो कि (एचपी-91-5715) था, तब पता चला कि मोटरसाइकिल अजय कुमार का था फिर पुलिस ने अजय कुमार को उठा लिया तथा उसे सख्ती से पूछताछ की, तब उसने माना कि बस्सी में उन्होंने तथा उसके दो ओर दोस्तों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दूसरे आरोपी बंटी को भी धर दबोच लिया है, जबकि तीसरे आरोपी लक्की को ढूंढ रही है। बता दें कि नयना देवी के डाक घर में तीन लाख की चोरी तथा भाखड़ा के ओलिंडा के डाक घर में हुई चोरी को भी पुलिस खंगाल रही है।

पुलिस मामले की पूरी तरह से छानबीन कर रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा सोमवार को पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश करेगी। नयना देवी के डीएसपी विक्रांत वोंसरा ने खबर की पुष्टि की है।

# मनाली की निशा ठाकुर बनी शरद सुंदरी-2024

## शिमला की कोहिनूर फर्स्ट और मनाली की भव्या पंडित रही सेकेंड रनरअप, सहज को मिला मिस रैंपवॉक का खिताब

**कमलेश वर्मा, मनाली**




विंटर कार्निवाल में मुख्य आकर्षण रहने वाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता में इस बार मनाली की निशा ठाकुर के सर शरद सुंदरी 2024 का खिताब सजा है। उन्होंने फाइनल राउंड में 15 प्रतिभागियों को हराकर ताज पर कब्जा जमाया।

इसके अलावा शिमला की कोहिनूर प्रथम उपविजेता, जबकि मनाली की भव्या पंडित द्वितीय उपविजेता रही। पहले राउंड में सुंदरियों ने रैंप पर कैटवॉक किया और अपनी प्रतिभा दिखाई। किसी ने डांस कर तो किसी ने कविता पढ़कर टेलेंट का परिचय दिया। अधिकतर सुंदरियों ने पूरे आत्मविश्वास से प्रश्नों के जवाब दिए, जबकि कुछेक सहमी सी नजर आईं। पहले व दूसरे राउंड में सभी 27 प्रतिभागियों को मौका दिया गया।

दूसरे राउंड के लिए 15 सुंदरियों अदिति नेगी, निशा ठाकुर, शीतल, नैंसी ठाकुर, संयोगिता, कंचन राणा, साक्षी ठाकुर, कोनिनूर, आभा, अंकिता, स्नेहा, भव्या, साची, सुमन व शिवांगी का चयन हुआ। (अनंत ज्ञान)




### शिवानी कटोच चुनी मिस सुंदर आंखों वाली

**शिवानी** कटोच को मिस सुंदर आंखों वाली, निशा ठाकुर को मिस ट्रडिशनल, साची को मिस ब्रिलेंट, स्नेहा को मिस फिटनेस, कोहिनूर को मिस टेलेंट, शिवानी को मिस फैशन, रिया को मिस फोटो जैनिक, सहज को मिस रैंपवॉक व संयोगिता को मिस स्किन के खिताब से नवाजा गया।

### शरद सुंदरी को एक लाख का इनाम व ताज

**शरद** सुंदरी को एक लाख रुपए, ट्रॉफी व ताज से सम्मानित किया गया। प्रथम उपविजेता को 50 हजार व द्वितीय उपविजेता को 30 हजार रुपए व ताज से सम्मानित किया। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। शनिवार रात करीब 12 बजे मंच से जैसे ही शरद सुंदरी का ऐलान हुआ, पंडाल तालियों से गूंज उठा। तीन दिन की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार मनाली की निशा के सिर विंटर क्वीन का ताज सजा। कार्निवाल कमेटी ने शरद सुंदरी निशा को एक लाख रुपए व ताज से सम्मानित किया गया। कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष रमण कुमार ने कार्निवाल के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए सभी का आभार जताया। इस अवसर पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**हालात** नारकंडा में पहुंच रहे बहुत कम पर्यटक, हिमपात होने के बाद पर्यटन स्थल में पर्यटन व्यवसाय बढ़ने की उम्मीद

# बर्फबारी न होने से सैलानी और स्कीयर्स निराश


**अनंत ज्ञान, कुमारसैन**

बर्फबारी न होने से पर्यटक स्थल नारकंडा में पर्यटन व्यवसाय ढीला पड़ा है। इन दिनों नारकंडा में केवल गिने चुने पर्यटक ही पहुंच रहे हैं। नारकंडा के होटल व्यवसायी पिछले माह दिसंबर से आस लगाए बैठे हैं, कि कब हिमपात हो और नारकंडा में स्कीइंग की गतिविधियों साथ-साथ पर्यटकों की चहल-पहल भी बढ़े, जिससे नारकंडा में पर्यटन व्यवसाय बढ़ सके।

बर्फबारी न होने से नारकंडा में पर्यटन व्यवसाय ठप पड़ा है। क्रिसमस और न्यू ईयर के समय हालांकि प्रदेश भर में भारी संख्या में पर्यटकों ने बर्फबारी की आस में हिमाचल के विभिन्न स्थानों का रुख किया था, लेकिन बर्फबारी न होने से उन्हें बेरंग ही लौटना पड़ा। नारकंडा जैसे ऊंचे और ठंडे क्षेत्र में बर्फबारी होने से जहां स्कींग गतिविधियां शुरू होती हैं, वहीं पर होलट कारोबारियों सहित स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। गर्मियों के समय में नारकंडा में पड़ोसी राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक नारकंडा का रुख करते हैं, लेकिन हिमपात होने से स्थानीय लोगों सहित कारोबारियों में भी मायूसी छाई है और सभी अब आगामी दिनों में बर्फबारी की आस लगाए बैठे हैं।

### स्कीइंग कोर्स पर असमंजस

**नारकंडा** स्थित ट्रैकिंग और स्कीइंग सेंटर द्वारा 11 जनवरी से धोमड़ी की स्की स्लोप पर स्कीइंग के बेसिक व अन्य कोर्स भी संचालित किए जाते हैं, लेकिन इस बार बर्फबारी न होने के चलते स्कीयर्स भी मायूस हैं। नारकंडा स्थित पर्यटन निगम के होटल द हाटू के प्रभारी सुरेश ने बताया कि नारकंडा में बर्फबारी न होने से इन दिनों होटल में औसतन 20 से प्रति 25 प्रतिशत पर्यटक पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादातर पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली से आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हिमपात होने के बाद नारकंडा में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा।



पर्यटकों के बिना सूना पड़ा पर्यटन स्थल नारकंडा का बाजार।

### विश्व प्रसिद्ध धोमड़ी स्की स्लोप में होती है स्कीइंग गतिविधियां

**नारकंडा** की शांत व हरी-भरी सुंदर वादियों में ठंडक और शांति का सुकून पाने जहां पर्यटक इस सुंदर स्थल का रुख करते हैं, वहीं दूसरी ओर सर्दियों में पर्यटक नारकंडा की विश्व प्रसिद्ध धोमड़ी स्की स्लोप में स्कीइंग का लुत्फ उठाने और बर्फ से ढकी नारकंडा की सुंदर वादियों को निहारने यहां पहुंचते हैं। मैदानी राज्यों के पर्यटकों को नारकंडा का प्राकृतिक सौंदर्य खूब भाता है।

# राजबाग के पास सड़क हादसा, महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पठानकोट से जे एंड के जाते वक्त राजबाग के पास धुंध के चलते उबड़-खाबड़ रास्ते पर बाइक से उछलकर नीचे गिरी महिला के ऊपर पीछे से आए तेजरफ्तार ट्राले का टायर निकलने से मौत हो गई। मृतक स्नेह लता निवासी रामनगर चार मरला क्वाटर की रहने वाली थी।

स्थानीय लोगों ने घटना स्थल पर ट्राला पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने ट्राला कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा शनिवार देर शाम का है। रिश्तेदार शिवांग ने बताया कि उसकी मासी स्नेह लता के मायके जे एंड के के गांव छन्नी में है। मासी स्नेह लता का भाई वृंदावन से आया था। उसकी मौसी स्नेह लता, मौसा विजय कुमार और बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर पठानकोट से जेएंडके के गांव छन्नी जा रहे थे। शनिवार को जे एंड के में गहरी धुंध भी पड़ी थी।

राजबाग के पास सड़क उबड़-खाबड़ होने से बाइक के पीछे बैठी स्नेह लता उछलकर नीचे गिर गई। इस दौरान पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्राले ने लापरवाही के साथ सड़क पर गिरी स्नेह लता के ऊपर से टायर निकाल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्राला कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रविवार को लाश का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### गहरी घाटियों और वन परिवेश में लिपटी पर्वत श्रृंखला से घिरी हुई परम धाम पहाड़ी, स्वामी सत्यानंद ने यहां की थी कठोर तपस्या

# डलहौजी में भगवान का परम धाम, यहां कण-कण में बसते हैं श्रीराम

**एमएम डैनियल/मुकेश कुमार, चंबा/डलहौजी**

भगवान श्रीराम मंदिरों और शिलाओं में नहीं, बल्कि कण-कण में बसते हैं, जिसका उदाहरण चंबा के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल डलहौजी के पवित्र नारवुड कॉटेज परम धाम (सर्वोच्च निवास) श्रीराम शरणम आश्रम में देखने को मिलता है। यहां राम भक्तों को प्राकृतिक सौंदर्य में पक्षियों के चहचहाने में भी श्रीराम ध्वनि सुनने को मिलती है, जो कि वर्तमान समय भी में एक आलौकिक बौद्ध करवाता है।

डलहौजी बकरोटा परमधाम में पहुंचने पर वहां की आबो हवा में ही भगवान श्री राम मौजूद हैं। अगर कोई आश्रम की धरती पर बैठकर ध्यान करता है तो आश्रम में पक्षियों द्वारा भी राम-नाम के जपने की अनुभूति होती है। पवित्र आश्रम आज भी अदृश्य और रहस्यमयी पक्षी की चहचहाहट से गूंजता है, जो राम बोलने जैसा लगता है। आश्रम के भीतर सत्यानंद जी महाराज के चित्र सहित मध्य में भगवान श्रीराम का नाम और चारों ओर स्वस्तिक निशान अंकित है, जो कि भगवान श्रीराम सहित महात्मा के नाम का स्मरण करवाता है।




## वर्णन से परे परम धाम श्रीराम शरणम आश्रम का सौंदर्य

**डलहौजी** की एक बकरोटा नामक पहाड़ी पर स्थित अंग्रेजों द्वारा निर्मित पवित्र नारवुड कॉटेज, जहां स्वामी सत्यानंद जी ने 1925 में सीमांत और मितव्ययी भोजन पर रहते हुए कठोर तपस्या की थी, जो अभी भी विद्यमान है। स्वामीजी और उनके ज्ञानोदय द्वारा पवित्र किया गया यह स्थान भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इसे अब परम धाम (सर्वोच्च निवास) श्रीराम शरणम आश्रम के रूप में जाना जाता है। श्रीराम शरणम आश्रम डलहौजी में समुद्र तल से आठ हजार फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है। यहां पैदल पहाड़ी तक सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है और फिर आश्रम तक लगभग तीन सौ मीटर रैंप और सीढ़ियां चढ़ना या पैदल चलना पड़ता है। परम धाम पहाड़ी सड़क, गहरी घाटियों और वन परिवेश में लिपटी पर्वत श्रृंखला से घिरी हुई है, वहां अलौकिक पवित्रता और शांति है। इसका सौंदर्य वर्णन से परे है।

## स्वामी जी को यहीं मिला था श्रीराम महामंत्र



**सत्यानंद महाराज** एक आत्मत्यागी और ईश्वर-प्राप्त संत थे। वर्ष 1925 में, लंबी और कठिन प्रार्थनाओं के बाद, स्वामी जी महाराज को परम धाम, डलहौजी में सबसे उज्ज्वल और गूंजते हुए रूप में पवित्र नाम राम के रूप में ईश्वर की प्राप्ति का आशीर्वाद मिला। ऐतिहासिक पहाड़ी पर स्वामी जी सात जुलाई, 1925 को व्यास पूर्णिमा के दिन आध्यात्मिक चरम पर पहुंचे थे। यहीं पर स्वामी जी को पुनः श्रीराम का महामंत्र प्राप्त हुआ। यहीं पर दिव्य दृष्टि और आवाज ने आदेश दिया राम भज, राम भज (राम गाओ, राम दोहराओ)। यहीं पर अधिष्ठान की प्रतिकृति की कल्पना स्वामी जी ने की थी।

## पर्यटकों की पहली पसंद परम धाम श्रीराम शरणम आश्रम

**सत्यानंद** जी महाराज के अनुयायियों एवं साधकों ने इस इमारत को राम आश्रम परमधाम डलहौजी का नाम दे दिया। यहां हिमाचल सहित पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के इलावा भारत के कई राज्यों से रामशरण से जुड़े अनुयायी एवं साधक पहुंच भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं। डलहौजी घूमने आने वाले पर्यटकों की पहली प्राथमिकता रहती है कि वह डलहौजी में आकर परमधाम जरूर जाएं।



# विपक्ष को कोसने के बजाय विकास पर ध्यान दे सरकार

### नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार बने अब एक साल से भी ज्यादा का समय हो गया है। इसलिए सरकार को विपक्ष को कोसने के बजाय प्रदेश के विकास पर फोकस करना चाहिए। अब सरकार को विपक्ष की कमियां नहीं, बल्कि अपनी उपलब्धियां बतानी चाहिएं। सरकार अपनी नाकामी का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ने के बजाय अपने नेताओं द्वारा किए गए चुनावी वादों के भाषणों को को फिर से सुने तथा घोषणापत्र को फिर से पढ़े और उन्हें पूरा करे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने व्यवस्था का मजाक बना रखा है। व्यवस्था परिवर्तन में आज ऐसे स्थिति है कि 'धरना दो और वेतन लो'। क्या इसी तरह की व्यवस्था परिवर्तन की बात शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी। प्रदेश में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। महंगाई बढ़ाने से लेकर पूर्व सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं को छीनने के अलावा और कोई भी काम इस सरकार द्वारा नहीं किया गया है। आज भी यही क्रम जारी है। कभी बिजली बोर्ड तो कभी परिवहन निगम के कर्मचारी अपने वेतन की मांग के लिए सड़कों पर उतरते हैं तो कभी धरना देने की धमकी देते हैं।

प्रदेश को इस तरह का व्यवस्था परिवर्तन नहीं चाहिए, जो काम के बदले वेतन भी नहीं दे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का एक और नजारा वर्तमान कांग्रेस सरकार में देखने को मिल रहा है। मंत्रियों के पद खाली रखकर सीपीएस की नियुक्तियां की गई हैं। एक साल तक आपसी रार में सरकार निर्धारित संख्या में मंत्री तक नहीं बना पाई। अब जब एक साल बाद मंत्री बना दिया तो उन्हें पोर्टफोलियो नहीं दे पा रही है।

# रोहड़ू के गवास में शांत महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री सुक्खू

### 36 साल बाद हो रहा आयोजन, सात देवता और 13 खूंद हुए शामिल



रोहड़ू के गवास में शांत महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रविवार को जिला शिमला के रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के गवास में 36 वर्षों के बाद आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय शांत महायज्ञ में शामिल हुए और देवता गुडारू जी महाराज के मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख और समृद्धि की कामना की।

रोहड़ू पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 36 वर्षों बाद यह महायज्ञ धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। क्षेत्रवासियों को महायज्ञ की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों की देव संस्कृति में गहरी आस्था है, लिहाजा हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है। यह महायज्ञ हिमाचल प्रदेश की प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी निवासियों की देवी-देवताओं में गहरी आस्था तथा सभी को अपनी पुरातन संस्कृति पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने युवा पीढ़ी से इस प्राचीन संस्कृति को सहेज कर रखने की अपील की। शांत महायज्ञ में क्षेत्र के हजारों लोग पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। साथ ही रोहड़ू और जुब्बल क्षेत्र के सात देवता और 13 खूंद शामिल हो रहे हैं।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस को लेकर प्रदेश सरकार को घेरने की तैयारी

### स्थानीय संगठन व राजनीतिक दल बना रहे रणनीति, शांता कुमार और मनकोटिया ने भरी हामी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कहते हैं प्रदेश की सत्ता का रास्ता कांगड़ा से होकर गुजरता है, तो वहीं सीयू के मामले में कांगड़ा में आंदोलन की कहानी अर्से से गढ़ी जा रही है। खास बात यह है कि यह लड़ाई सिर्फ राजनीतिक न होकर धर्मशाला के हितों के पैरोकारों तथा सरकार के बीच लड़ी जा रही है।

सीयू के धर्मशाला परिसर के फंड के मामले प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार घिरती नजर आ रही है। हाल ही में तपोवन में संपन्न विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विपक्षी पार्टी भाजपा इस मुद्दे को प्रभावशाली ढंग से नहीं उठा पाई, जिसकी संभावना थी। वहीं, अब बीजेपी की यंग ब्रिगेड एबीवीपी के प्रदर्शन की चेतावनी को लेकर भाजपा भी इस मुद्दे पर मुखर हो सकती है। स्थानीय समाजसेवी अतुल भारद्वाज की अपील के बाद अब स्थानीय समाजसेवी संगठन भी इस मुद्दे पर प्रदेश सरकार के रवैये के खिलाफ बड़े आंदोलन की हामी भर चुके हैं, तो वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के दिग्गज चेहरे शांता कुमार तथा बगावती तेवरों के परिचायक शाहपुर के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री विजय सिंह मनकोटिया भी इस मामले में धर्मशाला के पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं। एक ओर जहां इस साल लोकसभा चुनावों को लेकर दोनों पार्टियों मुद्दों और आश्वासनों को आधार बनाकर एक-दूसरे को घेरने की जुगत भिड़ा रही हैं। ऐसे में केंद्रीय विश्विद्यालय के जदरांगल में बनने वाले कैंपस को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से 30 करोड़ रुपए का फंड जमा न करवाए जाने से इस कैंपस का निर्माण शुरू नहीं हो सका है।





इससे न सिर्फ विपक्षी भाजपा, बल्कि स्थानीय लोगों में भी रोष तथा नाराजगी है। ऐसे में यह मुद्दा कांगड़ा ही नहीं, बल्कि प्रदेश भर में प्रदेश सरकार को लोकसभा चुनावों की बेला में घेरने का एक बड़ा विषय होगा, जिससे बचना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी।

## चर्चाओं का दौर

**चर्चे** तो यह भी हैं कि जिस तरह यह मामला अब राजनीतिक न रहकर धर्मशाला क्षेत्र का होकर रह गया है, तो वहीं अंदरखाते कांग्रेस तथा भाजपा के ही दो दिग्गजों की क्षेत्रवाद की नीति के चलते धर्मशाला में सीयू कैंपस बनने पर खतारा मंडरा रहा है। हालांकि जिस प्रकार अब धर्मशाला में एबीवीपी तथा स्थानीय संगठनों को मिल रहे सहयोग के दायरे में बढ़ोत्री हो राही है, उससे साफ है कि यह मुद्दा लोकसभा चुनावों में किसी के लिए तुरूप का पत्ता तो किसी के लिए गले की फांस बन सकता है।

## स्थानीय विधायक का मिल सकता है साथ

**इस** पूरे मामले में कांग्रेस के मौजूदा विधायक तथा पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा का साथ भी स्थानीय संगठनों को मिल सकता है। स्थानीय मुद्दा तथा हित होने के कारण सुधीर शर्मा का धर्मशाला में कैंपस निर्माण की पैरवी करना यूं भी जरूरी होगा। दूसरी ओर समाजसेवी संगठन क्षेत्र के विधायक तथा पूर्व विधायकों से क्षेत्र के हित में एकत्र होने की अपील कर चुके हैं तथा उनकी नब्ज भी टटोल रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो सीयू कैंपस के मामले पर कांगड़ा की जमीन से नए आंदोलन की संभावना से मुकरा नहीं जा सकता।



(अनंत ज्ञान)

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से कार्यकर्ताओं में नया जोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, तो वह राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं।

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता चेतन बरागटा और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अपने दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनावों के बारे में भी टिप्स दिए और कार्यकर्ता भी अभी से लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा और भाजपा मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में भी अब लोकसभा चुनाव को लेकर जगह-जगह पर बैठक की जा रही है। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी अब कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी के साथ मुलाकात कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी कार्यकर्ताओं से अब प्रदेश की चारों सीटों पर बहुमत की बात कही है। दोनों भाजपा नेताओं का कहना है कि आपदा के समय भी केंद्र सरकार ने प्रदेश की आर्थिक रूप से खुलकर मदद की और लगातार प्रदेश के विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार की ओर से धनराशि भेजी जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सुनी लोगों की समस्याएं



हमीरपुर। धर्मपुर विधानसभा प्रवास के दौरान सर्वप्रथम अनुराग ठाकुर ने बरोटी के लुंगाणी सेक्टर स्थित आईपीएच रेस्ट हाउस में सेक्टर प्रभारियों संग बैठक की। इसके पश्चात उन्होंने गेरयोह सेक्टर के तिहरा स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सेक्टर प्रभारियों की बैठक ली। प्रवास के दौरान जगह-जगह पर लोगों ने अनुराग ठाकुर का स्वागत किया। इसके साथ ही अनुराग ठाकुर ने जगह-जगह क्षेत्रवासियों से मिलकर जन समस्याओं को भी सुना

# आशा राम को हिमाचल प्रदेश नगर निगम कर्मचारी महासंघ की कमान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

नगर निगम कर्मचारी महासंघ पालमपुर की बैठक अध्यक्ष अर्चित ठाकुर अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के पांच नगर निगमों के विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक का आयोजन लंबे समय से महासंघ के चुनाव न होने तथा कर्मचारियों के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना था। बैठक में सर्वप्रथम समस्त सदस्यों ने आशा राम अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ नगर निगम शिमला को हिमाचल प्रदेश नगर निगम कर्मचारी महासंघ का अध्यक्ष चुना व अर्चित ठाकुर को नगर निगम पालमपुर को महसंघ का महासचिव चुना गया। इसके अतिरिक्त समस्त सदस्यों ने मदन ठाकुर नगर निगम मंडी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमर सिंह नगर निगम धर्मशाला को उपाध्यक्ष, उमेश शर्मा नगर निगम सोलन को सह-सचिव, अजय सुपेहिया नगर निगम पालमपुर व हरीश कुमार नगर निगम मंडी को सलाहकार, राजेश

### पालमपुर में नगर निगम कर्मचारी महासंघ की बैठक का आयोजन

नगर निगम सोलन को मीडिया प्रभारी, चमन चौहान नगर निगम शिमला को प्रेस सचिव, मिलाप चंद चौधरी नगर निगम पालमपुर को संगठन सचिव, प्रेम लाल शर्मा नगर निगम शिमला को कोषाध्यक्ष, सुदिश नगर निगम सोलन को सह-कोषाध्यक्ष व हीरा नंद नगर निगम शिमला को कानूनी सलाहकार के रूप में चुना गया। बैठक में प्रदेश नगर परिषद / नगर पंचायत महासंघ के अध्यक्ष शमदन लाल चंदेल व कार्यकारिणी द्वारा बैठक में भाग लिया तथा मदन लाल चंदेल को उनकी कार्यकारिणी द्वारा हिमाचल प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के साथ हिमाचल प्रदेश सरकार स्थानीय निकायों की समस्याओं/ मांगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत किया गया।

# मंडी यूनिवर्सिटी में पर्यावरण और सतत विकास विषय पर होगी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस



ईएसडीए के सदस्यों के साथ एसपीयू के प्रो. वीसी अनुपमा सिंह। इस दौरान कांफ्रेंस के आयोजन की चर्चा की गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रोफेसर अनुपमा सिंह, प्रो. वीसी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने रविवार को बताया कि 21 व 22 अप्रैल, 2024 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में पर्यावरण और विकास विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। रविवार को इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट एसोसिएशन की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल डॉक्टर संजीत, डीन स्कूल का सोशल साइंसेज की अध्यक्षता में प्रोफेसर अनुपमा सिंह से मिला, जिसमें एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट एसोसिएशन दिल्ली के सदस्य भी शामिल थे।

ईएसडीए देश भर में पर्यावरण और विकास के विषय को लेकर विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है, जिसमें नमामि गंगे भी शामिल है। इस संस्था में देश भर के 2000 उच्च शिक्षाविद् काम कर रहे हैं। प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने बताया कि अप्रैल में आयोजित की जाने वाली इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की पर्यावरण और सामाजिक विकास संघ के साथ मिलकर किया जाएगा।

**सियासत** | सही का समर्थन और गलत का विरोध करते हैं पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर, बेबाकी से अपनी बात रखने में हैं माहिर

# टीम सुक्खू में नॉट आउट सियासी पारी खेल रहे विक्रमादित्य

**अरविंद शर्मा, शिमला**

टीम सुक्खू यानी सुक्खू सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह नॉट आउट सियासी पारी खेल रहे हैं। हालांकि पिता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह से राजनीति विरासत में मिली है, लेकिन कम उम्र में ही विधानसभा में पहली पारी से ही बेबाकी से अपनी बात रखने में वह माहिर हैं। इसके लिए अगर विधायक को पार्टी लाइन छोड़कर व्यक्तिगत राय भी जाहिर करनी पड़े तो संकोच नहीं करते। ये वे चार बातें हैं, जो इस तरह इशारा करती हैं।

वर्ष 2017 के चुनाव में जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे विक्रमादित्य सिंह सबसे युवा विधायक थे। उन्होंने चुनाव में कभी सीएम के बेहद करीबी रहे प्रमोद शर्मा को हराया था। 2022 के चुनाव में उन्होंने भाजपा के रवि मेहता को पराजित किया। विक्रमादित्य कहते हैं, जनता उन्हें बेटे की तरह प्यार देती है। इस प्यार और स्नेह के बदले वह विकास में कमी नहीं रखेंगे। वह पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के पुत्र हैं। उनकी मां प्रतिभा सिंह मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। वर्ष 2021 में अपने पिता की मृत्यु के बाद विक्रमादित्य सिंह को रामपुर के पदम पैलेस में एक निजी समारोह में बुशहर की तत्कालीन रियासत के राजा का ताज पहनाया गया। इस वक्त विक्रमादित्य सिंह टीम सुक्खू में सबसे युवा कैबिनेट मिनिस्टर हैं। (अनंत ज्ञान)



## बुशहर रियासत से निकल कर सियासत तक



**विक्रमादित्य** सिंह का जन्म 17 अक्तूबर, 1989 को शिमला जिले में बुशहर रियासत के शाही राजपूत परिवार में हुआ था। वह स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह, हिमाचल प्रदेश के छह बार पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह के पुत्र हैं। विक्रमादित्य पूर्व न्यायाधीश अभिलाषा कुमारी के भाई हैं। विक्रमादित्य सिंह ने अपनी स्कूली शिक्षा बिशप कॉटन स्कूल, शिमला से की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक और स्नातकोत्तर किया। विक्रमादित्य ने हंसराज कॉलेज (डीयू) से इतिहास में स्नातक बीए और सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली से इतिहास में स्नातकोत्तर डिग्री एमए (ऑनर्स) की पढ़ाई की।

## विक्रमादित्य सिंह का राजनीतिक सफर

**विक्रमादित्य** की सक्रिय राज्य राजनीतिक यात्रा 2013 में शुरू हुई और वह हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी से जुड़े। उन्हें वर्ष 2013 से वर्ष 2017 तक हिमाचल प्रदेश राज्य युवा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। सबसे पहले उन्होंने 2017 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए विधानसभा सदस्य के रूप में शिमला ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की और फिर 2022 में। जनवरी, 2023 को वह सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार में हिमाचल प्रदेश के पीडब्ल्यूडी, युवा सेवा और खेल मंत्री बने।

# इंजन घर वार्ड में एसपीएम मैदान की सुविधा के लिए करना होगा इंतजार

## इंडोर स्टेडियम का निर्माण था प्रस्तावित, अब ओपन खेल मैदान, अप्रैल तक तैयार होने की उम्मीद

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला के इंजन घर वार्ड में खेल प्रेमियों और स्थानीय जनता को अभी एसपीएम खेल के मैदान की सुविधा के लिए इंतजार करना पड़ेगा। जहां इस खेल मैदान का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए पहले जनवरी माह का दावा किया गया था, वहीं अब इस खेल मैदान को और अधिक बढ़ाया जाएगा, ऐसे में इसके निर्माण कार्य में भी समय लगेगा।

इस खेल मैदान के लिए शिमला शहरी विधायक ने 50 लाख की राशि दी है, ताकि इस खेल मैदान को समय से तैयार किया जा सके। इंजन घर वार्ड में करीब तीन साल पहले इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। यह स्टेडियम सात करोड़ की लागत से बन रहा था। इसे स्मार्ट सिटी के तहत बनाया जा रहा था, लेकिन इसका कार्य बीच में ही रुक गया और पूरा नहीं हो पाया। इसके बाद वार्ड के नए पार्षद ने इसे नए सिरे से बनाने की योजना बनाई। अब यहां इंडोर स्टेडियम के बजाए ओपन खेल मैदान बनाया जा रहा है। इसके निर्माण कार्य में एक करोड़ 70 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अब शहरी विधायक ने भी इस मैदान के लिए 50 लाख दे दिए है।



इंजन घर।

इस खेल मैदान में खिलाड़ियों को व लोगों की सुविधा के लिए बहुत ख्याल रखा जा रहा है। मैदान के साथ-साथ सीढ़ियों का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां दो शौचालयों का निर्माण भी करवाया जा रहा है।

इसके साथ-साथ एक स्पोर्ट्स का कमरा बनाया जाएगा, जिसमें खिलाड़ी अपना सामान रख सकेंगे, जबकि एक और कमरा बनाया जाएगा जिसमें चौकीदार के रहने की व्यवस्था होगी। इसके बिलकुल साथ ही वर्षाशालिका बनाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### खेल मैदान की चारों ओर से होगी फैंसिंग

एसपीएम खेल मैदान को चारों तरफ से बंद किया जाएगा और इसके चारों तरफ फैंसिंग की जाएगी। वहीं, इसके साथ में बुजुर्गों के लिए एक पार्क का निर्माण भी करवाया जाएगा। पार्क के बन जाने से बुजुर्ग, युवा बच्चे यहां आकर शांति से बैठ सकेंगे। बुजुर्ग सुबह और शाम के समय इस पार्क में टहलने के लिए आ सकेंगे। इस खेल मैदान के बन जाने से युवाओं को काफी फायदा मिलेगा। यहां खिलाड़ियों को सभी तरह की सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। यहां कोई भी खिलाड़ी आकर अपना मनपसंद खेल को खेल सकेगा।

### आपदा के चलते निर्माण कार्य में हुआ विलंब

एसपीएम खेल मैदान का निर्माण कार्य अक्तूबर माह तक खत्म हो जाना था, लेकिन आपदा के कारण यह कार्य पूरा नहीं हो पाया। आपदा के बाद नगर निगम ने फिर से इस मैदान में निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। नगर निगम का दावा है कि इस मैदान को तैयार होने में अभी भी दो माह का समय और लगना है।

> इंजन घर वार्ड में एसपीएम खेल मैदान का निर्माण तेजी के साथ करवाया जा रहा है। यह स्मार्ट सीटी के तहत बनाया जा रहा है। इसमें एक करोड़ 70 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस ग्राउंड को और बढ़ाया जाना है, जिसके लिए विधायक ने 50 लाख की धन राशि दी है। इसमें खिलाड़ियों को कई तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। यह मैदान अप्रैल में बनकर तैयार हो जाएगा।
>
> **-अंकुश वर्मा, पार्षद इंजन घर वार्ड।**

### खेल प्रेमी युवा निखार सकेंगे अपनी प्रतिभा

खेल मैदान न होने के कारण बच्चों को सड़कों व गलियों में ही खेलना पड़ता है। यहां ज्यादातर मैदान निजी स्कूलों के पास ही हैं। बच्चों को खेलने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है। वहीं, इंदिरा गांधी खेल परिसर में बच्चों और युवाओं के लिए इंडोर गेम्स की सुविधा तो है, लेकिन सबके लिए नहीं है। अकसर सरकार युवाओं को नशे से बचने के लिए खेलों को बढ़ावा देने का दावा करती है, लेकिन शहर के अंदर एक भी ऐसा मैदान नहीं है, जहां युवा बिना किसी रोक-टोक और पैसा दिए अपनी प्रतिभा निखार सकें।

# चॉकलेट रेल प्रतियोगित अंडर-14 में शर्वी ने झटका पहला स्थान



आइस स्केटिंग रिंक मैदान में चॉकलेट रेल प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के लक्कड़ बाजार में स्थित ओपन आइस स्केटिंग रिंक मैदान में रविवार को चॉकलेट रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चॉकलेट रेस प्रतियोगिता में लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों को शामिल किया गया। इस चॉकलेट रेस में विजेता स्केटर्स को चॉकलेट दी गई। ओपन आइस स्केटिंग रिंक में हर रविवार को बच्चों के लिए विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। स्केटर्स के अंदर नया जोश, आत्मविश्वास और उनके प्रोत्साहन के लिए इन प्रतियोगिताओं को करवाया जाता है। आइस स्केटिंग रिंक की चॉकलेट रेस अडंर-14 में शर्वी ने प्रथम, विदुषी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### कार्निवाल में होंगे कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं

राजधानी शिमला में हर साल जनवरी माह में आइस स्केटिंग के सेशन के साथ विंटर कार्निवाल भी होता है। इसमें कई तरह की प्रतियोगिताएं व अन्य कार्यक्रम होते हैं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता सहित कई खेल का आयोजन होना है।

> आइस स्केटिंग रिंक में रविवार को बच्चों के लिए चॉकलेट रेस का आयोजन किया गया। यदि मौसम साफ रहता है, तो जल्द ही यहां पर कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा।
>
> **पंकज प्रभाकर, स्केटिंग रिंक प्रशिक्षक व कोषाध्यक्ष**

# नगर निगम शिमला में ड्रोन के जरिए वार्डों की मैपिंग शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में ड्रोन के माध्यम से जमीन और भवनों की मैपिंग शुरू हो गई है। ड्रोन से अब जनता की निजी जमीन से लेकर हर भवन की पहचान के लिए अब यूनिक आईडी बनाई जाएगी।

निगम की ओर से तकनीकी रूप से इस कार्य को जहां अमलीजामा पहनाया जा रहा है, वहीं इससे शिमला नगर निगम को शहर में निगम की संपत्ति का डाटा और वर्तमान स्थिति की भी पूरी जानकारी उपलब्ध होगी। निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि ड्रोन के जरिए शहर में प्रॉपर्टीज का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे निगम की प्रॉपर्टीज के वर्तमान स्वरूप का डाटा उपलब्ध होगा। प्रॉपर्टीज को आने वाले समय में बेहतर रख-रखाव और इनकम का जरिया बनाया जा सकेगा। शहर में सभी वार्डों में संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे न सिर्फ यहां बने भवन बल्कि सार्वजनिक रास्ते और सड़कों का भी रिकॉर्ड प्राप्त होगा, जिसके आधार पर भविष्य में विकास योजनाओं का खाका तैयार किया सकता है।

### कृष्णा नगर से शुरू की गई ड्रोन मैपिंग

महापौर सरेंद्र चौहान ने बताया कि ड्रोन मैपिंग की शुरुआत निगम शिमला के कृष्णा नगर वार्ड से की गई है और मैपिंग प्रक्रिया पूरा होने पर रिकॉर्ड के आधार पर प्रत्येक संपत्ति की यूनिक आईडी भी बनाई जाएगी। भविष्य में जमीन और राजस्व से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारियां डिजिटाईड होंगी, जिससे न केवल सरकार और प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि इससे लोगों के समय की भी बचत होगी और उन्हें पर्याप्त तरीके से सभी प्रकार की जानकारियां उपलब्ध होंगी।

# नई शिक्षा नीति में हो बदलाव

## परिवर्तित पाठ्यक्रम के लिए अच्छी तरह से परिभाषित रोडमैप और योजना की कमी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि देश में नई शिक्षा नीति को लागू किया गया है। हिमाचल प्रदेश में भी इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षकों का दृष्टिकोण जानना जरूरी इसलिए है क्योंकि शिक्षक ही शिक्षा-नीति को धरातल पर उतारने का काम करेंगे। ऐसे में कोई भी शिक्षा नीति पूरी तरह से तभी सफल होगी, जब उसे देश का शिक्षक आत्मसात करने को तैयार होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भारत में शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन लाने का प्रयास है, लेकिन इसके कामयाबी के लिए कुछ चुनौतियां भी हैं। एक मुख्य समस्या है कि यह परिवर्तित पाठ्यक्रम के लिए अच्छी तरह से परिभाषित रोडमैप और योजना की कमी है। बिना प्रशिक्षण और ढांचे के नई ढांचे में तेजी से बदलाव शिक्षा की गुणवत्ता को कम कर सकता है। सरकार को पर्याप्त संसाधनों के साथ पाठ्यक्रम सुधारों को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा निति को संसद में व आम जन में बिना चर्चा के लागू करना एक बड़ी गलती है।

### प्राइवेट स्कूल की स्थापना को मिलेगा प्रोत्साहन



डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति प्राइवेट स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहित करती है, जो लाभ के लिए छात्रों को पढ़ाते हैं। प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाओं का प्रचार बढ़ते शुल्कों और खर्चों के कारण कई छात्रों के लिए शिक्षा काफी कठिन हो जाती है। शिक्षा को समवर्ती सूची में रखा गया है, विशेषकर स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिए जाते हैं। राज य सरकार ही पाठ्यक्रम तय करती है। स्कूलों में शिक्षकों के चयन और भर्ती के मापदंड, वेतन निर्धारण आदि का कार्य भी राज्य सरकार करती है। अभी हाल ही में आरटीई के प्रावधानों के मुताबिक शिक्षकों के चयन और भर्ती के मापदंडों में सारे देश में एकरूपता लाने की कोशिश की गई है।

# संजौली में गोलगप्पे नहीं देने पर दुकानदार की पिटाई की

**शिमला।** संजौली बाजार में कुछ शरारती तत्वों की ओर से गोलगप्पे नहीं देने पर दुकानदार की पिटाई करने का मामला सामने आया है। ढली पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार उत्तरप्रदेश की तहसील हाथरंस जंक्शन गांव-डाकघर मोह के रहने वाले अनिल ने पुलिस को शिकायत दी है कि वह शिमला के संजौली बाजार में अपनी दुकान चलाता है। शनिवार देर रात करीब सवा 10 बजे वह अपने भतीजे के साथ दुकान पर था।

इस दौरान तीन व्यक्ति उनकी दुकान पर आए और वह तीनों शराब और नशीली दवाओं के नशे में थे। इस दौरान उन्होंने गोलगप्पे बनाने के लिए कहा, जब अनिल ने कहा कि इस समय गोलगप्पे नहीं मिलेंगे। इस पर तीनों भड़क गए और अनिल कुमार और उसके भतीजे की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने उसे धमकियां भी दी। शिकायतकर्ता अनिल की शिकायत पर पुलिस ने ढली थाने के तहत मामला दर्ज कर दिया है। इस मामले में अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मनरेगा में 375 दिहाड़ी को लेकर होगा प्रदर्शन



शिमला में हुई सीटू की बैठक में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि एक फरवरी का प्रदर्शन मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों को रद्द करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने, स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को लागू करने, शहरी क्षेत्रों में विस्तार के साथ मनरेगा में 375 रुपए दिहाड़ी सहित कई अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। आज शिमला में हुई सीटू की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

केंद्र सरकार की नवउदारवादी व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी-रोटी का संकट बढ़ रहा है। न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए प्रति माह और सभी श्रमिकों को पेंशन सुनिश्चित करने का प्रावधान सरकार की ओर से किया जाना चाहिए।

# निगम वार्ड सभा में तैयार होगी बीपीएल कार्ड धारकों की सूची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

निगम इसी महीने से बीपीएल धारकों की सूची तैयार करने वाला है। ग्रामसभा में बीपीएल धारकों की सूची तैयार की जाती है, अब उसी तरह से वार्डसभा में भी बीपीएल धारकों की सूची तैयार की जाएगी। निगम साल में एक बार यह सूची तैयार करेगा।

गरीबी रेखा से नीचे वाले लोग इसका लाभ उठा पाएंगे और कई लोग जो गरीबी रेखा को पार कर चुके हैं, उनका नाम इस सूची से बाहर कर दिया जाएगा। इस सूची से निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों और निगम दोनों को लाभ होगा। निगम शिमला में परिवार रजिस्टर की व्यवस्था नहीं है।

यह सुविधा न होने के कारण निगम को निगम के प्रत्येक वार्ड में जाकर सर्वे करना होगा। इससे कोई भी फर्जी व्यक्ति फर्जी बीपीएल कार्ड नहीं बना सकता है। जल्द यह सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध करवा दी जाएगी।

### निर्धारित मूल्यों के अनुसार राशन होता है उपलब्ध

गरीब तबके के बीपीएल कार्ड धारक को सरकार की ओर से बहुत सी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। कम आय वाले जिन लोगों के पास बीपीएल राशन कार्ड होता है, उन्हें सरकार की ओर से कम दामों में निर्धारित मूल्यों के अनुसार ही राशन उपलब्ध होता है, जिससे उन्हें अपने जीवन-यापन में आसानी होती है और वह अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करने में सक्षम होते हैं। खाद्य दुकानों की अपेक्षा सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकानों पर अन्य बहुत सी वस्तुएं कम दामों में प्राप्त होती हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए बीपीएल कार्ड धारक आवेदन कर सकते हैं। आवास निर्माण एवं सुधार के लिए भी वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा बिजली कनेक्शन एवं सब्सिडी के लिए भी पात्र हो सकते हैं।

> अब नगर निगम वार्ड सभा में भी बीपीएल धारकों की सूची तैयार करेगा और जितने भी पुराने बीपीएल धारक जो गरीबी रेखा से ऊपर हैं, उनके नाम काट दिए जाएंगे। शहर में दोबारा धारकों की सूची तैयार की जाएगी, जो लोग गरीबी रेखा से नीचे होंगे, उनके नाम बीपीएल धारकों की सूची में लिखे जाएंगे।
>
> **भुवन शर्मा, संयुक्त आयुक्त नगर निगम शिमला।**

# महिला मंडल मोहन में शौचालय निर्माण को दिए एक लाख रुपए



उज्ज्वल सेन मेहता जार पंचायत के मोहन, डरोग गांव का दौरा करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुमारसैन**

जिला परिषद सदस्य कुमारसैन उज्ज्वल सेन मेहता ने रविवार को जार पंचायत के मोहन, डरोग और घड़ेवती गांव का दौरा किया।

यहां पहुंचने पर गांव वीडियो ने उज्ज्वल सेन मेहता का भव्य गत किया। इस दौरान उज्ज्वल सेन मेहता ने जिला परिषद निधी से महिला मंडल मोहन में शौचालय निर्माण को एक लाख, जबकि महिला मंडल डरोग को शौचालय निर्माण के लिए 60 हजार अतिरिक्त धनराशि व युवक मंडल घड़ेवती के भवन निर्माण के लिए अतिरिक्त डेढ़ लाख रुपए और महिला मंडल घड़ेवती में शौचालय निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की बात कही। इस दौरान जिप सदस्य उज्ज्वल सेन मेहता के साथ पंचायत जार के उपप्रधान नवीन मेहता व व्यापार मंडल कुमारसैन के उपप्रधान अभिनव गुप्ता व कई स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# भाभर का साग स्वास्थ्य के लिए रामबाण

## योंथल के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्दियों में भाभर का साग बड़े शौक के साथ खाया जाता है

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

क्योंथल के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर सर्दियों के दिनों में बिच्छू बूटी अर्थात् भाभर का साग बड़े शौक के साथ खाया जाता है। सर्दियों में भाभर के साग खाने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे किसी बिमारी लगने का भय नहीं रहता है।

बिच्छू बूटी का साग बहुत ही स्वादिष्ट होने के साथ साथ इसकी ताहसीर गर्म होती है, जिससे शरीर में ठंड का प्रकोप कम होता है। बता दें कि बिच्छू बूटी के साग पहाड़ी व्यंजनों में से एक है और इसके साग का जाइका और स्वाद अनूठा होता है। बिच्छू बूटी को जहां ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों को डराने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, वहीं पर भाभर में विटामिन सी और खनिज तत्व प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं। सबसे अहम बात यह है कि बिच्छू बूटी को उगाया नहीं जाता, बल्कि स्वतः ही यह बूटी खेत खलिहान और बंजर भूमि पर उगी होती है। ज्योतिषविदों का मानना है शनि की दशा में बिच्छू बूटी की जड़ को विशेष मुहूर्त में पहनने से शनि का प्रकोप कम हो जाता है और व्यक्ति को नीलम इत्यादि को पहनने की आवश्यकता नहीं होती है।



साग बनाने के लिए बिच्छू बूटी तोड़ती ग्रामीण महिला।

पीरन गांव के वरिष्ठ नागरिक दया राम वर्मा का कहना है कि सर्दियों में उनके घर पर अतीत से बिच्छू बूटी का साग प्रायः बनाया जाता है क्योंकि सर्दियों में मक्की की रोटी के साथ बहुत ही स्वादिष्ट लगता है और इसके उपयोग से शरीर में ठंड भी नहीं लगती है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विश्वबंधु जोशी ने बताया कि बिच्छू बूटी का वैज्ञानिक नाम अर्टिका डाइओका है। बिच्छू बूटी में विटामिन सी और लौह की उच्च मात्रा प्रचूर मात्रा में पाई जाती है।

**तैयारियां** इस बार स्वयं सहायता समूह और महिला मंडलों के लिए 15 फीसदी स्टॉल आरक्षित रखे गए, प्राकृतिक खेती के उत्पाद किए जाएंगे प्रदर्शित

# तत्तापानी में मकर संक्रांति पर श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

प्राकृतिक सल्फर युक्त गर्म पानी के स्रोतों के लिए प्रसिद्ध तत्तापानी में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेले को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं।

प्रशासन की ओर से सोमवार को मेला स्थल पर अस्थायी दुकानों के आबंटन को लेकर टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। मेला स्थल पर 220 दुकानों के लिए प्लॉट आबंटित किए जाएंगे। प्रशासन की ओर से मेला कमेटी का गठन भी किया जा चुका है, परंतु कमेटी की सूची में अभी प्रशासन की मोहर लगनी बाकी है। बहरहाल इस बार स्वयं सहायता समूह और महिला मंडलों के लिए 15 फीसदी स्टॉल आरक्षित रखे गए हैं। महिलाओं की ओर से इन स्टालों में प्राकृतिक खेती के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे तथा मेले में आए श्रद्धालु विलुप्त हो रहे मोटे अनाजों के व्यंजनों के स्वाद का भी आनंद ले पाएंगे, बता दें कि तत्तापानी में आयोजित तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेले में पवित्र स्नान सहित रात्रि में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, पुराणों के अनुसार सतलुज नदी के किनारे बसा ये छोटा सा गांव वैदिक इतिहास में एक बड़ा स्थान रखता है। ये स्थान है सप्त ऋषियों में अग्रणी ऋषि माने जाने वाले ऋषि जमदग्नि की जन्मभूमि है।



तत्तापनी में अपनी अस्थायी दुकानें सजाते दुकानदार।

इस स्थान में एक ऊर्जा है, जिसे यहां आकर ही महसूस किया जा सकता है। ऋषि जमदग्नि के आश्रम को उनके भाई सहस्त्रबाहु की ओर से जलाया गया था और कामधेनु हासिल करने के लिए ऋषि जमदग्नि की हत्या की गई थी। उस समय ऋषि जमदग्नि के पुत्र परशुराम मणिकरण में थे, जब उन्हें अपने पिता की हत्या का पता चला, तो वह अपना गीला अंगोचे लपेटे ही आश्रम की ओर दौड़े और जहां-जहां उनके अंगोचे से गर्म पानी की बूंद टपकी, वहीं पर गर्म पानी के स्रोत फूट पड़े। (अनंत ज्ञान)

### तुलादान कर पुण्य कमाते हैं श्रदालु

तत्तापानी में हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के साथ तुलादान करवा कर भी पुण्य कमाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से सल्फर युक्त गर्म पानी चर्म रोगों के लिए उपयोगी माना जाता है। बहरहाल बाहरी राज्यों के व्यापारियों ने मेला स्थल अपनी अस्थायी दुकानें सजानी आरंभ कर दी हैं। मेला स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था की गई है, जबकि महिलाओं और पुरुषों के लिए स्नान के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है ।

# सेरडगोन के लिए 164 लाख की उठाऊ सिंचाई योजना स्वीकृत

**जुन्गा।** मशोबरा ब्लॉक की दरभोग पंचायत के लिए नाबार्ड की ओर से 164 लाख की उठाऊ सिंचाई योजना नागली खड्ड सेरडगोण स्वीकृत की गई है, जिसके तहत सेरडगोण सहित इसके आसपास के गांवों की करीब साढ़े 16 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिसकी पुष्टि जल शक्ति विभाग कोटी उपमंडल के सहायक अभियंता विनोद शर्मा तथा कनिष्ठ अभियंता राजकुमार शर्मा ने की है।

यह योजना विधायक प्राथमिकता के तहत स्वीकृत हुई है। सेरडगोण क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी यह मांग पूरी हुई है। इस योजना के तहत नागली खड्ड से पानी को लिफ्ट किया जाएगा तथा इसके बनने से सेरडगोण क्षेत्र की भूमि सोना उगलेगी, जिससे किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है तथा योजना की तकनीकी स्वीकृति के लिए मामला सरकार को भेजा जा रहा है। तकनीकी स्वीकृति मिलने पर इस योजना की टेंडर प्रक्रिया आरंभ की जाएगी तथा इसका निर्माण कार्य समयबद्ध किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दस ग्राम हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ आरोपी महिला।

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत थाना डमटाल में एक महिला से दस ग्राम हीरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त की है । पुलिस जिला नूरपुर अशोक रतन के दिशा निर्देश अनुसार चलाए गए नशे के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस थाना डमटाल को एक सूचना मिली थी कि गांव चन्नी बेली में एक महिला चिट्टा बेचने कारोबार कर रही है। वहीं, पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान उक्त महिला के घर से दस ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। महिला की पहचान नंदिनी पत्नी सुभाष चंद्र निवासी छन्नी बेली के तौर पर की गई है ।आरोपी महिला पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### ब्याज दर में 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**देहरा।** भारत सरकार द्वारा 10 वर्ष तक की तमाम कन्याओं के चलाई जा रही समृद्ध सुकन्या, समृद्धि लाभकारी योजनाओं को लेकर नैहरनपुखर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, इस दौरान मंडल देहरा के अधिक्षक बलबीर चंद ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश भर में दस वर्ष तक की सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता खोल कर उन्हें भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ पहुंचाना है। सरकार ने एक जनवरी से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए सुकन्या समृद्धि योजना पर मिलने वाली ब्याज दर में 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस योजना में निवेश करने पर अब सालाना 8 प्रतिशत के बजाय 8.20 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा।

### पास्सू टीम ने चूमी वॉलीबाल ट्रॉफी



मैच खेलने से पहले मुख्यातिथि के साथ वॉलीबाल की टीमें।

**कांगड़ा।** युवा वेलफेयर क्लब जमानाबाद द्वारा खेलों का आयोजन गांव पीनियारक में किया गया। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन संदीप कीपू ने कहा खेलों को गांव के स्तर पर बढ़ावा देने के लिए उन्होंने इन कार्यक्रमों का आयोजन किया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर वीरेंद्र चौधरी प्रदेश तक कार्यकारिणी सदस्य भाजपा ने शिरकत की तथा आयोजकों का हौसला बढ़ाया तथा आए हुए युवाओं को उन्हें नशे से दूर रहने तथा रक्तदान का आह्वान किया। वॉलीबाल की इस प्रतियोगिता में पास्सू गांव की टीम ने ट्रॉफी जीती।

### एनएसएस शिविर में छात्रों को दिए टिप्स



एनएसएस शिविर के दौरान मौजूद राजा का तालाब के छात्र सामूहिक चित्र में।

**जवाली।** एनएसएस के शिविर के दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजा का तालाब में आईएएस अकिल बक्शी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे । अकिल बक्शी ने बच्चों को भविष्य में करियर चुनने संबंधी संभावनाओं पर अपने विस्तृत विचार रखे और बच्चों को मैट्रिक के बाद कौन से विषय चुनने चाहिए और किस तरह से आगे बढ़ना चाहिए, इस पर भी विस्तार से चर्चा की । उन्होंने बच्चों को परामर्श दिया कि वे पुस्तकों को अपना मित्र बनाएं और इसके साथ-साथ फोन भी आपको आपकी मंजिल तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता बशर्ते आप उसका सही प्रयोग करें । प्रधानाचार्य डॉ इंद्र सिंह ने अकिल बक्शी व उनके साथ आए समाजसेवी अंकित वर्मा और अभिषेक का स्वागत करते हुए कहा कि अकिल बक्शी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और बच्चे उनसे प्रेरणा लेकर वांछित मुकाम तक पहुंच सकते हैं ।

### लखदाता ढाटी सांबा छिंज 20 जनवरी को

**डरोह ।** लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी की बैठक मेला ग्राउंड में की गई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा ने की। इसमें 20 जनवरी को होने वाले भंडारे के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा द्वारा सभी सदस्यों को अलग-अलग कार्य बांटे गए। सभी ने इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रण लिया। साथ ही एक ग्रुप फोटो भी लिया गया। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई से कारोबारियों में मचा हड़कंप, सरेआम बेच रहे थे प्लास्टिक का सामान

# प्लास्टिक यूज करने पर शाहपुर और रैत में दुकानों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के तहत शाहपुर तथा रैत में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई के दौरान दर्जनों दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर अंकुश के चलते दबिश दी गई।

विभाग की इस कारवाई के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद गुपचुप बेच रहे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कारवाई के दौरान शाहपुर बाजार तथा रैत बाजार में छह दुकानों के चालान किए गए तथा यहां से प्लास्टिक के गिलास तथा चम्मच समेत अन्य प्रतिबंधित उत्पाद बरामद किए गए। इसके अलावा शाहपुर के एक मेडिकल स्टोर से इयर बड भी बरामद की गईं तथा दुकानदार का चालान किया गया। इस दौरान विभाग की दाड़ी स्थित हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वैज्ञानिक अधिकारी सतविंद्र कौर ने दर्जनों दुकानों का औचक निरिक्षण करने के बाद छह दुकानदारों के यहां से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों को बरामद किया तथा उनके चालान कर जुर्माना वसूला। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को चेताते हुए प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों को न बेचने की चेतावनी देते हुए कहा कि जिला में नियमित रूप से निरीक्षण करके कार्रवाई की जाएगी तथा अधिकतम चालान मूल्य के जुर्माने किए जाएंगे ताकि इस अवैध धंधे पर नुकेल कसी जा सके। उन्होंने लोगों से अपील क पर्यावरण तथा हमारी धरती को घातक नुकसान पहुंचाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचें तथा धरती को हरी-भरी बनाए रखने के प्रयासों में भागीदार बनें। बहरहाल, जिला शाहपुर तथा रैत में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई के दौरान दर्जनों दुकानों में दबिश दी।





प्लास्टिक यूज करने पर शाहपुर और रैत बाजार में कार्रवाई करते हुए।

### हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम 21 को

**गरली ।** हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा हिमाचल भर के लोक प्रिय पहाड़ी गायक सुनील राणा, अमूल लाल शर्मा, करनैल राणा, धीरज शर्मा, संजीव दीक्षित, कुमार साहिल, अभिषेक सैनी, राखी गौतम आदि शामिल रहे।

## निजी व सहकारी डिपो धारकों ने मांगों को लेकर मंत्री गोमा के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन



मांगों को लेकर मंत्री यादविंद्र गोमा को ज्ञापन सौंपते हुए निजी व सहकारी सभाओं के विक्रेता।

**अजय पाल, पंचरुखी**

निजी व सहकारी सभाओं के विक्रेताओं ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री यादविंद्र गोमा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि निजी डिपो धारकों को जितना कमीशन मिलता है। उससे ज्यादा खुद से खर्चा करना पड़ता है।

दुकान के किराए से लेकर स्टेशनरी तक सब खुद खरीदना पड़ता है। जो पीओएस मशीने विभाग ने दी है उसमे डाली गई सिम भी काफी समय से बंद पड़ी है। मशीन की कनेक्टविटी के लिए डाटा डिपो धारकों को ही डालना पड़ रहा है जबकि इसकी सारी जिम्मेदारी मशीन देने वाली कंपनी की है। क्योंकि सरकार उन्हें डाटा उपलब्ध करवाने का खर्च भी दे रही है।

उन्होंने कहा है कि कई जिलों में सहकारी सभाओं की स्थिति ठीक न होने से विक्रेता या विक्रेताओं के सचिवों को डिपो के सारे खर्च वहन करने पड़ रहे हैं। अतः जिन सहकारी सभाओं की आर्थिक स्थिति ठीक है उनके कर्मचारियों को सेवा नियमों के तहत वेतन देने के निर्देश दिए जाएं। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने निजी डिपो धारकों व सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को 20000 रुपए प्रतिमाह वेतन, वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करना अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया था। डिपो धारकों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें भी केरल व तमिलनाडू की तर्ज पर 20000 रुपए वेतन दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

## नए भवन में चलेगा लेबर रूम

### पालमपुर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान बोले विधायक आशीष बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पालमपुर अस्पताल का औचक निरीक्षण करते विधायक आशीष बुटेल।

मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल ने रविवार को सिविल अस्पताल पालमपुर का औचक निरीक्षण किया और अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। सीपीएस ने कहा कि सिविल अस्पताल पालमपुर, प्रदेश के बेहतर स्वास्थ्य में संस्थानों है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों के सभी 34 पद भरे हुए हैं।

अस्पताल में आंख, कान, नाक, गला, महिला रोग, हड्डी, रेडियोलॉजिस्ट, बाल रोग, मेडिसिन, त्वचा, शल्य चिकित्सा इत्यादि विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल ने नए ब्लॉक में प्राइवेट वार्ड, महिला रोग वार्ड की सुविधा आरंभ कर दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को अस्पताल परिसर में मरीजों को पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लेबर रूम को भी 25 जनवरी तक नए ब्लॉक में आरंभ करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सिविल अस्पताल के नए भवन में भी मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को आरंभ करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। इसके पश्चात मुख्य संसदीय सचिव, आशीष बुटेल से हिमाचल प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष आशा राम और महासचिव अर्चित ठाकुर के नेतृत्व में मिला। स्थानीय निकाय कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली, 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान, नगर निगम तथा अन्य स्थानीय निकाय कर्मचारियों का स्टेट कैडर बनाने, खाली पदों को भरने और खाली पदों पर पदोन्नति इत्यादि का मांग पत्र सौंपा गया। सीपीएस ने संघ की सभी मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर गोपाल नाग, पार्षद दिलबाग सिंह, अर्चित बुटेल, मदन दीक्षित, किक्की गोयल, डॉक्टर चक्रवती, एसडीओ सार्थक सूद, कौशल्या देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं

**इसके** उपरांत आशीष बुटेल ग्राम पंचायत बगोड़ा के लोगों से रू-ब-रू हुए तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि वे लोगों की समस्याओं को जानने के लिए गांव-गांव का दौरा कर रहे हैं, ताकि समस्याओं का निपटारा मौके पर ही किया जा सके।

### हवाई अड्डा विस्तारीकरण पर आज और कल जांच सकते हैं अपने रिकॉर्ड

**धर्मशाला।** अतिरिक्त जिलादंडाधिकारी रोहित राठौड़ ने बताया कि गगल हवाई अड्डा के विस्तारीकरण में भड़ोत, जुगेहड़, क्योड़ियां, बल्ला, सहौड़ा, भेड़ी व ढुगियारी खास महालों के प्रभावित परिवारों का विवरण/सूचियां पुनर्वासन एवं पुनार्वयस्थापन योजना के तहत तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि भड़ोत, जुगेहड़ व क्योड़ियां का रिकॉर्ड कार्यालय पटवार वृत्त रछ्यालू, बल्ला का कार्यालय पटवार वृत्त मटौर, सहौड़ा का कार्यालय पटवार वृत्त अब्दुल्लापुर तथा भेड़ी व ढुगियारी खास का विवरण पटवार वृत्त बैदी के कार्यालय में समीक्षा के लिए रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आठ व नौ जनवरी, 2024 को उक्त रिकार्ड, राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा हेतु रखा गया है। इसमें प्रत्येक प्रभावित परिवार का विवरण अंकित किया गया है। उन्होंने प्रभावित परिवारों से अनुरोध किया है कि वे संबंधित पटवार वृत्त कार्यालयों में आकर उक्त सूचियों में अपना विवरण देख सकते हैं व अपने विवरणों में पाई जाने वाली त्रुटियों का निवारण करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह भी प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति अपने परिवार के आधार कार्ड की प्रतियां साथ लेकर आएं।

### धर्मशाला के चतेहड़ गांव में गोशाला में भड़की आग

**धर्मशाला।** जिला के धर्मशाला क्षेत्र के एक गांव में गोशाला में आग लगने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार चतेहड़ गांव के बिहारी लाल की स्लेटपोश गोशाला में शनिवार रात को आग लग गई। इसके बाद ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए तथा इसके बाद सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग को काबू कर और नुकसान होने से बचाया। आग लगने के इस हादसे में पराली, तूड़ी, घास, फीड तथा अन्य चारे का सामान जल गया तथा 7000 रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। आग पर फायर बिग्रेड के समय पर काबू पाने के कारण करीब 25 लाख रुपए की संपति बचाए जाने का अनुमान है। आग लगने के कारणों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि रात को घटी इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग को काबू कर साथ लगती लाखों की संपति को जलने से बचाया।

# ट्रेंडसेटर हैं धर्मशाला की बुलेट वाली बेटी गगनदीप कौर

## पढ़ाई में रही टॉपर, वॉलीबाल की रही नेशनल प्लेयर

### एडवेंचर की शौकीन

वो बताती हैं कि एडवेंचर उन्हें बचपन से ही पसंद रहा है। बाइक राइडिंग के अलावा चंबा, कुल्लू, मनाली, रोहतांग तथा लाहौल-स्पीति जैसे रूट्स समेत वो कई जगह अभियानों के तहत जा चुकी हैं। वह कभी-कभार घुड़सवारी तथा कई बार पैराग्लाइडिंग भी कर चुकी हैं। इसके अलावा कई दूसरी साहसिक गतिविधियों में वह पूरे उत्साह के साथ भाग लेती हैं।




**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

देश को गुलामी की जंजीरों से निकाल आजाद करवाने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पंक्तियां 'जिंदगी तो अपने कंधों पर ही जी जाती है, दूसरों के कंधों पर तो सिर्फ जनाजे ही उठा करते हैं', धर्मशाला शहर की गगनदीप कौर पर सटीक बैठती हैं। गगनदीप की जिंदगी का थीम भी कुछ इसी तरह का है। वह जिंदगी को जिंदादिली से जीती हैं और जिंदगी को जीने का उसका जज्बा भी लाजवाब है।

अंग्रेजी शब्द ट्रेंडसेटर उन लोगों को समर्पित है जो लीक से हटकर कुछ करते हैं वरना ज्यादातर एक लीक पर ही जिंदगी जीते हैं। गगनदीप कौर भी एक ट्रेंडसेटर हैं जो करीब डेढ़ दशक से बुलेट की सवारी कर रही हैं। ये उन दिनों की बात है जब सड़कों पर दोपहिया वाहन चलाती युवतियां कम ही नजर आती थीं। पढ़ाई में मेधावी रहीं गगनदीप 1988 में मैट्रिक की मैरिट में रहीं तो वहीं, जिला कांगड़ा की बेस्ट वॉलीबाल प्लेयर का खिताब भी पाया। इसके अलावा वॉलीबाल की नेशनल प्लेयर होने के साथ अब तक वह स्टेट ओपन स्कूल के तहत बोर्ड की दो किताबें भी लिख चुकी हैं।

गगनदीप कौर बहुआयामी प्रतिभा की मालिक होने के साथ एनीमल लवर भी हैं। इन दिनों जिला के मटौर स्कूल में बतौर सीनियर लेक्चरर सेवाएं दे रहीं गगनदीप कौर नदियों के किनारे पड़े होने वाले विविध आकार के पत्थरों पर कलाकारी कर इन्हें बहुत ही सुंदरता से प्रस्तुत करती हैं तो वहीं, उनके 150 के करीब स्कैच जीवंतता का आभास करवाते हैं। वो कहती हैं कि वो जिंदगी में विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी करने में विश्वास रखती हैं। उनके मुताबिक, जो अच्छा लगे उसे पूरे जुनून से करो। (अनंत ज्ञान)



### बीए ऑनर्स की टॉपर रहने पर गवर्नर के हाथों सम्मानित

**गगनदीप** कौर धर्मशाला कॉलेज में बीए ऑनर्स तीन साल तक टॉपर रहीं। इस उपलब्धि पर उन्हें तत्कालीन गवर्नर सुधाकर राव ने गोल्ड मेडल से भी सम्मानित किया था। तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष शिव राज पाटिल भी इस दौरान मौजूद रहे। राजनीतिक विज्ञान में एमए करने के बाद 1996-97 में उन्होंने यूजीसी क्लियर किया तथा बीएड करने के बाद बतौर अध्यापिका नौकरी शुरू की। वो नेशनल स्कॉलरशिप भी पा चुकी हैं तथा एनजीओ गुंजन की यूथ आइकॉन भी रह चुकी हैं।

### कला में गहरी रुचि

**जीवंतता** का अहसास करवाने वाले दर्जनों स्कैच देखकर उनके हुनर का पता चलता है। इसके अलावा पत्थरों पर गगनदीप कौर का सुंदर रंगबिरंगा पेंट वर्क कला को अति सुंदर ढंग से परिलक्षित करता है। वह मंडल आर्ट के अलावा कई विधाओं में रुचि रखती हैं। इसके अलावा संगीत में भी उनकी गहरी रुचि है। इसमें हारमोनियम व माउ ऑर्गेन जैसे वाद्यों यंत्रों के अलावा वह गाने का शौक भी रखती हैं।

### बेटा बन निभाया अपना दायित्व

**शादी** न करने के पीछे के कारण बारे पूछने पर गगनदीप कौर बताती हैं कि युवावस्था से ही शादी न करने का फैसला ले लिया था। हंसते हुए वह कहती हैं कि इस बारे में सोचने का मौका ही नहीं मिला। वर्तमान में वह बुजुर्ग माता-पिता के साथ रहती हैं।

- एडवेंचर ही नहीं आर्ट में भी हासिल है महारत
- शिक्षा बोर्ड के लिए अब तक लिखी दो किताबें
- नई चीजें सीखने की जिद, जिंदगी न मिलेगी दोबारा

### सामाजिक सरोकारों से नहीं दूर

**बागवानी** विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर हरपाल सिंह तथा स्नातक तक पढ़ीं तरनजीत कौर के घर पैदा हुई गगनदीप को समाजसेवा विरासत में मिली। हरपाल सिंह इस उम्र में भी सुबह पड़ोस के दूसरे लोगों के साथ दिन भर समाज की भलाई को लेकर कामों में जुट जाते हैं तथा कई सामाजिक संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। गगनदीप कौर एनीमल लवर हैं तथा मवेशियों के घायल होने पर मदद को आगे आती हैं।

### लखदाता पीर धुई छिंज मेला 20 को

**बैजनाथ।** आप सब लोगों को जानकर अति प्रसन्नता होगी की हर बार की तरह इस बार भी धुई छिंज मेला चढ़ियार तहसील बैजनाथ में लख दाता पीर मेला कमेटी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस बार मेला एक दिन और आगे बढ़ा दिया गया है और इस बार कुश्ती के साथ वॉलीबाल प्रतियोगिता भी करवाई जा रही है। दिनांक 20 जनवरी को सायं पांच बजे ढोल नगाड़ों के साथ लखदाता पीर की पूजा-अर्चना की जाएगी। 21 22 और 23 जनवरी को धुई छिंज मनाया जाएगा। अतः जो भी दुकानदार मेले में दुकान आदि लगाना चाहता है। वह 19 जनवरी से पहले नीचे दिए गए फोन नंबर पर संपर्क करके अपनी दुकान के लिए जगह चिन्हित करवा ले। मेले में कुश्तियां की प्रतियोगिता दोपहर एक बजे से शुरू हो जाएगी जो 21 से 23 जनवरी तक चलेगी। वॉलीबाल की प्रतियोगिता 21 जनवरी सवेरे दस बजे से शुरू कर दी जाएगी। जो कि टीम वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहती है वह 19 जनवरी सायं पांच बजे से पहले दिए हुए संपर्क नंबरों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा ले। 20 जनवरी सायं पांच बजे वॉलीबाल प्रतियोगिता में आई हुई टीमों के मैच बता दिए जाएंगे। लड़कियों की कुश्ती की प्रतियोगिता 22 जनवरी को करवाई जाएगी, जोकि महिला पहलवान कुश्ती में हिस्सा लेना चाहती हैं वह 22 जनवरी को 12 बजे से पहले पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा ले।

## नलसूआ स्कूल में धूमधाम से मनाया सालाना समारोह



सालाना समरोह के दौरान होनहारों को सम्मानित करने का दौर।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नलसूआ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल की प्रधानाचार्य विपिन शर्मा और एसएमसी प्रधान पूर्णिमा मंच संचालक सतीश नरयाल सहित स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि सुरेंद्र मनकोटिया को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सबसे पहले छात्रों ने सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया।

इसमें छात्राओं ने बाबन गज का दामन, पाबी मुंडा केड़े पिंड दा, झांझर बना लै पैर दी और निक्की जिनी गुजरी आदि गानों पर छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल मचाई। इसके अलावा डूंगे नालुये गाने पर किरण, कशिश, अंशिका, आर्यन, कनिष्का, गिन्नी, रिया व अनुष्का ने देशभक्ति गाने पर अनस मोहम्मद, मिंटू, मोनू, लक्ष्य और रोहित ने प्रस्तुति दी। नृत्य, डोगरी, पहाड़ी नाटी, पंजाबी, गिद्दा, लघु नाटक और सोलो डांस ने भी खूब वाहवाही लूटी।

नाटक माध्यम से विद्यार्थियों ने एक तरफ नशे पर चोट की तो दूसरी तरफ सबसे बड़ी समस्या बन चुके मोबाइल की लत पर शानदार प्रस्तुति ने तालियां बटोरीं। इसके अलावा देशभक्ति आदि विषयों पर पेश किए गए नाटकों ने माहौल को कभी गमगीन तो कभी खुशगवार बना डाला। मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने छात्रों मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर एसएमसी प्रधान पूर्णिमा व नजदीकी पंचायतों के प्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ़ सदस्यों सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हर जगह अनंत ज्ञान



आईजीएमसी शिमला की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मानसी वर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रबंधक कमेटी का चुनाव दो फरवरी को

**देहरा।** मत्स्य सहकारी सभा लिमिटेड देहरा की प्रबंधक कमेटी का चुनाव दिनांक दो फरवरी 2024 को होना तय हुआ है। पौंग डैम मत्स्य सहकारी सभा देहरा के सचिव बलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा के सभी सदस्य इस चुनाव प्रक्रिया में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### अपर भलवाल में सजा कलश अक्षत कार्यक्रम



अप्पर भलवाल में अक्षत कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**पालमपुर।** अपर बलभाल निवासी देशराज ने बताया अयोध्या से प्राप्त कलश अक्षत सहित आज रविवार को महादेव मंदिर अपर भलवाल में पहुंचा जनता में अपार उत्साह देखा गया। स्थान-स्थान पर लोगों ने इसका स्वागत किया। इस छोटे से कार्यक्रम में मंदिर सेवा समिति की महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

### किसानों ने ली मशरूम की खेती की ट्रेनिंग



मशरूम ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेते हुए किसान।

**पालमपुर।** बागवानी विभाग द्वारा किसानों को पांच दिवसीय मशरूम ट्रेनिंग का समापन किया गया। इसमें डॉ. सुशील कुमार उपपरियोजना निदेशक आत्मा ने किया। इसमें उन्होंने किसानों को प्रशस्ति पत्र वा मशरूम की खेती की किताब दी गई। इस अवसर पर उन्होंने बागवानों को मशरूम के भंडारण के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में फ्रूट टेक्नोलॉजिस्ट डॉक्टर सुबोध चंदर ने किसानों को मशरूम के भंडारण के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में कांगड़ा जिले के 40 किसानों ने प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर मशरूम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के विषय वाद विशेषज्ञ डॉक्टर हितेंद्र पटियाल ने भी किसानों को संबोधित किया।

### प्रदेश में भाजपा का तेजी से गिर रहा ग्राफ

**गरली।** ईको टूरिज्म सोसायटी गवर्निंग बॉडी के सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस मंडल जसवां परागपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नीतियां पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष व आम जनता को खुश व भला करने वाली है तथा इन नीतियों से जनता के चेहरों पर खुशी झलकती नजर आ रही है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा का ग्राफ तेजी से गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा के नेताओं ने जनता को भटकाने का काम किया है। वीरेंद्र ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सबसे मजबूत मुख्यमंत्री के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। वहीं, उसके विपरित भाजपा नेता लगातार घटिया बयानबाजी कर अपने कद को ऊंचा रखने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भी भाजपा के पतन की शुरुआत हो चुकी है। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी तथा भाजपा राज में चल रही कमर तोड़ महंगाई से जनता को राहत दी जाएगी।

## उदय गद्दी समाज सेवा समिति बनाएगी जनजातीय अध्ययन केंद्र



परिवार मिलन समारोह के दौरान उपस्थित उदय गद्दी समाज सेवा समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उदय गद्दी समाज सेवा समिति ने धर्मशाला में परिवार मिलन समारोह का आयोजन कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। समिति आने वाले समय में धर्मशाला में जनजातीय अध्ययन केंद्र स्थापित करेगी। इसमे छात्र यहां रहकर जनजातीय संस्कृति के बारे में शोध कर सकें।

इसके अलावा समिति द्वारा एक बड़े म्यूजियम का निर्माण करने का भी अहम निर्णय लिया गया। इससे आने वाली पीढ़ियों को पूर्व में प्रयोग में लाई जाने वाली वस्तुओं और पहनावे सहित गद्दी समुदाय के कलचर से जुड़े हर विषय का आसानी से ज्ञान हो सके। इसके अलावा इस पहाड़ी व जनजातीय संस्कृति को आमजन भी समझ सके इसके लिए विशेष योजना के साथ म्यूजियम की स्थापना की जाएगी। धर्मशाला के एक निजी होटल में हुई। बैठक में समिति सदस्यों ने बड़ी संख्या में परिवार सहित भाग लिया। परिवार मिलन समारोह में समिति की आगामी योजनाओं के बारे भी चर्चा की गई। समिति द्वारा आगामी समय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने की योजना भी बनाई गई। वहीं, कार्यक्रम में लोक गायक एवं समिति के संस्थापक सदस्य सुनील राणा ने लोक गीतों के माध्यम से खूब समा बांधा।

उदय गद्दी समाज सेवा समिति अध्यक्ष के सुभाष चंद की मौजूदगी में आयोजित समारोह में राजिंद्र कुमार उपाध्यक्ष, भरत जरियल महासचिव, किशोरी लाल सहसचिव, सरोज बरसेन कोषाध्यक्ष व प्रमोद सिंह मीडिया प्रभारी प्रमुख के रूप से शामिल रहे। इसके अलावा संस्थापक सदस्य गोपाल दास चुराही, प्रेम सागर, सुरेश कपूर, कुलदीप पठनिया, डॉक्टर विशाल नेहरिया, घनश्याम शर्मा, रवि शंकर सहित समिति सदस्यों के परिवार के सदस्य शामिल रहे।

## पालमपुर में बारिश न होने से आलू-प्याज की फसल हुई खराब, ऊपर से बेसहारा पशुओं ने उजाड़ दी लोगों की फसल

# सूखे की मार... किसानों की फसलें हुई बर्बाद

**60** प्रतिशत फसलें हो गई हैं बर्बाद। वहीं, गेहूं, आलू, साग, सब्जी, लहसुन, प्याज व मटर आदि फसलों को ज्यादा नुकसान

**नया साल भी सूखा रहा** / बीते दिसंबर में बारिश और बर्फबारी की संभावना होती थी, लेकिन क्रिसमस और नया साल भी सूखा ही गया।

**अमर सिंह, पालमपुर**

सूखे से ग्रामीण क्षेत्र में किसानों की हालत खराब है। एक तों सूखे की मार और दूसरा बेसहारा सड़कों पर छोड़े गए सैकड़ों की तादाद में पशु भी किसानों की मेहनत को रात के अंधेरे में चट कर रहे है।

बारिश न होने से उपमंडल के किसान सूखे की मार झेलने को मजबूर हैं।

नौबत यहां तक आ गई है कि किसानों को अब फसल के बर्बाद होने का पूरा खतरा मंडरा रहा है। हालत इस कद्र खराब है कि कई किसानों ने कर्ज लेकर फसल तैयार की थी। लेकिन फसल नहीं हुई। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर किसान बैंक और सोसायटी के कर्ज में डूबे है। आलम यह है की पालमपुर के न्यूगल से सदियों पहले सिंचाई योजना के तहत निकाली गई दीवान चंद कूहल भी मुरम्मत के चलते सुखी पड़ी है। इससे खेतों को सिंचाई व कई छोटी छोटी सिंचाई कूहलें जैसे फतेह सिंह, दीवान चंद आदि भी सुखी पड़ी है। इस बार किसानों से इंद्र देवता रूठ गए। बारिश की बेरूखी किसानों पर भारी रही। इसमें सबसे अधिक नुकसान गेहूं, आलू, साग सब्जी, लहसुन, प्याज व मटर आदि कई खेतों में ही नमी कि कमी के चलते पीले पड़ने लगे है। इन फसलों में 60 प्रतिशत से क्षतिग्रस्त हो गई है। (अनंत ज्ञान)



### कई किसानों ने लिया है कर्ज

**काबिले** गौर हो कि इलाके के कई किसान आलू कई का बीज, खाद व कीटनाशक आदि जो काफी महंगे मिलते है। उसके लिए गांव कई सहकारी सभाओं से कर्ज लेते है और फसल होने पर उसे ब्याज समेत लौटा देते रहे है, लेकिन इस मर्तबा सूखे के कारण उनका कर्ज चूका पाना भी टेढ़ी खीर प्रतीत हो रहा है।

### आलू-प्याज की होती है बंपर फसल

**वहीं,** इलाके की प्रमुख नगदी फसल आलू और प्याज। इस बार सूखे की चपेट में आकर झूलस गई है, जिसके चलते इलाके के मैंझा, चिंबल्हार, नगरी, लाहला, परौर, फरेड, सुलह, भट्ठू, अरला व स्लोह आदि गांवों के किसान काफी परेशान हो गए है क्योंकि उक्त गांवों के अधिकतर किसान आलू-प्याज की खेती कर ही अपने साल भर की गुजर बसर करते है।





### छोटे किसान नहीं करवाते है बीमा

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना के तहत अभी तक इलाके के अधिकतर किसान फसल बीमा भी नहीं करवाते है। इसके चलते इन छोटे-छोटे आत्मनिर्भर किसानों को प्राकृतिक आपदा का ज्यादा नुकसान झेलना पड़ता है।

# महिला मंडल भवन है या पशु मंडल भवन

## 2012 में शुरू हुए सरस्वती महिला मंडल भवन का कार्य 12 साल बाद भी अधूरा

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

महिलाओं के उत्थान को लेकर नेता हर मंच से बड़े-बड़े भाषण तो देते हैं, लेकिन धर्मशाला में जमीनी हकीकत कुछ अलग की बयान कर रही है। सरकार ने धर्मशाला नगर निगम के वार्ड नंबर-14 में महिला मंडल भवन के निर्माण की शुरुआत तो की थी, लेकिन यह महिला मंडल भवन पशु मंडल भवन बन कर रह गया है।

आधे-अधूरे बने इस महिला मंडल भवन में स्थानीय लोग अपने पालतु पशु बांध रहे हैं। धर्मशाला नगर निगम के अंतर्गत वार्ड-14 अप्पर दाड़ी में महिला मंडल भवन का निर्माण शिलान्यास के करीब 12 वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। शिलान्यास वर्ष 2012 में तत्कालीन विधायक एवं मंत्री किशन कपूर ने किया था। भाजपा के सत्ता से जाने के बाद कांग्रेस सरकार बनी, कांग्रेस के बाद भाजपा और अब तीसरी बार कांग्रेस पार्टी की सरकार बन गई है, लेकिन उक्त महिला मंडल का भवन नहीं बन पाया। आलम यह है कि इस आधे-अधूरे महिला मंडल भवन में अब स्थानीय लोग पशुओं को बांध कर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। सरस्वती महिला मंडल के लिए यह महिला मंडल भवन स्वीकृत हुआ था। महिला मंडल में करीब 29 सदस्य हैं। सरस्वती महिला मंडल की सदस्य समना, कुसुमलता, सोमा देवी, श्रेष्ठा देवी, निमो देवी, सलोचना, राजो देवी व पुष्पा देवी सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि महिला मंडल भवन का जब शिलान्यास हुआ था तब तत्कालीन मंत्री ने पांच लाख रुपए स्वीकृत किए थे। वहीं, इस समस्या को लेकर विधायकों से कई बार लगा चुके है गुहार। उन्होंने बताया कि करीब दो माह पूर्व भवन की छत का निर्माण हुआ है, इससे पूर्व महिला मंडल भवन के नाम पर मात्र पिल्लर ही थे।



महिला मंडल भवन के बाहर लोगों ने बांधे अपने पशु।

### लोग पशुओं को बांधकर कर रहे यूज

**आलम** यह है कि इस आधे-अधूरे महिला मंडल भवन में अब स्थानीय लोग पशुओं को बांध कर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।




विधायक किशन कपूर ने किया था शिलान्यास

**महिला** होने के नाते मैं सरस्वती महिला मंडल की सदस्यों को पेश आई समस्या को समझ सकती हूं। भवन निर्माण 2012 से अब तक पूरा नहीं हो पाया है, यह बेहद हैरानी का विषय है। मैं इस अधूरे निर्मित भवन को जल्द दौरा करूंगी और भवन निर्माण में हुई देरी की जांच की जाएगी। महिला मंडल भवन के निर्माण को लेकर स्थानीय वार्ड सदस्य से चर्चा की जाएगी और उक्त भवन का निर्माण जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

**-नीनू शर्मा, अध्यक्ष नगर निगम धर्मशाला।**

# पालमपुर के एसएसबी चौक के पास हरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर कल्याण एवं पर्यावरण फोरम पिछले एक दशक से पालमपुर और उसके आसपास प्रकृति संरक्षण अभियान का नेतृत्व कर रही है। इसके दृष्टिगत पालमपुर में काफी हरित स्थान तैयार किए गए हैं। एक दशक से भी अधिक समय पहले इसने एसएसबी चौक और न्यूगल कैफे रोड (आइमा) हनुमान मंदिर के पास विभिन्न वृक्ष प्रजातियों का वृक्षारोपण करने के लिए स्वेच्छा से काम किया था। उक्त पर्यावरण फोरम के सदस्यों ने बताया कि इसी सप्ताह वृक्षारोपण स्थल की नियमित देखभाल के दौरान, इसके सदस्यों को अत्यंत आश्चर्य और झटका लगा, जब यह पाया गया कि सभी बड़े पेड़ों को बेरहमी से काट दिया गया है।

पेड़ों में बहुमूल्य देवदार, आंवला, जामुन, चीड़ और कुछ अन्य प्रजातियां हैं। पालमपुर के लिए ताजी हवा पैदा करने और कार्बन स्थिर करने वाला भविष्य का हरा-भरा स्थान होने के अलावा यह वृक्षारोपण प्रकृति की रक्षा करने, मिट्टी को कटाव से बचाने और पक्षियों, तितलियों और कई अन्य स्तनधारियों के लिए आवास बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व बिजली बोर्ड ने फोरम को बिना विश्वास में लिए पौधरोपित स्थान के ऊपर हाईटेंशन बिजली सप्लाई लाइन बिछा दी थी। बिजली बोर्ड से पता करने पर पता चला कि पेड़ विभाग के आदेश पर काटे गए हैं। फोरम सदस्यों ने कहा कि उनकी पिछले 13 वर्षों की कड़ी मेहनत पर मात्र एक घंटे के अंदर पानी फेर दिया गया हालांकि यह वृक्ष या पौधे बिजली आपूर्ति लाइनों में बाधा नहीं बनते हैं। फोरम के सभी सदस्यों ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ पालमपुर को प्रकृति के संरक्षण की आवश्यकता है, लेकिन दूसरी तरफ मंच से परामर्श किए बिना मंच की कड़ी मेहनत को धराशायी कर दिया गया है।

# संजय सिंह चौहान ने विकास कार्यों को लेकर सुलह के विधायक पर साधा जमकर निशाना

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने आज देहण खास पंचायत में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में पंचायत के प्रधान सरिता कुमारी, पूर्व प्रधान गगन बाला अन्य पंचायत प्रतिनिधि रिसर्च विभाग जिलाध्यक्ष सिरिल चंद्र, ब्लॉक पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष बलदेव सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता जगदीप ठाकुर, प्रमोद सिंह वार्ड पंच राकेश जोनी व कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संजय सिंह चौहान ने उपस्थित जनता से उनकी समस्याओं को विवेकपूर्ण और गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि जो भी समस्याएं उनके समक्ष रखी गई हैं वह पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ी हुई हैं। इनकी सुनवाई न तो पूर्व भाजपा सरकार के विधायक ने सुनी न ही उस से पहले रहे विधायक व सीपीएस ने सुनी। इस कारण लगभग 2300 जन की आबादी वाला यह क्षेत्र आज भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से अछूता पड़ा हुआ है। उन्होंने आगे कहा सुलह के विधायक सिर्फ केंद्र की अनपूरित हुई नीतियों पर पर्दा डालते हुए रथ यात्रा में ही व्यस्त रहते हैं। उन्हें सुलह की प्रगति से कोई लेना देना नहीं है।



कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान।

संजय सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सुलह में आज भी विधायक भाजपा का है, लेकिन उनका किसी भी सुलहवासी से लगाव नजर नहीं आता है। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र से भेदभाव किया गया है, लेकिन अब माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुझे बीड़ा सौंपा है सुलह में परिवर्तन लाने और प्रगति के नए-नए द्वार खोलने के लिए तो यहां की जनता द्वारा जो भी सड़क की मांग समक्ष रखी गई है, उसका तुरंत निपटारा किया जाएगा चाहे माननीय मुख्यमंत्री से किसी विशेष सहायता लेनी पड़े।

# नूरपुर में आरोपी बार-बार जेल जाने के बाद भी करता रहा स्मगलिंग

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर एसपी अशोक रतन ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि पुनीत महाजन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के पांच मुकदमे रजिस्टर किए गए थे।

इसमें से तीन मुकदमे हाल ही में दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुनीत महाजन से 2023 में नूरपुर पुलिस थाना में 5.9 ग्राम तथा 5.89 ग्राम चिट्टे के साथ दो बार गिरफ्तार किया गया। मगर जब पुनीत महाजन फिर से वापस लौटा तो फिर स्मगलिंग में संलिप्त हो गया। उन्होंने कहा कि इस बार पुलिस थाना इंदौरा में 11.11 ग्राम चिट्टे सहित पुलिस ने धर दबोचा। एसपी अशोक रतन ने बताया कि यह अभियुक्त पूरी तरह से अवैध नशे की स्मगलिंग में डूब चुका था। जो बार-बार जेल जाने पर भी दोबारा इसी कारोबार में मशगूल रहा और आसपास की पंचायत में भी चिट्टे की सप्लाई करता था। इससे आसपास का वातावरण दूषित हो रहा था। इसी को मद्देनजर रखते हुए जिला पुलिस ने डिटेंशन ऑर्डर के लिए होम सेक्रेटरी को लिखा था। इसकी मंजूरी हमें मिल गई है। उन्होंने कहा कि यह एसा कानून है, जिसमें अभियुक्त को आईडेंटिफाई भी करना पड़ता है तथा जो व्यक्ति बार-बार इस तरह के कार्य में संलिप्त रहते हैं उनके लिए कम से कम दस साल की सजा का प्रावधान भी इस एक्ट के तहत है। इसमें सेक्शन 68 ए के तहत अपराधी की संपत्ति को अटैच किया जाता है और अगर यह बोर्ड सही पता है तो उसकी संपत्ति को सीज किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पुनीत महाजन की संपत्ति को सीज करने संबंधी आदेश हमें प्राप्त हो चुके हैं तथा बहुत जल्द इसकी सारी संपत्ति को सीज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान कर कानूनी तौर पर कार्रवाई करते हुए ऐसे व्यक्ति जो बार-बार अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त पाए जाते हैं। उनकी संपत्ति को जब्त किया जाए, ताकि हम हिमाचल को पूरी तरह से ड्रग फ्री कर सकें।



नूरपुर में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी अशोक रतन।

**आयोजन** वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

# लिटल फ्लॉवर स्कूल गरली में बरसे इनाम

**अनंत ज्ञान, गरली**

लिटल फ्लॉवर संस्कार हाई स्कूल गरली में वार्षिक पारितोषिक समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल प्रबंधक राजीव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए। इस समारोह मे बतौर चीफ गेस्ट एग्रिकल्चर यूनिवर्सिटी पालमपुर के डॉक्टर अलोक शर्मा ने शिरकत की।

मंच का संचालन स्कूल प्रधानाचार्या रेनु शर्मा द्वारा बहुत ही दिलकश ढंग से करते हुए छात्रों ने खूब जोश भर दिया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वति व गणेश वंदना की।

छात्रों ने नाटी दा चस्का बुरा व कांगड़ी झमाकड़े की दिलकश प्रस्तुति ने पंडाल में बैठे तमाम दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं, पंजाबी लिबास में, इक ऊंचा लंबा कद दूजा रूप तेरा चम चम करदा, जट दा पजामा कूड़े ऊंचा हो गया, नी में नचां नचां अग बागूं नचां आदि गानों पर छात्रों ने धमाल मचाई। पहाड़ी गाने में मेरा खिन्नू बड़ा उस्ताद हो पर नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए । वहीं, वार्षिक समारोह के दौरान स्कूल प्रधानाचार्या रेनु शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। वहीं, कार्यक्रम के अंत में चीफ गेस्ट एग्रिकल्चर यूनिवर्सिटी पालमपुर के डॉक्टर अलोक शर्मा आदि ने होनहार छात्रों को स्मृति चिन्ह आदि इनाम बांट कर सम्मानित किया।




वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

# तीन सौ से घटकर 70 किलोमीटर रह जाएगा होली-उतराला सड़क का सफर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

आज होली-उतरला सड़क चिंतन समिति कि बैठक बैजनाथ में संपन्न हुई। उतराला-होली सड़क दो जिलों कांगड़ा-चंबा की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की जीवन रेखा है। इसलिए इस सड़क के निर्माण पर सियासत और भ्रष्टाचार करना उचित नहीं है।

इसके निर्माण करने में सहयोग देना उचित है क्योंकि इसके बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे जनता को आर्थिक लाभ होगा और होली और बैजनाथ की दूरी तीन सौ किलोमीटर से घटकर मात्र सतहर किलोमीटर रह जाएगी यह तभी संभव है पाएगा इस सड़क को भतढेलू से लाकेवाली माता नामक स्थान से जुड़ जाने से तीन महादेव मंदिर महाकाल बाबा बैजनाथ और भरमौर का चौरासी शिव मंदिर भी आपस में जुड़ जाएंगे तथा मनीमहेश यात्रा भी आसान हो जाएगी फिर यहां सैलानियों की संख्या बढ़ जाएगी। तब बैजनाथ व पपरोला बजार का व्यापार भी बढ़ेगा। आगे की नई सड़क बनाने को गति मिले और इन दो विधानसभा के लोगों और बेरोजगार युवाओं को नए अवसर पैदा हो इस सब प्रक्रिया के लिए समिति आगामी दिनों में प्रदेश के बड़े नेताओं से मुलाकात करेगी। चिंतन समिति वर्तमान में चल रहे कार्य में भी किसी तरह के भ्रष्टाचार तथा लीपापोती को सहन नहीं करेगी। चिंतन समिति ने आज एक टेक्निकल कमेटी का भी गठन किया जोकि आगे कि सड़क की जो भी डीपीआर बने उसमे विभाग तथा सरकार को अपनी राय देगी। समिति ने मांग कि है कि जब भी आगे कि कोई भी रणनीति तैयार हो स्थानीय लोगों कि राय और उनको सर्वे में शामिल किया जाए। चिंतन समिति ने निर्णय लिया है कि समिति वर्तमान में चल रहे कार्य का मौका भी करेगी। इस टेक्निकल कमेटी का गठन किया गया उसमे समाजसेवी पूर्ण चंद, माधो को सलाहकार तथा विहान सिंह रिटायर्ड एसडीओ, जमित भट्ट, रमेश जोशी, चुनी लाल व परस राम सदस्य बनाए गए।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


शर्मा क्लीनिक सुल्तानपुर के संचालक डॉ. अनूप अनंत ज्ञान अखवार पढ़ते हुए।


द्रोबी मोहल्ला निवासी सुदर्शन बक्शी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


वार्ड हरदासपुरा निवासी जाकिर हुसैन अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


करियां पंचायत निवासी अजय भाटिया अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


शिव शक्ति टैक्सी स्टैंड पर माहित वर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सपड़ी वार्ड निवासी यादव नंदन अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# अपना हक जताएंगे, स्कूल यहीं बनाएंगे

## एकलव्य स्कूल को खनी से बदलने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध, आंदोलन के लिए चेताया

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अपना हक जताएंगे, स्कूल यहीं बनाएंगे के नारों के साथ खनी तथा अन्य नजदीकी पंचायतों के लोगों ने एकलव्य स्कूल को खनी से किसी भी अन्य स्थान पर बदलने के लिए स्थान तलाशने के प्रशासन की संयुक्त निरीक्षण करने के विरोध में आंदोलन शुरू करने का बिगुल बजा दिया है।

इसी बारे में विधानसभा क्षेत्र भरमौर में केंद्र द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल को खनी से कहीं अन्य स्थान पर स्थानांतरण करने के प्रयासों पर बिफरे ग्राम पंचायत खणी, ग्रीमा तथा अन्य नजदीकी पंचायतों के लोगों ने एक विशेष बैठक का आयोजन खनी के द्रोबी मैदान में किया। बैठक में लोगों ने वर्ष 2003 में यहां स्वीकृत एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल को दूसरी जगह शिफ्ट करने का विरोध जताया है। इस मौके पर यहां पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से पूछा कि वर्ष 2003 में यहां पर सरकार द्वारा एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल स्वीकृत किया था। जिसके लिए बकायदा यहां पर भूमि का चयन भी किया गया था। एक हेक्टेयर भूमि वकायदा एकलव्य विद्यालय समिति के नाम हुई, बावजूद इसके तीन वर्षों तक स्कूल खनी में चलने के बाद यहां से स्कूल को बिल्डिंग न होने का हवाला देकर तहसील होली में शिफ्ट कर दिया गया है।

यहां के लोगों का कहना है कि यहां पेड़ों को कटवा दिया गया था तो स्कूल के प्रस्तावित निर्माण स्थल के लिए बनाई जा रही सड़क में आने वाले लोगों ने अपने घरों को उखाड़ दिया हैं साथ में ही स्कूल भवन के निर्माण के लिए कई बीघा चारागाह जमीन को सड़क बनाने के लिए बर्बाद कर दिया गया है। लोगों ने अपने सेब के पौधे यहां के लिए सड़क बनाने के लिए कटवा दिए। बावजूद इसके यहां पर स्कूल का भवन नहीं बनाया जा रहा है और अब इसे यहां से कहीं अन्य स्थान को स्थायी तौर पर बदलने की बातें की जा रही हैं, जिसे खनी पंचायतवासी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रशासन को चेताते हुए कहा कि स्कूल को यहां से बाहर कहीं भी बदला गया तो सभी पंचायतवासी मिनी सचिवालय भरमौर के बाहर धरने पर बैठेंगे और लोकसभा चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। बैठक को रिंकेश ठाकुर, पंकज, बली राम पठनिया, मिलाप शर्मा, बलविंदर सिंह और पंकज आदि ने संबोधित किया।


खनी के द्रोबी मैदान में रविवार को आयोजित बैठक में मौजूद ग्रामीण।

### एकलव्य संघर्ष मोर्चा का गठन किया

ग्रामीणों ने बैठक के दौरान एकलव्य संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया। इसमें दीपक जम्वाल को सर्वसम्मति से प्रधान, अभिनव पठानिया, नवीन, मिलाप शर्मा, बली राम पठनिया को उपाध्यक्ष, रिंकेश ठाकुर को महासचिव चुना गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने खुली चुनौती देते हुए कहा कि एकलव्य स्कूल खनी में खुला था,और यहीं उसके भवन भी बनेंगे,जिसके लिए उन्हें जो भी लड़ाई लड़नी पड़े वे लड़ेंगे। न्यायलय का दरवाजा भी खटखटाने से गुरेज नहीं करेंगे।

# होली-उतराला सड़क लोगों की जायज मांग

**भरमौर।** होली-उतराला सड़क लोगों की जायज मांग है। यह बात युवा कांग्रेस भरमौर के अध्यक्ष श्याम ठाकुर ने कही। श्याम ठाकुर ने कहा कि इस इलाके की वर्षों पुरानी होली-उतराला सड़क की मांग को लेकर लोगों ने जो जनमत जुटाने का प्रयास किया है वह सराहनीय है। उनका कहना है कि इस बारे में मुख्यमंत्री से मिलकर प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क को बनाने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से यहां के लोगों का अढ़ाई सौ मीटर का सफर कम हो जाएगा और पर्यटन की दृष्टि से भी क्षेत्र विकसित होगा। गौरतलब है पिछले कई दिनों से इस सड़क के निर्माण में तेजी लाने को लेकर लोगों ने बकायदा एक संघर्ष समिति का भी गठन किया है। यहां के लोगों ने इस सड़क के निर्माण में तेजी लाने के लिए जनमत जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर जोरदार मुहिम भी चलाई है।

# मुगला में बही प्रवचनों की बयार



**चंबा।** संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा अनिल शर्मा अगुआई में रविवार को विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मंच पर विराजमान महात्मा अनिल शर्मा ने अपने प्रवचनों द्वारा संगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि जैसा कि हम पढ़ते सुनते चले आ रहे हैं कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना हुआ है-भूमि, गगन, वायु, अग्नि, नीर इन पांच तत्वों की यात्रा जहां से प्रारंभ होती है वहीं समाप्त हो जाती है। जब यह पांच तत्वों का बना शरीर इस छठे परम तत्व की प्राप्ति के लिए अग्रसर होता है तब उसे जीवन की यात्रा की सफलता कहा जा सकता है। जिस प्रकार किसी को तैरना तो सिखाया जा सकता है, किंतु उसे तैरना स्वयं ही होगा। ठीक उसी प्रकार सदगुरु की कृपा से प्रभु का ज्ञान प्राप्त तो हुआ किंतु उस पर चलना स्वयं ही होगा। जब मनुष्य आत्म ज्ञान के पश्चात उसे अपने अनुभव में लाता है, उसमें रह कर कार्य करता है, तभी उसकी जीवन यात्रा सार्थक होती है। इस मौके पर राख, जांघी, मैहला,धरवाला, जडेरा, साहो, मंगला आदि गांवों से आए संतों महात्माओं ने अपने विचारों व भजनों द्वारा अपनी भावनाएं व्यक्त की।

# चंबा शहर परिसर में विद्युत खंभों की हालत जर्जर

**अनंत ज्ञान,चंबा**

शहर परिसर क्षेत्र में स्थापित विद्युत पोल में स्ट्रीट लाइट जलना तो दूर की बात रही पूर्ण रूप से व्यवस्थित भी नजर नहीं आ रहे है। जिसके प्रति न विद्युत परिषद बोर्ड और न ही नगर परिषद चंबा कोई कदम उठाने की जहमत उठा रही है। जिसके चलते बोर्ड व परिषद के खिलाफ स्थानीय लोगों में रोष है।

शहर परिसर में विद्युत पोलों की जर्जर हालत के चलते विभिन्न वार्डों संबंधी व अन्य वरिष्ठ नागरिकों में अनवर हुसैन, कासम, मनोज, सोनू, सुधीर कुमार, हंसराज, भानु, योगेश कुमार, संजय, जाहिद, अजय कुमार, लेखराज, खेम सिंह व प्रदीप कुमार आदि का कहना है कि शहर में स्थित चौगान एक से लेकर चौगान पांच तक चारों ओर व्यवस्थित विद्युत पोल दयनीय अवस्था से जूझ रहे है। कई पोलों के बल्ब फ्यूज है तो कई पोल धराशाही होने की कगार पर है। कुल मिलाकर परिसर में व्यवस्थित विद्युत पोल व्यवस्था से लोगों को सुविधा कम और सुरक्षा का अभाव अधिक दिख रहा है। उन्होंने नगर परिषद व विद्युत बोर्ड परिषद अधिकारियों से गुहार लगाई है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठाकर नागरिकों को उचित एवं व्यवस्थित स्ट्रीट लाइट सुविधा मुहैया करवाई जाए।


खस्ताहाल विद्युत पोल।

# ओडारा में रोजगार के लिए जागरूक किए स्वयंसेवी

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर समर्पण के छठे दिन स्वयंसेवियों ने ग्राम पंचायत मंगला के अंतर्गत गांव ओडरा में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा रास्तों की सफाई, झाड़ियां काटीं, पनिहार के आस पास सफाई, रावी नदी किनारे साफ-सफाई की गई। स्वयं सेवियों द्वारा बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए गांव के निमार्णाधीन रास्ते के निर्माण के लिए लाए गए पत्थरों को निर्माण स्थल तक पहुंचाया व गांव को जाने के लिए बनाए जा रहे रास्ते के लिए श्रमदान दिया। अकादमिक सत्र में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम जिला चंबा के समन्वयक दीपक शर्मा ने स्त्रोत व्यक्ति के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को कौशल विकास, रोजगार के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना है।

# मातृ शक्ति व युवाओं की भागीदारी से हर संस्थान को मिलती सफलता

## सनातन धर्म सभा की बैठक में लोगों ने दिया सुझाव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सनातन धर्म सभा चंबा हिमाचल प्रदेश की बैठक सीता राम मंदिर परिसर बंनगोटू में सभा वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जागरूकता अभियान के साथ-साथ जनमानस को सनातन से जोड़ने और आगामी रणनीति की रूपरेखा तैयार करने के सुझाव आमंत्रित किए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुरेश कश्मीरी ने बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध सदस्यों ने सनातन धर्म से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और अपने बहुमूल्य विचार रखे। भारी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहयोग करने की बात कही। उपस्थित सदस्यों ने सुझाव दिया कि मातृ शक्ति एवं युवाओं की शत प्रतिशत भागीदारी से ही हर संस्थान की सफलता निश्चित होती है। सुरेश कश्मीरी ने कहा कि प्रयास जारी है, भविष्य में अवश्य सफलता मिलेगी। सनातन धर्म सभा चंबा हिमाचल प्रदेश की आगामी बैठक का आयोजन मोहल्ला चमेश्नी (शहरचीनी) में चमपावती मंदिर परिसर में 14 जनवरी को किया जाएगा।


सीता राम मंदिर परिसर बंनगोटू में आयोजित सनातन धर्म सभा चंबा की बैठक में मौजूद सभा के पदाधिकारी व अन्य।

# हिमाचल में भी लागू हो एक विधायक एक पेंशन योजना

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पंजाब सरकार द्वारा जुलाई माह में विधानसभा में एक विधायक एक पेंशन का बिल पास किया गया था और उसे अब राज्यपाल से मंजूरी मिल गई है और सरकार ने उसकी नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है।

हिमाचल आम आदमी पार्टी चंबा जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू ठाकुर ने कहा कि पंजाब की तर्ज पर हिमाचल में भी एक विधायक एक पेंशन योजना को लागू किया जाना चाहिए, ऐसा करने से हिमाचल के खजाने के कई सौ करोड़ की हर महीने में बचत होगी। उनका कहना है कि हिमाचल प्रदेश सरकार खजाना खाली का रोना रोती रहती है। प्रदेश सरकार अगर ऐसा करती है तो सरकार को करोड़ों का लाभ होगा। यदि कोई विधायक हर बार जीतता है तो वह आज हारने पर भी पेंशन ले रहा है। जिससे सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अपील की है कि वह भी पंजाब सरकार द्वारा लागू किए गए इस बिल को हिमाचल में लागू करें ताकि जनता के टैक्स के पैसे से उन्हें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जनहित के कामों में खर्च किया जा सके।


आम आदमी पार्टी के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू ठाकुर।

# समाज के उत्थान के लिए बेहतर शिक्षा जरूरी

## चुवाड़ी स्कूल के सालाना समारोह में बोले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षण संस्थानों व बेहतर शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। यह बात उन्होंने रविवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कही। स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य रेखा कुमारी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा स्कूल की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया।

इस दौरान मुख्यातिथि ने कहा कि बुनियादी स्तर पर गुणात्मक व आधुनिक शिक्षा सुविधा घरद्वार पर उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे स्कूल की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास करते रहें और बच्चों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करें। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में श्री निवास रामानुज योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए जा रहे हैं। टैबलेट के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में आसानी होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को और अन्य ज्ञानवर्धक जानकारियां उपलब्ध करवाने में लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि जिला में 449 टैब विद्यार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्कूल की चार दिवारी का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा और स्कूल के भवन की मरम्मत के लिए आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि नगर पंचायत चुवाड़ी में निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाने के लिए पेयजल योजना के संवर्धन के लिए 25 करोड़ रुपए की कार्य योजना को तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि भटियात क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वचनबद्ध हैं।

इस दौरान कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र भटियात के अंतर्गत आने वाले सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के 10वीं व 12वीं परीक्षा में मेरिट में स्थान हासिल करने वाले 101 विद्यार्थियों को टैबलेट भी वितरित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। (अनंत ज्ञान)


चुवाड़ी स्कूल में समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

# पार्किंग के लिए जल्द खोला जाए चौगान नंबर-तीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

शहर में पार्किंग की समस्या के समाधान को लेकर रविवार को सदर विधायक नीरज नैय्यर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सदर विधायक ने उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन और अध्यक्ष नगर परिषद नीलम नैय्यर से शहर के चौगान नंबर- तीन को दो पहिया वाहनों के लिए अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए आग्रह किया।

विधायक नैय्यर ने कहा कि शहर में वाहनों की पार्किंग को लेकर कोई उचित स्थायी व्यवस्था नहीं है। शहर में पार्किंग की स्थायी व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि जब तक शहर में पार्किंग का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक चौगान नंबर-तीन को अस्थायी पार्किंग के लिए खोल दिया जाए। उन्होंने नगर परिषद को जल्द से जल्द जनरल हाउस आयोजित कर चौगान को खोलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चौगान में केवल दोपहिया वाहन को ही पार्क करने की अनुमति दी जाएगी तथा किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पार्किंग सुविधा सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक रहेगी।

रात के समय चौगान में किसी भी प्रकार के वाहन को पार्क करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस विभाग यह सुनिश्चित करेगा की रात के समय कोई भी वाहन चौगान में पार्क न हो।


सदर विधायक नीरज नैय्यर।

# सुल्तानपुर में संविधान का महत्व बताया

## शिवाय आईटी एजुकेशन अकादमी में जागरूक किए छात्र

**आरके रांगड़ा, चंबा**

अंबेडकर भवन चंबा में हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शिवाय आईटी एजुकेशन अकादमी सुल्तानपुर के प्रशिक्षुओं को संविधान के महत्व एवं सम्मान से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी एवं हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के राज्य सचिव राजेंद्र पाल भाटिया ने अध्यक्ष व स्त्रोत व्यक्ति के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर राज्य सचिव राजेंद्र पाल भाटिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि हर भारतवासी को संविधान के महत्व को समझना चाहिए व इसका सम्मान करना चाहिए। भारत के जिस संविधान ने समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार दिए हैं विशेषकर अल्पसंख्यक, शोषित, पीड़ित वर्ग, महिलाएं, मजदूर को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया है। भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखित भारतीय संविधान एक ऐसा दस्तावेज है जो सर्वसमाज में भाईचारा एवं मानवतावादी सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह मोर्चा संविधान के प्रचार प्रसार, एवं विस्तार के लिए हिमाचल प्रदेश के हर गांव तक संविधान जागरूकता फैलाने के प्रति बचनबद्ध है। भाटिया ने सर्वोच्च न्यायालय के बाहर भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा को स्थापित करते के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूढ़ का मोर्चा व समस्त समाज की तरफ से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवाय आईटी एजुकेशन अकादमी सुल्तानपुर प्रभारी सुनील कुमार व प्रशिक्षु उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



शिवाय आईटी एजुकेशन अकादमी सुल्तानपुर के प्रशिक्षु व अन्य।

## समस्या: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई

# शाम चार बजे के बाद नहीं मिलती स्वास्थ्य सुविधा

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में सरकार ने डॉक्टरों के पदों पर कैंची चला दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केद्रों में जहां चार से छह डॉक्टरों के पद स्वीकृत है और वहां पर 24 घंटे मरीजों का इलाज चलता है, गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होती है, लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में मात्र एक ही डॉक्टर का पद सृजित किया हुआ है। यहां पर ब्लॉक स्तर पर 60 में से 50 पद खाली चले हुए हैं।

स्टाफ के अभाव में यहां पर कैंप आयोजित करने के लिए उधारी के स्टाफ से काम चलाया जाता हैं। स्टाफ व मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यहां पर मरीजों की भर्ती नहीं हो पाती हैं वही गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी यहां नहीं होती है। मरीजों की सुविधा के लिए यहां रखी हुई एक्स-रे मशीन कंडम हो गई है। बिना टेक्नीशियन के मशीन को कंपनी ने अब कंडम घोषित कर दिया है। स्वास्थ्य केंद्र में शाम चार बजे के बाद मरीज का इलाज नहीं हो पाता है।

केंद्र में आए दिन मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि चंबा से भरमौर के बीच में सीएचसी चूड़ी ही एक मात्र ऐसा स्वास्थ्य संस्थान है जो विधानसभा क्षेत्र भरमौर कि 24 ग्राम पंचायतों की 70 हजार की जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करता है। हैरानी की बात यह है कि यहां सिर्फ सुबह 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक ही मरीजों की देखरेख होती है। वर्ष 1980 में यह सीएचसी खोला गया था। यहां पर स्टाफ व मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण यह केंद्र आए दिन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। ब्लॉक चूड़ी में स्वीकृत 60 में से 50 पद पिछले काफी समय से खाली चले हुए हैं, इस कारण कई बार कैंप आयोजित करने के लिए स्टाफ को बाहर से मंगवाना पड़ता है। यहां के विधायक खुद डॉक्टर हैं लेकिन डॉक्टर के विधानसभा में ही स्वास्थ्य सुविधा का हाल बेहाल हो चुका है। स्टाफ के अभाव में यहां स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा रही हैं। विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा कि मैंने सरकार को सीएचसी चूड़ी की स्टाफ की कमी और लोगों को हो रही असुविधा के बारे में अवगत करवाया है। (अनंत ज्ञान)



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी जहां मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

### प्रशासन-सरकार को करवाया अवगत

बीएमओ डॉक्टर नवदीप राठौर का कहना है कि वह इस संबंध में सरकार और प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यहां साथ लगते सीएससी साहो में दिन-रात मरीजों का इलाज चल रहा है। गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी करवाई जा रही है और यहां पर चार से छह डॉक्टरों की पोस्ट स्वीकृत है, लेकिन चूड़ी में मात्र एक ही डॉक्टर की पोस्ट स्वीकृत है जबकि यहां पर पापुलेशन बहुत ही ज्यादा है। यहां की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त है जो कभी भी हादसे का शिकार हो सकती है। यहां स्टाफ के 60 में से 50 पद खाली हैं। बड़ी मुश्किल से यहां पर काम चलाया जा रहा है।

### पांच दिवसीय विंटर कार्निवाल में विभिन्न सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

# फैशन शो में सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शनिवार को अंतिम दिन प्रतियोगिता इन प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें झांकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मथियाना महिला मंडल, द्वितीय स्थान पर स्कंद महिला मंडल बोगी गोजरा ओर तृतीय स्थान पर मां दुर्गा महिला मंडल मनाली विजेता रहे। झांकी टीम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी, द्वितीय स्थान पर जागृति कला मंच मनाली ओर तृतीय स्थान पर शांगल म्यूजिकल ग्रुप गोहर मंडी विजेता रहे। झांकी विभागीय और गैर-सरकारी संस्था प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सामाजिक एवं बाल विकास परियोजना, द्वितीय स्थान पर एचपीटीडीसी मनाली ओर तृतीय स्थान पर एचपीएसईबीएल मनाली विजेता रहे।

कुल्लवी नाटी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महिला मंडल लेफ्ट बैंक, द्वितीय स्थान पर महिला मंडल राइट बैंक विजेता रहे। स्ट्रीट डांस श्रेणी में प्रथम स्थान पर कुल्लूत सांस्कृतिक कला संगम, द्वितीय स्थान पर सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी ओर तृतीय स्थान पर रुद्रा दी अल्टीमेट ग्रुप कुल्लू विजेता रहे। स्ट्रीट प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रुद्रा दी अल्टीमेट ग्रुप कुल्लू, द्वितीय स्थान पर सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी ओर तृतीय स्थान पर हरिहरानंद ग्रुप उज्जैन विजेता रहे। क्लासिकल डांस श्रेणी में प्रथम स्थान पर नृत्यांगना कला संस्कृति मंच नग्गर, द्वितीय स्थान पर सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी और तृतीय स्थान पर शांगल म्यूजिकल ग्रुप गोहर मंडी विजेता रहे।

फैशन शो में टीम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी, द्वितीय स्थान पर जागृति कला मंच मनाली ओर तृतीय स्थान पर मनु हिडिंबा क्लब मनाली विजेता रहे। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी, द्वितीय स्थान पर कुल्लूत सांस्कृतिक कला संगम और तृतीय स्थान पर मनु हिडिंबा क्लब मनाली विजेता रहे। बॉलीवुड नृत्य 70 के दशक के गानों पर आधारित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नृत्यांगना कला संस्कृति मंच नग्गर, द्वितीय स्थान पर सूर्या सांस्कृतिक दल बनोगी ओर तृतीय स्थान पर मनु हिडिंबा क्लब मनाली विजेता रहे। बॉलीवुड डांस के नए गानों पर प्रथम स्थान पर फ्लाइंग स्टेप्स जम्मू, द्वितीय स्थान पर ड्रीम ऑफ फ्लाई डांस स्टूडियो और तृतीय स्थान पर परफेक्ट डांस स्टूडियो जम्मू विजेता रहे। फैशन शो में महिला मंडल प्रतियोगिता में मथियाना महिला मंडल प्रथम, भुवनेश्वरी महिला मंडल जगतसुख द्वितीय और तृतीय स्थान पर छियाल महिला मंडल मनाली विजेता रहे। मनाली गॉट टैलेंट में प्रथम स्थान पर कुल्लूत सांस्कृतिक दल कुल्लू, द्वितीय स्थान पर ऑरा व तृतीय स्थान पर ब्लैक स्पाइडर क्रू नाभा पटियाला विजेता रहे।


वॉयस ऑफ कार्निवाल लक्ष्मी के साथ फर्स्ट व सेकेंड रनरअप।

### वॉलीबाल में ओल्ड मनाली टीम विजेता

**खेल** प्रतियोगिताओं में आयोजित वॉलीबाल में प्रथम स्थान पर टीम ओल्ड मनाली और द्वितीय स्थान पर टीम अलेउ विजेता रहे। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम हिमालयन वारीयर मनाली ओर द्वितीय स्थान पर टीम भुंतर विजेता रहे। थग ऑफ वॉर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हिडिंबा महिला मंडल डिडरी और द्वितीय स्थान पर महिला मंडल गाहर विजेता रहे। रंगोली प्रतियोगिता में अंजलि ठाकुर विजेता रहीं।

### ठाकुर दास राठी ने नाटी से मचाया धमाल

**राष्ट्र** स्तरीय विंटर कार्निवाल की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक ठाकुर दास राठी ने नाटी व अन्य गीत गाकर मनु रंगशाला में खूब धमाल मचाया। इससे पहले स्थानीय लोक कलाकारों ने खूब रंग जमाया। अंतिम संध्या में विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, स्थानीय कलाकारों जोगिंद्र, इंद्रजीत, आईएस चांदनी, रमेश कटोच, नितिन कौशल हिंदी व पहाड़ी गीत गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया

### लक्ष्मी बनी वॉयस ऑफ कार्निवाल की विजेता

**विंटर** कार्निवाल के फाइनल में सात प्रतिभागियों में कांटे की टक्कर हुई। पहले राउंड में दो-दो प्रतिभागियों ने मिलकर धूम मचाई। फाइनल राउंड में जजों द्वारा बताए गानों को सुनाकर धूम मचाई। जिसमें अमित, स्मृति, विवेक, हरीश, संजय, कुणाल व लक्ष्मी ठाकुर ने धमाल मचाया। लक्ष्मी ने वॉयस ऑफ कार्निवाल का खिताब अपने नाम किया, जबकि फर्स्ट रनरअप कुणाल सूद और सेकेंड रनरअप हरीश ठाकुर रहे।

# युवतियों को मॉडलिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए करूंगी प्रेरित : निशा

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल में विंटर क्वीन का ताज अपने नाम करने वाली निशा ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मम्मी को दिया है।




बकौल निशा वह मॉडलिंग की दुनिया के अंतिम मुकाम तक पहुंचना चाहती है। उनके अनुसार विंटर क्वीन का ताज पाना उनका सपना था। इसके लिए उन्होंने खूब मेहनत की। अब वह मिस हिमाचल, मिस इंडिया एयर मिस यूनिवर्स तक पहुंचने को मेहनत करेगी। स्थानीय लड़कियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का कार्य वह करती रहेगी।

### ग्रूमर बन लड़कियों को मॉडल बनाऊंगी : कोहिनूर

**विंटर** क्वीन स्पर्धा में फर्स्ट रनरअप रही शिमला के ननखरी की कोहिनूर सरकेक मॉडलिंग के क्षेत्र में नाम कमाना चाहती है।



कोहिनूर के अनुसार वह ग्रूमर बनकर लड़कियों को इस क्षेत्र में आगे लाएंगी। इंजीनियर राकेश सरकेक और माता ज्योति के घर जन्मी कोहिनूर मिस ट्रीन ऑफ इंडिया और मिस हिमाचल के खिताब जीत चुकी हैं। एमबीए की पढ़ाई करने के साथ मे मॉडलिंग में भविष्य तलाशेगी। उसका कहना है कि ग्रूमर बनकर वह हिमाचल की अधिक से अधिक लड़कियों को आगे लाने का कार्य करेगी।

### सौंदर्य प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देना उद्देश्य : भव्या पंडित

**मिस** डीपीएस, मिस चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का खिताब जीतने वाली मनाली के डोभी की भव्या पंडित का लक्ष्य सौंदर्य प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देना है।



उसका कहना है कि विंटर क्वीन की अन्य विजेताओं के साथ मिलकर वह इसके लिए कार्य करेगी। बीबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह एमबीए का कर रही है। भव्या पंडित के पिता अनिल शर्मा बागवान हैं, जबकि माता बिंदिया शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता के प्रेरित करने पर ही वह इस मुकाम पर पहुंची है।

### निशा का ढोल-नगाड़ों से किया स्वागत

**विंटर** क्वीन प्रतियोगिता की विजेता मनाली के प्रीणी गांव की निशा ठाकुर का ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि निशा के मनाली विंटर क्वीन बनना सभी के लिए गर्व की बात है। वहीं, निशा के पिता रेवत राम ने कहा कि उनकी बेटी की सफलता से पूरे परिवार में खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि बेटी निशा का गांव आने पर भव्य स्वागत किया है और ग्रामीणों ने बेटी को अपना आशीर्वाद दिया। वहीं, माता कमला देवी पूर्व बीडीसी मेंबर ने कहा है कि मेरी बेटी के मनाली विंटर क्वीन बनने पर हम बहुत खुश हैं।

# इलेक्ट्रिशियन की ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षुओं को बांटे बैग

**अनंत ज्ञान, सैंज**

- सैंज लोक मित्र केंद्र में निदेशक उदय डोगरा ने दी सौगात

सैंज बाजार में नालागढ़ स्थित लोकमित्र केंद्र में इलेक्ट्रीशियन संबंधित ट्रेड का 15 दिवसीय प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं को डिवीटीआई के निदेशक उदय डोगरा ने रविवार को बैग व डायरी बांटी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चार जनवरी को खादी ग्रामोद्योग के कार्यकारी अधिकारी धर्मपाल ने शिविर का शुभारंभ किया, जबकि 20 नव-प्रशिक्षुओं को मास्टर ट्रेनरों द्वारा भारत सरकार के उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भारत सरकार सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्रालय कई तरह की योजना चला रहा है, जिसमें इलेक्ट्रिशन ट्रेड भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभाग इस तरह के शिविरों का आयोजन करता रहेगा। डीवीआइटी के प्रबंध निदेशक उदय डोगर ने कहा कि उनके संस्थान कई तरह के छोटे-छोटे शिविर का आयोजन करता आया है और आगे भी इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाएगा। लोक मित्र संचालक सुमन पालसरा ने बताया कि इससे पूर्व बीस प्रशिक्षुओं को हमारे सेंटर में प्लंबर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और अब 20 अन्य प्रशिक्षुओं को इलेक्ट्रिशन संबंधित ट्रेड की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित रहे।


प्रशिक्षुओं को बैग बांटते उदय डोगरा, साथ हैं अन्य।

# मंदिर से चरण पादुका उठाने पर तीन पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

- त्रिलोकीनाथ मंदिर से उदयपुर के ठाकुर वीर बहादुर सिंह ने उठाई थी चरण पादुका
- कुल्लू के जितेंद्र, शिमला के विकास ने सोशल मीडिया में फैलाया था धार्मिक उन्माद

लाहौल-स्पीति के उदयपुर स्थित त्रिलोकी नाथ मंदिर से चरण पादुका को जबरदस्ती मंदिर से उठाकर ले जाने और सोशल मीडिया में धार्मिक उन्माद फैलाने को लेकर उदयपुर पुलिस थाने में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। यह मामला उदयपुर के त्रिलोकी नाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम उदयपुर केशव राम की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

एसडीएम उदयपुर की ओर से दी गई शिकायत में कहा गया है कि त्रिलोकीनाथ के ठाकुर वीर बहादुर सिंह 24 दिसंबर को त्रिलोकीनाथ मंदिर से जबरदस्ती चरण पादुका उठाकर ले गया, हालांकि पुलिस को इसकी सूचना मिलने के बाद जगह-जगह नाके होने पर चरण पादुकाएं फिर से मंदिर लाई गईं, लेकिन उसके बाद सोशल मीडिया में ठाकुर वीर बहादुर सिंह और कुल्लू के जितेंद्र व शिमला के विकास नाम के व्यक्तियों ने सोशल मीडिया में धार्मिक उन्माद फैलाने का काम किया। अब उदयपुर पुलिस थाना में तीनों व्यक्तियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया क्योंकि उपरोक्त व्यक्तियों ने एसडीएम एवं त्रिलोकी नाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के खिलाफ भी अभद्र टिप्पणियां की थीं, जो मंदिर के संविधान के खिलाफ है। शिकायत में कहा गया है कि ठाकुर वीर बहादुर सिंह मनमर्जी से मंदिर में घुसता है और पूजा-अर्चना करता है जबकि इसके लिए सिर्फ मंदिर का पुजारी यानी लामा ही अधिकृत होता है। उधर, पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच डीएसपी को सौंपने की तैयारी चल रही है।

### हर हाथ अनंत ज्ञान


कनौन पंचायत के सुभाष ठाकुर, बीर सिंह और हरदेव सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आठ को

**पतलीकूहल।** 44वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए लाहौल-स्पीति बास्केटबॉल संघ की टीम का ट्रायल आठ जनवरी को कटराईं में आयोजित होगा। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया कि वर्ष 2023 की राज्य स्तरीय अंडर-19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता 14 से 16 जनवरी तक सरकाघाट, मंडी में आयोजित होगी। जिसमें जिला लाहौल-स्पीति की टीम भाग लेगी। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि यह ट्रायल जिला बास्केटबॉल संघ के चेयरमैन मदन बौद्ध की देख-रेख में आयोजित होगा। ट्रायल के बाद जो खिलाड़ी चयनित होंगे, उनके लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद सभी खिलाड़ी 13 जनवरी को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंडी रवाना होंगे।

### रुकसाना की मदद को आया कैप्टन प्रेमजीत रोकपा ट्रस्ट

**कुल्लू।** किडनी की बीमारी से जूझ रही रुकसाना के लिए कैप्टन प्रेमजीत रोकपा मेमोरियल ट्रस्ट ने की मदद के पेशकश। गत दिवस नगवाईं निवासी मुश्ताक की पत्नी रुकसाना जो कि पिछले एक साल से किडनी की बीमारी से जूझ रही है, की मदद के लिए केप्टन प्रेमजीत रोकपा मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से केप्टन प्रेमजीत रोकपा की बहन पी डोलमा जो कि इस ट्रस्ट के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करती हैं, ने 15 हजार रुपए की धनराशि भेंट कर उक्त परिवार को राहत दी। रुकसाना का इलाज चंडीगढ़ स्थित पीजीआई में चल रहा है। उक्त परिवार ने इलाज के लिए लगने वाली धनराशि जुटाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों से अपील की है कि उनकी इस मुश्किल घड़ी में अपनी क्षमता अनुसार आर्थिक मदद करें ताकि रुकसाना का इलाज पूरा करवा सके।


कैप्टन प्रेमजीत रोकपा ट्रस्ट की तरफ से मदद स्वरूप धनराशि भेंट करती हुई पी डोलमा।

# कुल्लू के मठ में कैंपर गाड़ी के टायर चोरी



कैंपर गाड़ी जिसके टायर चोरी हो चुके हैं।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू मुख्यालय से लगते सुल्तानपुर के पास मठ इलाके में सड़क पर पार्क की गइ कैंपर गाड़ी के दो टायरों को चोर देर रात चुरा ले गए। शनिवार को रात के समय लाहौल के तंजीन लादर सुपुत्र टशी छेरिंग निवासी रारिक गावं दारचा सुमदो की गाड़ी जो कि मठ में सड़क पर पार्क की गई के अगले दोनों टायरों को शातिर चोर रात के अंधेरे में मौका पाकर चुरा ले गए।

गौर रहे कि मठ में पार्किंग की सुविधा पर्याप्त नही है जबकि इस इलाके में गाड़ियों की भरमार है और सड़क भी संकरा है जिस कारण बहुत से लोग अपनी गाड़ियों को भेखली सड़क मार्ग जो कि मठ के लिंक रोड से जुड़ा है पर पार्क कर देते हैं जिस कारण चोरों को रात के समय में चोरी के लिए मौका मिल जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार मठ के इलाके में चोरी की घटनाओं में इजाफा जो रहा है और सड़कों पर पड़े गाड़ियों के टायरों की चोरी बहुत ही आम बात हो गई है।

# कुल्लू-मनाली की जनता को सीएम ने दी करोड़ों की सौगात

**कुल्लू।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू-मनाली की जनता को करोड़ों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही युवाओं के लिए स्टार्टअप योजना, गरीब बेसहारा और अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट घोषित करके उनकी शिक्षा, दीक्षा, प्रशिक्षण, यूनिफार्म आदि का पूरा खर्चा सरकार उठाएगी। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि सोलर प्लांट लगाने पर मिलेगी शत प्रतिशत सब्सिडी, बंजार क्षेत्र वश्लेऊपास बनाने को मंजूर युवाओं को मिलेंगी ई-टैक्सी और इलेक्ट्रिक बसें। उन्होंने बताया कि विधवा महिलाओं के बच्चों को शिक्षा का जिम्मा अब सरकार लेगी और उन्हें आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, मल्टीटास्क वर्कर, सुपरबाइजर के रूप में रोजगार भी दिया जाएगा और साथ ही अगले वित्तीय वर्ष से 1500 रुपए की सौगात भी दी जाएगी।


इंदु पटियाल

# शाईरोपा में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**शीला कौल, बंजार**

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शाईरोपा कार्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन पर एकदिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क तीर्थन रेंज शाई रोपा के वन परिक्षेत्राधिकारी परमानंद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान गृह रक्षा विभाग की ओर से आए विख्यात फायर फाइटर एवं मास्टर ट्रेनर कंपनी कमांडर कमल भंडारी द्वारा उपस्थित प्रशिक्षुओं को आपदा प्रबंधन जिसमें विशेषतया जंगल की आग, घरेलू आग, भूकंप और बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के बारे महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। हिमाचल गृह रक्षा विभाग के कंपनी कमांडर कमल किशोर भंडारी ने बताया कि प्राकृतिक आपदाएं कभी भी घटित हो सकती है इसलिए केवल जागरूक और सजग बनकर ही इससे होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की है कि यहां से प्राप्त जानकारी को अपने तक ही सीमित ना रखें बल्कि अपने परिवार, आस-पड़ोस, रिश्तेदारी और गांव के अन्य लोगों तक सांझा करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा, बचाव और उपायों की जानकारी प्राप्त हो सके। जिला कुल्लू के महशूर फायर फाइटर कमल भंडारी ने विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं के दौरान टैगिंग तकनीक, जंगल की आग, घरेलू आगजनी, घायलों को प्राथमिक उपचार और राहत एवं बचाव के दौरान इस्तेमाल होने वाले सुरक्षा उपकरणों के संचालन बारे भी बुनियादी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रशिक्षुओं के लिए आपदाओं में बचाव हेतु खुले में मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया जिसमें तेल की आग, बिजली और गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्क क्षेत्र की स्थानीय ग्राम पंचायत तुंग, ग्राम पंचायत मशियार, ग्राम पंचायत शिल्ली, ग्राम पंचायत पेखड़ी के जनप्रतिनिधियों, बीटीसीए के सदस्यों और विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)


शाईरोपा में आपदा प्रबंधन पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते स्थानीय ग्रामीण।


देश व दुनियाभर में बुनकर के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली कुल्लू की भुट्टिको सोसायटी के भ्रमण के दौरान जानकारी लेते कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा। इस मौके पर उनके साथ सोसायटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग।

### जंगल में लगी आग



कुल्लू। जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत बंदरोल के ब्यासर गांव के महिला मंडल की महिलाएं जंगल में आग बुझाते हुए। गौर रहे कि पिछले काफी दिनों से जिला के कई जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कुछ शरारती तत्वों द्वारा जंगलों में आग लगाकर वन संपदा को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ जीव-जंतुओं को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। रविवार को ब्यासर गांव के समीप भी जंगल मे अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाई गई। ऐसे में स्थानीय महिलाएं आग बुझाने के लिए आगे आईं।

**परंपरा** लाहौल-स्पीति अनूठी भौगोलिक सुंदरता के लिए ही नहीं बल्कि अपनी अनूठी परंपराओं के लिए जाना जाता है

# घर के आंगन में हो अगर चूने का निशान तो समझो है गंभीर बीमार

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति अपनी अनूठी भौगोलिक सुंदरता के लिए ही नहीं बल्कि अपनी अनूठी परंपराओं और मान्यताओं के लिए भी जाना जाता है, हालांकि बदलते नए दौर में बहुत से रीति-रिवाज को हम पीछे छोड़ चले हैं, मगर कुछ मान्यताएं अब भी ऐसी ही हैं जिनका अभी तक निर्वाहन किया जा रहा है।

शीत मरुस्थल स्पीति में आज भी कुछ मान्यताओं ऐसी है जिसका अब भी वैसे ही पालन हो रहा है जैसे पहले हुआ करता था। स्पीति घाटी में जब भी कोई मरीज गंभीर अवस्था में होता है तो ऐसे में मरीज के परिजन मरीज की सुविधा के लिए घर के बाहर आंगन में सफेद चुना लगा देते हैं जो कि घर के मुख्य द्वार के आसपास लगाया जाता है। जिसका संकेत यह होता है कि उक्त मकान में कोई मरीज गंभीर अवस्था में है और उक्त मरीज के परिजन किसी भी सूरत में मरीज को परेशान होने नहीं देना चाहते हैं। वैसे तो समाज में किसी के बीमार होने पर उक्त मरीज के कुशलक्षेम के लिए लोग मरीज के घर का रुख करते हैं, मगर स्पीति में अगर कोई गंभीर अवस्था में है और मरीज की हालत नाजुक जो तो ऐसे में मरीज के परिजन घर के बाहर चूना लगाकर सभी ग्राम वासियों के लिए संकेत छोड़ देते हैं कि उक्त मकान में मरीज की हालत गंभीर है। उक्त मकान के बाहर से किसी को चिल्ला कर उन्हें आवाज नहीं देना है और उक्त मकान के बाहर किसी भी तरह का शोर-शराबा नहीं करना है जो कि मरीज को आराम देने के लिए किया जाने वाला संकेत है।

स्पीति के रंगरिक गांव के निवासी तंडुप टशी, छेरिंग टशी, सोनम वांगचुक व संजीव कुमार कहते हैं कि जब भी मरीज का इलाज लाइलाज हो जाता है या फिर मरीज उम्र के उस पड़ाव पर पहुंच चुका हो जहां से मरीज के ठीक होने की गुंजाइश कम हो तो ऐसे में मरीज की खूब सेवा करते हुए घर मे पूजा-पाठ का माहौल बनाए रखते हैं। (अनंत ज्ञान)


स्पीति में घर के आगे लगे चूने के निशान जो कि मरीज की बीमारी की गंभीरता को दर्शाता है।

**मरीज के घर के बाहर से आवाज देने की होती है मनाही**

### घर के बाहर से चिल्लाने पर होती है मनाही

**स्पीति** में माना जाता है कि मरीज के घर के बाहर से चिल्ला कर आवाज लगाने से मरीज को शारीरिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है और चिल्ला कर आवाज देने से नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश कर मरीज को परेशान करती है, इसलिए लोग मरीज के घर के बाहर से गुजरते वक्त खामोशी से चलते हैं।

### घर के मुख्य दरवाजे पर लटकाया जाता है अभिमंत्रित लकड़ी का टुकड़ा

**स्पीति** में जिन के भी घर में गंभीर मरीज होते हैं, वहां मुख्य द्वार पर एक अभिमंत्रित लकड़ी का टुकड़ा भी लटकाया जाता है जो कि मरीज के घर के मुख्य द्वार को खटखटाने के काम आता है और इस लकड़ी के बारे में बताया जाता है कि इसे पहले अभिमंत्रित किया जाता है और उसके बाद ही द्वार पे लटकाया जाता है और इसी लकड़ी के माध्यम से ही मरीज के घर को खटखटा कर घरवालों को संकेत दिया जाता है कि कोई आया है। इस लकड़ी को स्पीति की स्थानीय बोली में तगतग कहा जाता है और ये कहा जाता है कि इस लकड़ी से मरीज के मुख्य द्वार को खटखटाने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है ओर भूत-प्रेत इस लकड़ी की आवाज से दूर भाग जाते हैं।

### टीम सहभागिता का स्थापना दिवस 28 फरवरी को


टीम सहभागिता की बैठक में उपस्थित राज्य निदेशक बीजू हिमदल व अन्य।

**कुल्लू।** सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही टीम सहभागिता 28 फरवरी को धूमधाम से अपना स्थापना दिवस मनाएगी। रविवार को टीम सहभागिता की बैठक राज्य निदेशक बीजू हिमदल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर बीजू ने बताया कि बैठक में एक तरफ जहां गत वर्ष के कार्यों पर चर्चा की गई, वहीं 28 फरवरी को स्थापना दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए योजना भी बनाई गई। उन्होंने बताया कि नशे और अन्य सामाजिक कार्यों के ऊपर छह साल से काम कर रही हिमाचल प्रदेश की संस्था सहभागिता की ओर से बीते रविवार को इस वर्ष की अपनी पहली सामान्य सदन की बैठक कुल्लू के जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यतः टीम सहभागिता कुल्लू, मंडी, लाहौल-स्पीति, चंबा एवं हमीरपुर के सदस्य मौजूद रहे।

साथ ही हिमाचल के दूसरे जिलों के सदस्य इस बैठक में गूगल मीट के माध्यम से जुड़े। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सहभागिता संस्था का छठा स्थापना दिवस था जो कि प्रतिवर्ष 28 फरवरी को संस्था के द्वारा मनाया जाता है। बैठक की शुरुआत सहभागिता राज्य प्रोजेक्ट प्रमुख पूर्ण चंद द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। उसके बाद संस्था के राज्य उपाध्यक्ष राज सिंघानिया तथा सभी पुराने सदस्यों ने अपना अनुभव नए सदस्यों के साथ साझा किया। सहभागिता कुल्लू की संयुक्त सचिव नेहा शर्मा द्वारा सभी के समक्ष बीते वर्ष की रिपोर्ट रखी गई। संस्था के राज्य सलाहकार सदस्य तुले राम ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया और सबका मनोबल बढ़ाया। बैठक का संचालन नेहा शर्मा द्वारा किया गया।

# श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन पूर्व पीएम मनमोहन व सोनिया की सोच का नतीजा

## राजेश धर्माणी ने क्यारी में स्वर्गीय सीता राम की स्मृति में निर्मित होने वाले मजदूर सदन का शिलान्यास किया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

एक करोड़ 50लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस भवन को हिमाचाल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन एंड मनरेगा मजदूर यूनियन इंटक, प्रदेश और ऑल हिमाचल पीडब्ल्यूडी, आईपीएच एंड कॉन्ट्रैक्टाइल वर्कर्स यूनियन के सदस्यों की ओर से स्व. निधि से निर्मित किया जाएगा।

श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी की सोच का नतीजा है, जो आज पूरे देश में गठित है। प्रदेश श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन भी मजदूरों को उनके अधिकारों की संरक्षण व संवर्धन के लिए किया गया है। बोर्ड में जो भी सुधार की आवश्यकता है, उसे पूर्ण करने के लिए सभी संगठनों को साथ बिठाकर संवैधानिक रूप से समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। मजदूरों के हकों का दुरुपयोग न हो इस संबंध में कड़े कदम उठाए जाएंगे, इंटक के सुदृढ़ीकरण के लिए जो भी निर्णय लेने होंगे, उसके प्रति एकजुट होकर कार्य किया जाएगा।



राजेश धर्माणी स्व. सीता राम की स्मृति में निर्मित होने वाले सदन का शिलान्यास करते हुए।

पूर्व में केंद्र में कांग्रेस की सरकारों ने लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य व अन्य अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिए थे। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह ने अपने संबोधन में श्रमिक कल्याण बोर्ड के अंतर्गत मजदूरों के पंजीकरण एवं अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार के ध्यान लाने का आग्रह किया। बोर्ड के अंतर्गत क्लेम और बंद पड़े रजिस्ट्रेशन को प्रारंभ किया जाए इस संबंध में भी निर्णय लेने की अपील की। मजदूरों के लिए बंद की गई योजनाओं को पुनः बहाल कर बोर्ड के कार्य को सुचारु रूप से चलने के लिए भी अपील की। इस मौके पर कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल, प्रधान क्यारी पंचायत अनीता, कांग्रेस अध्यक्ष अंजना, अभिषेक एनएसयूआई अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### सकारात्मक बदलाव के लिए स्कूलों की भूमिका अहम



**घुमारवीं।** कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं स्थित नोपस पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षण एवं अन्य गतिविधियों में वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करने से पूर्व अपने संबोधन में ये विचार व्यक्त किए। समाज के सुदृढ़ीकरण व बदलाव तथा अच्छे नागरिकों का निर्माण शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। बच्चों को आगे बढ़ने के लिऐ ऑलराउंडर होना अवश्य है। शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी अनिवार्य है। उन्होंने नोपस स्कूल के मध्यम से स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बच्चों के लिए साइंस-डे, स्टूडेंट्स को अपनी स्ट्रेंथ को नापने और पूर्ति के लिए किया जा रहे कार्य के लिए स्कूल की सराहना की। नोपास स्कूल बच्चों के इंग्लिश स्पेलिंग सुधारने के प्रयासों से अच्छे परिणाम निकलेंगे उन्होंने बच्चों के इंग्लिश उच्चारण के प्रति भी कार्य करने के निर्देश दिए। स्कूल की ओर से बच्चों का हस्त सुलेख सुधारने की दृष्टि से कैलीग्राफी, नेचर वॉक, पोर्टफोलियो बुक तथा मैनेजमेंट स्किल जैसे विषयों के प्रति बच्चों का ध्यान आकर्षण करने के लिए भी स्कूल की प्रशंसा की।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 को घरों में जलाएं दीपक



टोलियों की ओर से अयोध्या से आए अक्षत, राम मंदिर का चित्र वितरित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में खुशी के साथ दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण देने के लिए घुमारवीं में टोलियों की ओर से अयोध्या से आए अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक वितरण किए गए।

टोली के सदस्यों में से एक सदस्य ने पूजित अक्षत, दूसरे ने श्री राम मंदिर का चित्र एवं तीसरे सदस्य ने निमंत्रण पत्रक वितरण किया। प्रत्येक टोली से एक सदस्य ने निमंत्रण के विषय में जानकारी दी। टोली के सभी सदस्य जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। घुमारवीं के संयोजक विपन चंदेल ने बताया कि आठ बस्तियों में लोगों को निमंत्रण दिए जाने का कार्य एक से चल रहा है और यह 15 जनवरी तक तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा कर लिया जाएगा। उनकी टोलियों ने घर-घर इस अभियान की शुरुआत की है। टोलियों के सदस्य आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत के साथ न्योता लेकर उनके घर पहुंच रहे हैं। विपन चंदेल ने कहा कि प्रभु श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूरा कर जब अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्या के नगरवासियों ने दीपावली मनाकर उनकी वापसी पर खुशी दिखाई थी। वैसे ही 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में शहर में हम दीपावली मनाएंगे। संपर्क अभियान में लोगों से अपील करेंगे कि 22 जनवरी की शाम वह घरों के बाहर दीपक जलाएं।

# विंटर कार्निवाल की तर्ज पर होगा वॉटर स्पोर्ट्स कार्निवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मंडी भराड़ी फोरलेन पुल के पास स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन अध्यक्ष सराज अख्तर एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि वॉटर स्पोर्ट्स के महासचिव एवं टेक्निकल ऑफिशल इशान अख्तर ने शिरकत की।

हिमाचली परंपरा अनुसार गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत, हेमराज ठाकुर, रवि समरजीत ने हिमाचली शाल देकर इशान अख्तर को सम्मानित किया। बैठक में गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने हेतु एवं पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु निर्णय लिया कि विंटर कार्निवाल की तर्ज पर वॉटर स्पोर्ट्स कार्निवाल आयोजित किया जाएगा।



गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों सराज अख्तर, निर्मला राजपूत, हेमराज ठाकुर, सुनंदा, समरजीत, पुनीत चंदेल, अनीता शर्मा ने बताया कि गोबिंदसागर झील (सतलुज नदी) एवं पौंग डैम को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभर कर सामने लाने एवं निखारने के लिए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन प्रदेश सरकार, पर्यटन विभाग एवं अटल बिहारी पर्वतारोहण खेल संबंधित संस्थान मनाली के माध्यम अप्रैल महीने में गोविंदसागर झील बिलासपुर एवं सितंबर महीने में जिला कांगड़ा के पौंग डैम में राष्ट्रीय स्तरीय वॉटर स्पोर्ट्स कार्निवाल का आयोजन करेगा। प्रदेश सरकार के सहयोग से हजारों बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। गोबिंदसागर झील एवं पौंग डैम को मिनी स्विट्जरलैंड की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस मौके पर रेनबो स्टार क्लब के सदस्य आरती ठाकुर, दीक्षा कुमारी एवं लाडली फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा एवं चंडीगढ़ हाई कोर्ट के एडवोकेट स्नेहिल सुद विशेष रूप से मौजूद रहे।

# सोच समझ कर बोला करें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्य उपाध्यक्ष पूर्णेंद्र मोहन कश्यप ने भाजपा के केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से सोच-समझ कर बात करने का आग्रह किया है। शायद जिस पद पर वे इस समय विराजमान हैं, उसे वे पचा नहीं पा रहे हैं और उसकी गरिमा व शालीनता को बचाने में भी असफल हो रहे हैं क्योंकि कई बार वे बिना सोचे-समझे अपने विरोधियों के विरुद्ध ऐसी बातें कह देते हैं, जो उनके पद के अनुरूप शोभा नहीं देती हैं।

पूर्णेंद्र मोहन कश्यप ने कहा कि वैसे अपने विरोधियों पर आधारहीन आरोप लगाना और फिर उन्हें तुरंत प्रभाव से दोषी घोषित करने के साथ ही उन्हें दंड भी सुना देने की पुलिस, जज और जेलर की भूमिका निभाने की आदत भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं की पुरानी आदत है और इस फन के वे काफी बड़े उस्ताद हैं क्योंकि इसी फन को अपनाते हुए उन्होंने कभी ईडी, तो कभी सीबीआई और कभी इन्कम टैक्स जैसी एजेंसियों के माध्यम से देश के अधिकांश बड़े-बड़े विरोधी नेताओं को बदनाम करने के हथकंडे अपनाए हुए हैं।

# बैठक में छाया पेंशनर्स की अनदेखी का मुद्दा

## हिमाचल परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन बिलासपुर इकाई की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन बिलासपुर इकाई की बैठक रविवार को घुमारवीं में संगठन जिला अध्यक्ष कृष्ण ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इसमें जिला के लगभग 80 पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक में नववर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी गईं तथा पिछले चार महीने से समय पर पेंशन देने के लिए विभाग का धन्यवाद भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल जो कि 21 दिसंबर 2023 तक था, उसे दो महीने के लिए बढ़ाया गया है, ताकि प्रदेश कार्यकारिणी की उपस्थिति में जिला कार्यकारी के चुनाव करवाए जा सकें। इसके साथ ही 70 वर्ष पूरा कर चुके पेंशनर्स को भी सम्मानित करने का प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में सरकार की ओर से परिवहन पेंशनर्स की अनदेखी का मुद्दा छाया रहा। संगठन जिला अध्यक्ष कृष्ण ठाकुर ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मशाला में पेंशनर्स केवल अपनी समस्याओं को सरकार के समक्ष रखना चाहते थे, लेकिन जिस तरह का भेदभाव पेंशनर्स के साथ किया गया, वह निंदनीय था।



हिमाचल परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन बिलासपुर इकाई की बैठक में मौजूद लोग।

उन्होंने सरकार को चेताया कि जो सरकार हिमाचल पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स के लिए कार्य करेगी, पेंशनर्स उसी सरकार का साथ देंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक 2016 के बाद पेंशनर्स को बीमा राशि तक नहीं मिल पाई है। महंगाई भत्ते का एरियर सभी विभागों के पेंशनर्स को मिल चुका है, जबकि परिवहन पेंशनर्स अभी तक इस एरियर का इंतजार कर रहे हैं। 65-70-75 की आयु पर पेंशन वृद्धि अन्य विभागों की तरह परिवहन पेंशनर्स को भी मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार से यह निवेदन भी किया है कि वह सुप्रीम कोर्ट जाने के बजाए परिवहन पेंशनर्स को बकाया का भुगतान करें। उन्होंने बताया कि परिवहन पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का भी भुगतान जल्द किया जाना चाहिए। उम्र के इस पड़ाव पर परिवहन पेंशनर्स को अगर मेडिकल बिलों का भुगतान सही समय पर नहीं किया जाना बहुत बड़ा अन्याय है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को सरकार बैठक के लिए बुलाए और उनकी समस्याओं का समाधान करे।

# नयना देवी में नव वर्ष के पहले रविवार के दिन श्रद्धालुओं का लगा तांता



मंदिर में लगी भीड़।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में नव वर्ष के पहले रविवार के दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया था, लेकिन ठंड के बावजूद दोपहर के समय श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दरबार में देखने को मिली।

मंदिर के बाहर तैनात होमगार्ड के जवानों ने भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और मंदिर के अंदर तैनात एक्स सर्विसमैन फौजियों ने श्रद्धालुओं को माता के दर्शनों के लिए लंबी-लंबी लाइनों में भेजा और व्यवस्था पूरी तरह सुचारु बनी रही।

रविवार के दिन पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं की ओर से माता के मुख्य द्वार और निकासी द्वार पर श्रद्धालुओं के लिए चाय की व्यवस्था की गई थी।

# झंडूता के विकास में नहीं रखी कमी

## कोटधार क्षेत्र भी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहाः कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि पिछले छह वर्षों में इस विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी गई है। पिछड़ा कहा जाने वाला कोटधार क्षेत्र भी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

गोबिंदसागर पर निर्मित ऐतिहासिक बागछाल पुल जहां इस क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा, वहीं कुटबौंगड़ जैसी बड़ी पेयजल योजना से लोगों को पानी की समस्या से भी निजात मिली है। कोटधार क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए 200 करोड़ रुपए की एक योजना पर भी जल्द काम शुरू किया जाएगा। इससे यह क्षेत्र जहां आर्थिक रूप से समृद्ध होगा, वहीं युवाओं और अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। जीतराम कटवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाते हुए रविवार से पदयात्रा शुरू की। इसका उद्देश्य विधानसभा के कुल 108 में से उन 66 बूथों को कवर करना है, जिनमें विधानसभा के शीतकालीन सत्र अथवा अन्य जरूरी कार्यों में व्यस्तता के कारण वह स्वयं नहीं पहुंच पाए थे।



झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

पदयात्रा के पहले दिन उन्होंने धणी पंचायत के खरली, धनौला, ससोटा और पपलोआ पंचायत के गाह बूथ का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने जहां मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी, वहीं झंडूता में पिछले छह वर्षों में हुए विकास पर प्रकाश डाला व लोगों की समस्याएं सुनीं।

# कांग्रेस विरोधी नेताओं को आजादी के इतिहास को ध्यान से पढ़ना चाहिए

**घुमारवीं।** कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता एवं राज्य सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा ने आश्चर्य व्यक्त किया कि जो पार्टी व नेता स्वयं देश के विभिन्न वर्गों व समाज में विघटन डालने और भाई को भाई से लड़ाने के लिए जाने जाते हैं, वही नेता उलटे कांग्रेस पार्टी पर देश तोड़ने और समाज के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोप लगाकर हंसी का पात्र बन रहे हैं।

**कांग्रेस पार्टी के दिए बलिदानों का नहीं पता**

सुनील शर्मा ने कहा कि वास्तव में ऐसे कांग्रेस विरोधी नेताओं को आजादी के इतिहास को ध्यान से पढ़ना चाहिए। क्योंकि उनके वक्तव्यों से बिलकुल नहीं लगता कि उन्हें आजादी के इतिहास और उसके लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से दिए गए बलिदानों का कुछ भी पता नहीं है। यदि उन्हें पता होता, तो इस प्रकार के आधारहीन और बेतुके आरोप नहीं लगाते। सुनील शर्मा ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और उनके बड़े सुपुत्र राजीव गांधी तक कांग्रेस पार्टी का इतिहास एक के बाद एक देश की आजादी व उसके बाद देश की एकता व अखंडता के लिए दिए गए बलिदानों से भरा पड़ा है, फिर भी भाजपा के इन नेताओं को लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी कथित देश को तोड़ने का काम कर रही है।

**अभियान** संस्कार संस्था की ओर से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा-

# एक ग्राम चिट्टा हो या ज्यादा, किसी की भी जमानत न हो

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

एक ग्राम चिट्टा पकड़े जाए या 500 ग्राम किसी की भी जमानत न हो ऐसा कानून बनना चाहिए और जेल होनी चाहिए। संस्कार संस्था की ओर से चलाए जा रहे अभियान घुमारवीं अगेंस्ट 'चिट्टे' के अंतर्गत संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने लुहारवी पंचायत में कही।

उन्होंने कहा कि हमें बच्चों का अच्छा मोहाल देना होगा, ताकि बच्चे अपने माता-पिता के साथ पूरी दिनचर्या को खुल कर बताए। गांव के बड़े बुजुर्गों से आग्रह किया कि गांव में आने वाले अनजान व्यक्ति की जरूर पूछताछ करे। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि हमें जागरूक होना होगा तभी पुलिस और सरकार चिट्टा सप्लायरों पर सख्त कार्रवाई होगी। अगर हमारे बच्चे बचेंगे तभी समाज बचेगा और देश सुरक्षित होगा।





अभियान के अंतर्गत महेंद्र धर्माणी लोगों को जागरूक करते हुए।

चिट्टा बेचने वाले एक साल में ही बड़ी-बड़ी गाड़ियां, बड़े-बड़े घर बना लेते हैं और आम आदमी पूरी जिंदगी नौकरी करने पर भी मुश्किल से घर बना पाता है। चिट्टा सप्लायर पैसों के लालच में हमारी युवा पीढ़ी को नशे के जंजाल में फंसा रहे हैं, हमें मिलकर इन चिट्टा सप्लायरों से बच्चों को दूर रखना पड़ेगा।

### संस्था समाज के लिए कर रही नेक काम



लुहारवी पंचायत के उपप्रधान प्रदीप रतवान ने कहा कि संस्था की ओर से चिट्टे के खिलाफ जो अभियान चलाया है, ये समाज के लिए बहुत ही नेक काम कर रहा है हम सभी को मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि हमारे बच्चे सुरक्षित रह सके। संस्था चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है, जिसका हम सभी को हिस्सा बनना चाहिए ।

**अभियान में ये रहे मौजूद**

इस अभियान में लुहारवीं पंचायत की प्रधान आशा ठाकुर, उपप्रधान प्रदीप रतवान, पूर्व प्रधान कर्म सिंह चंदेल, बीडीसी सदस्य निशा शर्मा, घुमारवीं पंचायत प्रधान किशोरी लाल शर्मा, सुरेश ठाकुर, होशियार सिंह, धर्म सिंह, रविंद्र सिंह और बांके बिहारी, विरोचन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा के दौरे ने प्रदेश में किया चुनाव का शंखनाद

## मोदी की गारंटी ही देश की सबसे बड़ी गारंटी : महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का दौरा भव्य, कार्यकर्ताओं में जोश भरा रहा। उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल दौरे पर रहे और उनके स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम भव्य रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह तो था ही पर तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बाद संगठन में नई ऊर्जा का संचालन हुआ है। नड्डा के मार्गदर्शन ने कार्यकर्ताओं में दोगुना जोश बढ़ा दिया है। यह वक्तव्य भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने बिलासपुर से जारी एक बयान के माध्यम से कहा। मोदी की गारंटी ही देश की सबसे बड़ी गारंटी है, उन्होंने देश को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने का जो संकल्प लिया था, उसे पूरा कर दिखा गया है कि वे सिर्फ बोलने पर नहीं कार्य करने पर भी विश्वास रखते हैं। तीन राज्यों की जीत के बाद पूरे देश में और प्रदेश में भाजपा की जीत का मार्जिन बढ़ाना कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है। उन्होंने मीडिया को बताया कि केंद्र से 1782 करोड़ केवल आपदा की घड़ी के लिए प्रदेश को दिए गए, जबकि कांग्रेस प्रदेश को पीछे ले जाने का कार्य कर रही है।

### कांग्रेस सरकार बैक गियर की सरकार

कांग्रेस सरकार बैक गियर की सरकार व इंतजार की सरकार है। कांग्रेस राज में वेतन ठप, विकास ठप, जनकल्याण ठप, यह सरकार ही पूरी तरह से ठप है, जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से केवल संस्थान बंद करने के नाम पर स्कूल बंद करने का कार्य, महंगाई बढ़ने का कार्य किया है। यह जन विरोधी सरकार है और इस सरकार ने प्रदेश की जनता पर केवल बोझ डालने का काम किया है। अपनी गारंटियों को पूरा करने के बजाए प्रदेश के लोगों की सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सरकार सहानुभूति से नहीं संसाधनों से चलती है। प्रदेश सरकार को यह मान लेना चाहिए कि प्रदेश की जनता के साथ उन्होंने छलावा किया है।

# लोगों की समस्याओं का समाधान करना है सर्वोच्च प्राथमिकता : खट्टर

**एजेंसी, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जिला प्रशासन के अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो, यही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि विकसित भारत संकलप यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सभी विभागों की टीमें तब तक कार्यक्रम स्थल से न जाएं, जब तक वहां मौजूद नागरिकों के सभी प्रतिवेदन स्वीकार नहीं किए जाते। लोगों की समस्याओं का संपूर्ण समाधान सुनिश्चित हो यह फील्ड अधिकारियों की जिम्मेवारी है। मनोहर लाल राज्य में 30 नवंबर से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का हर सप्ताह जिला उपायुक्तों से यात्रा के संबंध में फीडबैक लेते हैं और प्रशासनिक या अन्य किसी भी प्रकार की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं देते हैं।

शुक्रवार को देर शाम भी मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ अहम बैठक कर उनसे यात्रा की प्रगति का फीडबैक लिया।

## चरखी दादरी का किसान खुद भी हैरान, कृषि विशेषज्ञ बोले- यह टोमेटो नहीं पोमेटो

# आलू के पौधे पर लगे टमाटर, जमीन में निकले आलू

**एजेंसी, चरखी दादरी**

किसान ने खेत में आलू की सब्जी लगाई तो तैयार होने पर आलू के पौधों पर टमाटर लगने शुरू हो गए। आलू के पौधों पर टमाटर लगे देखे किसान खुद हैरान हो गया। किसान ने सब्जी में टमाटर डाला तो स्वाद भी बिलकुल वैसा ही मिला। किसान द्वारा अपने खेत में लगाई गई आलू की फसल में पौधों के नीचे आलू व उपर टमाटर लगे हैं। प्रकृति का ये अनोखा नजारा देखकर आसपास के लोग भी ऐसी खेती को देखने पहुंचे और आलू व टमाटर का ये अनोखा संगम देखने के बाद इसे प्रकृति का चमत्कार बताया। वहीं कृषि विशेषज्ञ ने बताया कि यह टोमेटो नहीं पोमेटो है जो पौधों के ऊपर लगे टमाटर जैसा दिखता है।



### किसान को नहीं हुआ विश्वास

गांव रानीला बास में प्रकृति का अनोखा करिश्मा देखने को मिला है। किसान ओमकार ने करीब अपने खेल में अढ़ाई एकड़ में आलू की फसल उगाई है। घर पर तैयार बीज उसने आधा एकड़ में लगाया और आलू की फसल लगभग तैयार भी हो चुकी है। ठंड के चलते आलू के पौधों के पत्ते झड़ने शुरू हो चुके हैं। जिसके चलते किसान ने उपर से पौधों को काटकर वहां से हटाने व आलू की खुदाई करने के बारे में सोचा। जब किसान ने पौधों की कटाई शुरू की तो वह आलू के इन पौधों के ऊपर गुच्छों में टमाटर लगे देख हैरान हो गया। उसके बाद उसने दूसरे किसानों को बताया तो किसी को उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ।

### टमाटर को सब्जी में डालकर देखा

**बाद** में जब वे खेत पहुंचे और टमाटर तोड़कर उन्होंने स्वयं खाकर इसका स्वाद चखा तो उन्हें इस पर विश्वास हुआ। ग्रामीणों ने पौधों को बारीकी से देखा तो पौधों के नीचे आलू मौजूद हैं जबकि ऊपर टमाटर लगे हुए है। वहीं किसान ओमकार व रणबीर सिंह ने बताया कि उसने बीते वर्ष भी आलू की खेती की थी लेकिन इस प्रकार को नजारा देखने को नहीं मिला और सब कुछ सामान्य था। उसने करीब दो साल पहले पास के गांव से आलू का बीज लिया था और पिछले वर्ष कुछ बीज तैयार करके आधा एकड़ में घर का बीज और दो एकड़ में बाजार से लाये बीज की रोपाई की थी। आधा एकड़ में आलू के अधिकांश पौधों पर टमाटर लगे हैं। उसने सब्जी में भी डालकर देखा तो टमाटर जैसा ही स्वाद मिला।

## वर्ल्ड न्यूज

### कैथल में हाड़ कंपा देने वाली ठंड, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कैथल।** रविवार को भी सूर्य देव ने दर्शन नहीं दिए। कैथल में पिछले 12 दिनों से धूप नहीं निकली है।लगातार हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण दिन भर लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। रविवार होने के कारण बाजारों में अधिक चहल पहल नहीं रही। अधिक ठंडक के चलते बाजार भी देरी से खुल रहे हैं। दुकानदान दिनभर अलाव का सहारा लिए दुकानों में अपना समय व्यतीत करते हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 15.1 व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया तथा वातावरण में दृश्यता 85 फीसदी तक दर्ज की गई।

### ट्रॉले की टक्कर से लोहे का बॉक्स गिरा, सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के एक उद्योग परिसर में ट्राला की टक्कर से लोहे का बाक्स सिक्योरिटी गार्ड के ऊपर गिर गया। इससे गार्ड की मौत हो गई। लापरवाही के आरोप में पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चालक ट्राला को छोडक़र मौके से भाग गया था। मृतक चंद्रशेखर मूल रूप से बिहार के जिला वैशाली के मदुरापुर के रहने वाला था। वह यहां परिवार के साथ सेक्टर-आठ सिही गांव में किराए के मकान में रहता था। वह सेक्टर-58 स्थित एक उद्योग में सिक्योरिटी गार्ड था। शनिवार को वह उद्योग में मौजूद था।

### भाजपा ने शुरू किया दीवार लेखन का कार्य, लिखा अबकी बार चार सौ पार

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने रानीपुर विधानसभा के चौक बाजार मंडल के रघुनाथ मंदिर बूथ संख्या 15 से दीवार लेखन का कार्य शुरू किया। दीवार लेखन में तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के नारे को प्रमुखता से लिखा जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी शैलेंद्र बिष्ट भाजपा, जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, रानीपुर विधायक आदेश चौहान सहित भाजपा के कार्यकर्ता धीरवाली पहुंचे और दीवार लेखन का कार्य शुरू किया। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए वातावरण बनाने के उद्देश्य से दीवार लेखन अभियान का कार्य शुरू किया गया है।

### एसटीएफ को मिली बड़ी कामयाबी दो लाख का इनामी डकैत गिरफ्तार

**देहरादून।** एसटीएफ ने गत वर्ष डोईवाला में हुई डकैती में शामिल दो लाख रुपए के इनामी मुख्य कुख्यात डकैत को मेरठ, उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध उत्तप्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल पत्रकारों को बताया कि थाना डोईवाला में घटित डकैती की घटना में शामिल यह अपराधी मुख्य भूमिका में था। इसकी गिरफ्तारी के लिए घटना के उपरांत काफी प्रयास किए गए, लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हो पाई थी।अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड की ओर से दो लाख इनाम की घोषणा की गई थी।

### 25 जनवरी को होगा ड्रोन से दवा डिलवरी का पहला ट्रायल

**हल्द्वानी।** कुमाऊं में आपात स्थित व दुर्गम क्षेत्रों के मरीजों तक ड्रोन से दवा पहुंचाने में नमो ड्रोन दीदी अहम भूमिका निभाएंगी। इसका पहला ट्रायल 25 जनवरी को हल्द्वानी मेडिकल कालेज से होने वाला है। नमो ड्रोन दीदी ड्रोन से सामग्री उतारना और उस पर सामग्री चढ़ाने का करेंगी। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार दीदी को प्रशिक्षण देगा। इसके बाद ड्रोन की कमान हर दीदी के हाथ में होगी। उत्तराखंड के ऋषिकेश एम्स में ड्रोन डिलिवरी प्रोजेक्ट के सफल परीक्षण के बाद अब हल्द्वानी के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भी इसका परीक्षण होने जा रहा है।

# नया रिकॉर्ड : पंजाब में एक दिन में लंबित पड़े इंतकालों के 31,538 मामले निपटाए

## राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने खुद दौरा करके कामकाज का जायजा लिया

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब में शनिवार को छुट्टी वाले दिन सभी तहसीलों और सब-तहसीलों में इंतकाल के पैंडिंग (लंबित) पड़े मामले निपटाने के लिए विशेष कैंप लगाए गए। इन कैंपों के दौरान इंतकाल के लंबित पड़े 31,538 मामले निपटाए गए हैं। एक दिन में इतने इंतकाल दर्ज करने का यह नया रिकॉर्ड है।

राजस्व मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने खुद होशियारपुर, फगवाड़ा, फिल्लौर, लुधियाना पूर्वी, लुधियाना पश्चिमी और शहीद भगत सिंह नगर तहसीलों का दौरा करके कामकाज का जायज़ा लिया। इस मौके पर उन लोगों के साथ बातचीत करके आ रही समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए। राजस्व मंत्री ने बताया कि जिन लोगों के इंतकाल के मामले पैंडिंग पड़े थे। उन्होंने संबंधित तहसील/सब-तहसील में पहुँच कर इंतकाल से संबंधित आ रही समस्या का मौके पर समाधान करवाया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार लोगों की परेशानियां घटाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहाकि राजस्व विभाग में यदि किसी भी स्तर पर लोगों को अपने कार्य करवाने में कोई दिक्कत आती है तो मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा इस संबंधी हेल्पलाइन नंबर 8184900002 जारी किया हुआ है, जिस पर लिखित शिकायत वाट्सऐप की जा सकती है। एनआरआई अपनी लिखित शिकायतें 9464100168 नंबर पर भेज सकते हैं। जिक्र योग्य है कि राजस्व मंत्री आने वाले दिनों में तहसील दफ्तरों का औचक दौरा कर कामकाज की समीक्षा करेंगे, जिससे लोगों को प्रशासनिक कार्य करवाने में कोई दिक्कत न आए। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी होशियारपुर तहसील का दौरा करके लोगों को पारदर्शी और परेशानी रहित सेवाएं देने की प्रतिबद्धता दोहरायी थी।

उन्होंने अपील की कि पंजाब से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए लोग सरकार का साथ दें और किसी भी जायज कार्य के लिए किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को कोई रिश्वत न दी जाए और यदि राजस्व विभाग का कोई अधिकारी/कर्मचारी किसी कार्य के बदले पैसा माँगता है तो बेझिझक होकर इसकी शिकायत की जाए। दोषी को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।



### किस जिले में कितने इंतकाल दर्ज हुए

**सबसे** ज़्यादा 6265 इंतकाल लुधियाना जिले में दर्ज किए गए। इसके बाद गुरदासपुर जिला दूसरे स्थान पर रहा जहाँ 2806 इंतकाल हुए। पटियाला में 1818, कपूरथला में 883, फ़तेहगढ़ साहिब में 667, तरन तारन में 693, बठिंडा में 543, फरीदकोट में 525, फ़िरोज़पुर में 971, मोगा में 838, होशियारपुर में 2686, जालंधर में 1718 और मानसा में 646 इंतकालों का निपटारा किया गया। अमृतसर जिले में 1324, शहीद भगत सिंह नगर जिले में 537, श्री मुक्तसर साहिब में 768, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर में 1943, पठानकोट में 814, बरनाला में 567, रूपनगर में 1326, मलेरकोटला में 713, संगरूर में 1093 और फाज़िल्का में 894 इंतकाल दर्ज किए गए हैं।

# हरियाणा की दो जूता फैक्ट्रियों में भीषण आग, करोड़ों का माल राख

**एजेंसी, बहादुरगढ़**

हरियाणा के बहादुरगढ़ में रविवार सुबह दो जूता फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्रियों में रखा करोड़ों रुपए का कच्चा और तैयार माल जलकर पूरी तरह से राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की करीब एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए, लेकिन अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ फैक्ट्री के अंदर होने के कारण फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

आग पर काबू पाने के लिए रोहतक, झज्जर सोनीपत और सांपला से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई हैं। मामला बहादुरगढ़ के सेक्टर 17 का है। यहां प्लॉट नंबर 315 में मशहूर उद्योगपति सुभाष जग्गा की टुडे फुटवियर नाम की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग प्लॉट नंबर 322 में स्थित कोलंबस फुटवियर फैक्ट्री तक जा पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। इतना ही नहीं, फैक्ट्री कर्मचारियों की मदद से फैक्ट्री के अंदर रखा काफी सामान भी बाहर निकालने की कोशिश अभी तक जारी है, लेकिन आग लगने के कारण फैक्ट्री के अंदर रखा करोड़ों रुपए का कच्चा और तैयार माल जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। इतना ही नहीं, दोनों फैक्टरियों के भवनों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। फायर ऑफिसर रविंदर कुमार ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे, लेकिन आग बहुत भीषण है और फैक्ट्री के अंदर ज्वलनशील केमिकल और रबड़ होने के कारण आज ज्यादा भड़क रही है इसीलिए रोहतक, झज्जर, सोनीपत और सांपला से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई हैं।

**अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को आग पर काबू पाना कठिन**



## जम्मू-कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री फिर से महबूबा की पार्टी में शामिल



**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता मुजफ्फर हुसैन बेग और उनकी पत्नी रविवार को महबूबा मुफ्ती की अध्यक्षता वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) में फिर से शामिल हो गए। रविवार को सईद की बरसी पर मुजफ्फर हुसैन बेग और उनकी पत्नी सफीना बेग पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद की समाधि पर पीडीपी में फिर से शामिल हो गए। मुफ्ती सईद का 7 जनवरी 2016 को दिल्ली में निधन हो गया।

बेग ने महबूबा मुफ्ती से मतभेद के बाद 14 नवंबर, 2020 को पीडीपी छोड़ दी थी। बेग ने तब कहा था कि वह उनसे सलाह किए बिना पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) में शामिल हो गई थीं। पीएजीडी का गठन 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश में अपग्रेड करने के बाद किया गया था। पीएजीडी के घटक दलों में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), पीडीपी, अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस सीपीआई (एम) और अकाली दल शामिल हैं। पीएजीडी का गठन अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए किया गया था।

पीडीपी छोड़ने के बाद, मुजफ्फर हुसैन बेग और उनकी पत्नी सज्जाद गनी लोन की अध्यक्षता वाली पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) में शामिल हो गए थे।

बेग और उनकी पत्नी सफीना ने महबूबा मुफ्ती और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अनंतनाग जिले के बिजबेहरा शहर में मुफ्ती सईद की समाधि पर पीडीपी में फिर से शामिल होने के अपने फैसले की घोषणा की।

## पंजाब में तीन विधेयकों को मिली मंजूरी, सीएम मान ने राज्यपाल का किया धन्यवाद

**चंडीगढ़।** पंजाब में तीन विधेयकों को मंजूरी मिल गई है। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने पंजाब विधानसभा द्वारा पारित 3 विधेयकों को मंजूरी दे दी है। ये तीनों विधेयकों में पंजीकरण, संपत्ति हस्तांतरण संशोधन शामिल हैं। पंजीकरण (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2023, संपत्ति हस्तांतरण (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2023 और भारतीय स्टाम्प (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2023 पंजाब विधानसभा द्वारा पारित थे जिन्हें राज्यपाल द्वारा मंजूरी दे दी गई है।



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने इस बारे में एक्स पर पोस्ट कर के जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का धन्यवाद भी अदा किया। उन्होंने लिखा, धन्यवाद राज्यपाल महोदयज्उम्मीद है कि अन्य सभी पंजाब समर्थक बिल भी जल्द ही मंजूर हो जाएंगे। उन्होंने लिखा, पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने पंजाब विधानसभा द्वारा पारित 3 विधेयकों को मंजूरी दे दी है। 1. पंजीकरण (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2023, 2. संपत्ति हस्तांतरण (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2023, 3. भारतीय स्टाम्प (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2023।

बता दें, मुख्यमंत्री भगवंत मान इन दिनों आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ गुजरात दौरे पर हैं। वहां वह 'आप' के जेल में बंद विधायक चैत्र वसावा और उनकी पत्नी से मुलाकात करेंगे।

## सूर्य की रोशनी के त्वचा से संपर्क होने पर मुफ्त में मिलता है विटामिन डी

**अनंत ज्ञान विशेष**

**हेल्थ टिप्स**



**डॉ. रामस्वरूप चांद**
(बीएएमएस,डीएनएनवाई)
(नगरोटा बगवां)

विश्वभर के आहारों में संभवतया विटामिन डी ही ऐसा न्यूट्रिएंट है जिसे काफी हल्के में लिया जाता है और अन्य खाद्य पदार्थों के मुकाबले कमतर आंका जाता है। यह शायद इसलिए भी हो सकता है क्योंकि यह सूर्य की रोशनी के त्वचा से संपर्क होने पर मुफ्त में ही मिल जाती है। प्राकृतिक तौर पर विटामिन डी की उत्पत्ति सूर्य की प्राकृतिक रोशनी में विद्यमान अल्ट्रावायलेट किरणों के त्वचा पर संपर्क से होती है।

इन अल्ट्रावायलेट किरणों के बारे में यह सच्चाई है कि यह किरणें धूप के साथ शीशे को नहीं लांघ सकती। इसलिए घर के अंदर या छाया में इन किरणों का लाभदायक संपर्क त्वचा से नहीं हो पाता और शरीर के लिए आवश्यक विटामिन डी उचित मात्रा में नहीं मिल पाती। हमारे शरीर की सरंचना ही ऐसी है कि हमें विटामिन डी की प्राप्ति के लिए धूप पर ही निर्भर रहना पड़ता है, क्योंकि सिर्फ भोजन से हमें इसकी उचित मात्रा नहीं मिल पाती। इसके साथ ही बदलते परिवेश में हमारी काम करने व रहने सोने की दिनचर्या में भारी बदलाव आया है।

इस कारण धूप से हमारा सामना कम ही हो पाता है। वैसे भी सूर्य किरणों के अभाव में शरीर के लिए विटामिन डी की रोजाना आवश्यक खुराक दिन में विटामिन डी सप्लीमेंट युक्त दूध के 10 गिलास पीने से ही पूरी हो सकती है जो कि एक असंभव सी प्रक्रिया है। इसलिए विटामिन डी की पूर्ति के लिए या तो भरपूर धूप स्नान किया जाए या फिर विटामिन डी की जांच करवाने के बाद निर्धारित साप्ताहिक खुराक लेना जरूरी है। जो कि चिकित्सकों की देखरेख में इंजेक्शन, सैशे और सॉफ्टजेल के रूप में आवश्यकता और सुविधानुसार दी जाती है।

## हरीश रावत ने फिर उठाया गन्ना किसानों के भुगतान का मुद्दा

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट के माध्यम से गन्ने की खरीद का मुद्दा उठाया है। रविवार को अपने ट्वीटर से ट्वीट करते हुए हरीश रावत ने कहा है कि गन्ने का पिराई का सीजन आधे से ज्यादा बीत चुका है। किसान को अभी भी अपने गन्ने का खरीद मूल्य मालूम नहीं है। किसान संगठन निरंतर आवाज उठा रहे हैं, हमने भी उनकी आवाज में आवाज मिलाने का काम किया था। बीच में अस्वस्थता के कारण मुझे किसान सम्मान यात्राएं स्थगित करनी पड़ी। अब मैंने तय किया है कि मैं 11 जनवरी, 2024 को दोपहर दो बजे, बालावाली चौक लक्सर से लक्सर की तहसील तक पदयात्रा करूंगा। हमारी मांग है, गन्ने का खरीद मूल्य घोषित करो ?425 के पार, मुआवजा देने में जो सरकार ने अपमान किया है। किसान का उसके लिए सरकार किसानों से क्षमा मांगे, ट्यूबवेल इत्यादि जो खराब पड़े हैं उनको जल्दी ठीक करो, मांगें बहुत सारी हो सकती हैं लेकिन प्रमुख मांग है गन्ने का खरीद मूल्य घोषित करो।



## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि ये आपकी सेहत पर असर डाल सकते हैं। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें- निवेश करने में काफी सावधानी बरतें।

**वृषभ :** आपकी समस्याएं आज आपके मानसिक सुख को नष्ट कर सकती हैं। अतिरिक्त आय के लिए अपने सृजनात्मक विचारों का सहारा लें। रिश्तेदारों से सहयोग मिलेगा और दिमागी बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**मिथुन :** इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक बीमारी का रूप ले लें, आप उन्हें खत्म कर दें। ऐसा आप किसी दान-पुण्य के काम में सहभागिता के जरिए कर सकते हैं, जिससे आपको मानसिक संतोष मिलेगा।

**कर्क :** खेलों और आउटडोर गतिविधियों में भागीदारी आपकी खोयी ऊर्जा को फिर से इकट्ठा करने में आपकी मदद करेगी। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए ऊर्जा से भरा दिन नहीं है और आप छोटी-छोटी बातों पर झुंझलाएंगे। आप घूमने-फिरने और पैसे खर्च करने के मूड में होंगे- लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है।

**कन्या :** आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारंपरिक तौर पर निवेश करें। अपना नज़रिया दोस्तों और रिश्तेदारों पर थोपने की कोशिश न करें। क्योंकि न सिर्फ यह आपके लिए कुछ ख़ास फ़ायदेमंद साबित नहीं होगा।

**तुला :** ऊंचे आत्मविश्वास का आज सही इस्तेमाल करें। भागदौड़ भरे दिन के बावजूद आप फिर ऊर्जा और ताजगी पाने में कामयाब रहेंगे। जल्दबाजी में निवेश न करें। नुकसान हो सकता है।

**वृष्चिक:** सेहत से जुड़ी परेशानियां असहजता का कारण बन सकती हैं। केवल एक दिन को नज़र में रखकर जीने की अपनी आदत पर काबू करें और जरूरत से ज़्यादा वक्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें।

**धनु:** रियल एस्टेट संबंधी निवेश आपको अच्छा-ख़ासा मुनाफ़ा देंगे। अपने परिवार की भलाई के लिए मेहनत करें। आपके कामों के पीछे प्यार और दूरदृष्टि की भावना होनी चाहिए, न कि लालच का जहर।

**मकर :** भरे-पूरे और संतुष्ट जीवन के लिए अपनी मानसिक दृढ़ता में वृद्धि कीजिए। दूसरों को प्रभावित करने के लिए ज़रूरत से ज़्यादा खर्चा न करें। नाती-पोतों से आज काफ़ी ख़ुशी मिल सकती है।

**कुंभ :** कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। हिम्मत न हारें और इच्छित फल पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इन नाकामियों को तरक्की का आधार बनाएं। मुश्किल घड़ी में रिश्तेदार भी काम आएंगे।

**मीन :** धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। जिन लोगों के साथ आप रहते हैं वे आपसे बहुत खुश नहीं होंगे।

### आज का पंचांग

(8 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि :** द्वादशी 00:01 सुबह तक, **नक्षत्र :** अनुराधा 10:03 रात्रि, **पक्ष :** कृष्ण, **राहुकाल :** 08:33-09:51 सुबह तक।

### विशेष दिन

08 जनवरी 2009 को पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत ने लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की।

सूर्योदय : 07:15
सूर्यास्त : 05:40

## बाजार

### भारतीय शेयर बाजार पर बढ़ा भरोसा, करीब 4,800 करोड़ रुपए का किया निवेश

# नए साल में विदेशी निवेशकों ने की जबरदस्त खरीददारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार पर विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। विदेशी निवेशक शेयर बाजार में जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में साल के पहले सप्ताह में खूब निवेश किया है। देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद को लेकर आशान्वित एफपीआई ने जनवरी के पहले सप्ताह में शेयर बाजारों में करीब 4,800 करोड़ रुपए डाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 4,000 करोड़ रुपए लगाए हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि 2024 में अमेरिका में ब्याज दरों में लंबे समय तक गिरावट की उम्मीद है, जिससे एफपीआई अपनी खरीदारी बढ़ाएंगे। खासकर आम चुनावों से पहले नए साल के शुरुआती महीनों में उनका निवेश बढ़ेगा। कुल मिलाकर बीते साल यानी 2023 एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 2.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसमें से 1.71 लाख करोड़ रुपए का निवेश शेयरों में 68,663 करोड़ रुपए का ऋण या बॉन्ड बाजार में रहा है।



### 023 में 2.4 लाख करोड़ रुपए का एफपीआई निवेश आया

साल 2023 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपए का निवेश आया। इसमें से 1. 71 लाख करोड़ रुपए का निवेश इक्विटी और 68,663 करोड़ रुपए का लोन (डेट) या बॉन्ड मार्केट में किया गया। साल 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ 1.21 लाख करोड़ रहा था। यह पिछले तीन साल का सबसे खराब आंकड़ा था।

### बाजार में बढ़ेगा निवेश

**इसके** अलावा 2024 में ऋण बाजार में भी एफपीआई का प्रवाह अच्छा रहने की उम्मीद है। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने (पांच जनवरी तक) भारतीय शेयरों में 4,773 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले दिसंबर में उन्होंने शेयरों में 66,134 करोड़ रुपए और नवंबर में 9,000 करोड़ रुपए डाले थे। एफपीआई का ताजा प्रवाह ऐसे समय में आया है जब निवेशक पिछले सप्ताह किनारे पर रहे और उन्हें फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे का इंतजार था। भारत के घरेलू निवेशकों का निरंतर प्रवाह, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अच्छे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े, कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजे और बैंकों की अच्छी सेहत विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार की तरफ आकर्षित कर रही है।'



# उभरता पर्यटन स्थलः रायपुर मैदान बना पर्यटकों का पसंदीदा स्पॉट

- वीकेंड पर पंजाब व अन्य जगहों से आते हैं पर्यटक
- प्री-वेडिंग शूट के लिए सुपर लोकेशन

झील से सटी रायपुर मैदान की साइट।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**


**ऊना** जिला पर्यटन की आपार संभावनाएं संजोए हुए है। कुटलैहड़ क्षेत्र में गोबिंदसागर झील से सटा रायपुर मैदान का एरिया बाहरी पर्यटकों के लिए वीकेंड का पसंदीदा स्थल बनकर उभर रहा है। इस एरिया की तरफ पंजाब के पर्यटक अपना रुख कर रहे हैं। गार्मियों में तो वीकेंड पर यहां पर्यटकों की आवाजाही काफी बढ़ जाती है, जो पर्यटक ऊना के रास्ते धर्मशाला, मैकलोडगंज, भागसूनाथ, पालमपुर इत्यादि स्थानों के लिए गुजरते हैं, उनका रायपुर मैदान में कुछ घंटों के लिए ठहराव जरूर होता है।

वहीं इस एरिया में प्री वेडिंग शूट का प्रचलन बढ़ा है, क्योंकि पूरा एरिया गोबिंदसागर झील से लगता है, जो प्री वेडिंग शूट की बेस्ट लोकेशन होने पर बाहरी राज्यों के कपल्स को खूब पसंद आ रहा है। यही वजह है कि पिछले पांच-छह सालों में रायपुर मैदान में झील से सटी इस लोकेशन पर पंजाब, हरियाणा व राजस्थान के काफी संख्या में कपल्स अपने-अपने प्री वेडिंग शूट करवा चुके हैं। रायपुर मैदान की लोकेशन पर चाहत फिल्म की शूटिंग हो चुकी है। इसके अलावा कई पंजाबी एलबमों के गाने यही पर शूट हो चुके हैं। वहीं कुछ दिन पहले पंजाब के विधायकों का एक दल भी इस एरिया की विजिट करके लौटा है।

बतातें चलें कि उभरते वीकेंड स्पॉट रायपुर मैदान के लिए रोड कनेक्टिविटी बेहतर है। चंडीगढ़ की तरफ से आने वाले पर्यटक नंगल से भाखड़ा डैम के रास्ते परोइयां होते हुए रायपुर मैदान पहुंच सकते हैं। ऊना से नेशनल हाई-वे 503ए से पीरनिगाह बीहड़ू होते हुए रायपुर मैदान पहुंचा जा सकता है। इस टूरिस्ट स्पॉट के लिए नंगल डैम और ऊना रेलवे स्टेशन नजदीक पड़ते हैं। जहां से पर्यटक टैक्सी से रायपुर मैदान पहुंच सकते हैं।

## वीकेंड टूरिज्म का बड़ा स्कोप

होटल व्यवसायी अभय पराशर ने कहा कि इस एरिया में वीकेंड टूरिज्म का बहुत स्कोप है। उन्होंने गोबिंदसागर झील के आसपास की प्राकृतिक सुंदरता बाहरी पर्यटकों को लुभाती है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने पर्यटक रायपुर मैदान में कुछ दिन व्यतीत कर सकते हैं। इसके लिए होटल की सुविधा भी उपलब्ध है। अभय पराशर कहते हैं कि इस एरिया में पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, जम्मू व राजस्थान के पर्यटक भी रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते छह वर्षों में होटल सी-रॉक की लोकेशन पर करीब छह हजार कपल्स के प्री-वेडिंग शूट हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्री-वेडिंग शूट का क्रेज निरंतर बढ़ रहा है।



गोबिंदसागर झील में वाटर स्कूटर की सवारी करते हुए।



झील में होती है एलबम की शूटिंग।

## सैलानियों के लिए है अच्छा विकल्प

**रायपुर** मैदान वीकेंड टूरिज्म के लिए बेहतर विकल्प है, जो बाहरी पर्यटक धर्मशाला, मैक्लोडगंज, पालमपुर, बैजनाथ, डल्हौजी और चंबा इत्यादि स्थानों के लिए आते हैं, वह ऊना से होकर आगे के लिए गुजरते हैं। उन पर्यटकों के लिए रास्ते में घूमने का बेहतर विकल्प है। क्योंकि झील के दोनों तरफ प्राकृतिक माहौल भी है, साथ ही पर्यटक लग्जरी सुविधाओं के लिए ट्राई कर सकते हैं। झील में मोटरबोट, वाटर स्कूटर और स्पीड मोटरबोट इत्यादि का आनंद उठा सकते हैं। झील में थ्री सीटर वाटर स्कूटर में 10 मिनट की राइड की सुविधा है, जिसमें प्रति पेसेंजर को 500 रुपए शुल्क देना होगा। इसी तरह स्पीड मोटरबोट में भी प्रति पेसेंजर 500 रुपए शुल्क रखा गया है। स्पीड मोटरबोट में एक साथ आठ पेसेंजर सवारी कर सकते हैं। इनकी राइड के लिए प्रत्येक पेसेंजर को सेफ्टी जैकेट पहननी भी जरूरी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चताड़ा पुल पर 68.53 ग्राम चरस पकड़ी

**ऊना।** सदर थाना के अंतर्गत पुलिस ने चताड़ा पुल के पास 68.53 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने महिंद्र पाल को गिरफ्तार किया है, जो चताड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस महिंद्र पाल चरस कहां से लाया, पूछताछ के दौरान उससे पुलिस उसके सोर्स का पता लगा रही है। उधर, एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि आरोपी के विरुद्ध मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एचआरटीसी बस से टकराई ट्रेक्टर ट्रॉली

**ऊना।** झलेड़ा के पास नेशनल हाई-वे 503 एक्सटेंशन पर गुरुग्राम जा रही एचआरटीसी बस से एक ट्रेक्टर ट्रॉली विपरीत दिशा से जा टकराई। यह घटना बीते शनिवार रात की है, जिसमें बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए और किसी को कोई चोट नहीं पहुंची है, लेकिन एचआरटीसी की बस को काफी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में बस के कंडक्टर अश्विनी कुमार ने थाना सदर में शिकायत दर्ज करवाई है। इसके आधार पर पुलिस ने नामालूम ट्रेक्टर ट्रॉली चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। उधर एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि नामालूम ट्रेक्टर ट्रॉली चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुरुद्वारा शहीदां में कीर्तन दरबार आयोजन



**ऊना।** ऊना में गुरुद्वारा शहीदां में रविवार को बाबा हजूरा सिंह की बरसी पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें भाई बलविंद्र सिंह रंधावा, दलजीत सिंह, बलविंदर सिंह मंसूरा, हरदीप सिंह, गोपाल सिंह बालीवाल, भूपिंदर सिंह, कुलदीप सिंह, बाबा संता सिंह और ओंकार सिंह ने संगतों को कथा कीर्तन से निहाल किया। कार्यक्रम में गुरुनानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस मौके पर महादेव मंदिर के बाबा मंगलानंद महाराज, बाबा गुरचरन सिंह, बाबा सुरिंद्र सिंह, हरपाल सिंह कोटला, जोग्मान सिंह, परमजीत सिंह, जसविंद्र सिंह, सुखविंद्र सिंह, बलविंद्र सिंह सहित काफी संख्या में संगतों ने भाग लिया।

# अंदरौली में टूरिज्म को देंगे बढ़ावा : बाली

## पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन ने किया एडवेंचर स्पोर्ट्स मेले का शुभारंभ, 10 करोड़ देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**हिमाचल** पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन आरएस बाली ने कहा कि अंदरौली टूरिस्ट स्पॉट को विकसित किया जाएगा, जहां गोबिंदसागर झील में शिकारा और हाउस बोट चलाए जाएंगे। शिकारा के अंदर कैफे और रूम की सुविधा उपलब्ध होगी। इस टूरिस्ट स्पॉट पर जेटी की सुविधा होगी। जिस पर पूरा फोकस किया जा रहा है। आरएस बाली रविवार को कुटलैहड़ के अंदरौली में हिमाचल एंडवेंचर स्पोर्ट्स मेला के शुभारंभ पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जगह जगह पर बहुत खूबसूरत डेस्टिनेशन है। उनमें कुटलैहड़ का अंदरौली भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अंदरौली प्रदेश में ऐसा टूरिस्ट स्पॉट होगा, जिसमें बाहरी पर्यटक आएंगे। बाली ने कहा कि प्रदेश को सेफ्टी और पीस के लिए जाना जाता है। इसलिए बाहरी पर्यटक काफी संख्या में हिमाचल में आते हैं। उन्होंने कहा कि अंदरौली में पंजाब के होशियारपुर से डेढ़ घंटे और चंडीगढ़ से दो घंटे में पहुंचा जा सकता है। इस डेस्टिनेशन में झील में किलोमीटर तक पानी फैला हुआ है और चारों तरफ पहाड़ हैं। ऐसा खूबसूरत नजारा कहीं नहीं मिलता है। उन्होंने अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स एक्टीविटीज के लिए परमिशन देने के लिए बीबीएमबी का थैंक्स किया, जिन्होंने प्रदेश सरकार को वाटर स्पोर्ट्स एक्टीविटीज के लिए परमिशन दी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक देवेंद्र भुट्टो ने भी इस एरिया में टूरिज्म को बढ़ावा के लिए इनीशेटिव लिया है। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सोच टूरिज्म को बहुत आगे ले जाने की है, जिससे दुनिया के नक्शे पर प्रदेश को आगे ले जाना है।




अंदरौली में हिमाचल एंडवेंचर स्पोर्ट्स मेले के शुभारंभ पर बोलते हिमाचल पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन व नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली।

उन्होंने कहा कि पूरे देश की टूरिज्म कैपिटल हिमाचल को बनाना है। ऐसा हिमाचल हमने बनाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच अलग अलग टूरिस्ट स्पॉट को विकसित करने की है। उन्होंने अंदरौली को टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर विकसित करने के लिए 10 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ को पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस मौके पर एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, बंगाणा के एसडीएम मनोज कुमार, अंब के एसडीएम विवेक महाजन, एटीडीओ रवि धीमान, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रामआसरा शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति अन्य उपस्थित रहे।

# मोदी की गारंटी और अनुराग ठाकुर की विकसित भारत यात्रा की उपराष्ट्रपति भी कर गए तारीफ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**राज्य** ह्यूमन राइट विंग के अध्यक्ष व जिला ऊना युवा मोर्चा के महासचिव अजय ठाकुर ने रविवार को बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा यानी मोदी की गारंटी की गाड़ी का लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

हमीरपुर में आए देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ भी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की जमकर तारीफ कर गए है। इससे यही साबित होता है कि हमीरपुर का छोकरा अब देश में भी लोकप्रिय हो चुका है।

अजय ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी गाड़ी को लेकर लोगों की भीड़ जुट रही है और केंद्र सरकार का आभार जता रहे हैं। जिला कुटलैहड़ में 30 नंवबर से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने अंतिम चरण है, लेकिन यात्रा में उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया है कि लोकसभा चुनाव में लगताार तीसरी बार नरेंद्र मोदी व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार अनुराग ठाकुर जीत दर्ज करेंगे। जागरूकता रथ के द्वारा केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।




कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी लिया।

# नशे के खात्मे को उठाएंगे सख्त कदम : डिप्टी सीएम

## अग्निहोत्री बोले- नशा माफिया को कुचलना और हिमाचल से बाहर निकलना है

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**


**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नशा समाज का दुश्मन है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस अपना रही है। नशे को, नशा माफिया को कुचलना और हिमाचल से बाहर निकलना, देवभूमि को नशा मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है।

यहां जारी बयान में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नशे पर किसी को किसी प्रकार का समझौता नहीं करना है, जो बच्चे नशे में फंसे हैं, उन्हें इस दलदल से निकलना है। इसमें नौजवान न फंसे, इसके लिए हमें काम करना है। उन्होंने कहा कि हर घर और हर स्कूल को जागना होगा। हर घर में अलख जगानी होगी और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना होगा।

उन्होंने कहा कि नशे से समाज और परिवारों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि नशे को कुचलने के लिए पुलिस को फ्री हैंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस नशे के व्यापारियों को, नशे के सौदागरों को, माफिया को और नशे की चेन को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनेता की सिफारिश को नशे के मामले में स्वीकार न किया जाए। यदि कोई नेता नशे में फंसे व्यक्ति को बचाने के लिए पुलिस पर दबाव डालता है, तो पुलिस उसका नाम सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि यदि नशे के व्यापारियों या माफिया के साथ पुलिस की संलिप्तता और सांठगांठ पाई गई, तो उसकी जांच होगी। ऐसे पुलिस कर्मी को नौकरी से बर्खास्त किया जाएगा।

### जागरूक करने का अभियान लगातार रहेगा जारी

**अग्निहोत्री** ने कहा कि नशे के विरुद्ध और लोगों को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह किसी एक अकेले का काम नहीं है, सबको साथ आना होगा। महिला शक्ति को, युवावर्ग और पुलिस सबको मिलकर के आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि हमने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि नशा खत्म करने के लिए कानून को सख्त बनाया जाए। इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। जो संभव होगा, सख्ती की जाएगी।



## कलरूही में शिव महिमा का बखान

**गगरेट।** कलरूही पंचायत में महाशिव पुराण कथा के आज दूसरे दिन कथावाचक आचार्य श्री गोपाल स्वरुप शास्त्री बिलासपुर वालों ने शिव महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कथा के आज दूसरे दिन नारद को कामदेव का वरदान देने ओर उनके घंमड के टूटने का प्रसंग भक्तों को सुनाया।

## किनू में वार्षिक परितोषिक समारोह

**मुबारिकपुर।** चिंतपूर्णी विधानसभा के राजकीय वशिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किनू में वार्षिक पारितोषिक समारोह नौ जनवरी को मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस वार्षिक पारितोषिक समझ में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे।

**आयोजन** बंगाणा में बाबा पहाड़िया मंदिर से ठंडी खुई तक की यात्रा, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर भी रहे मौजूद

# अक्षत कलश को लेकर निकाली शोभायात्रा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा में बाबा पहाड़िया मंदिर बंगाणा से ठंडी खुई तक श्री अयोध्या से आए अक्षत कलश निमंत्रण के तहत भव्य यात्रा का आयोजन हुआ।

यात्रा में पूर्व मंत्री व राज्य भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल इकाई, आरएसएस और हिमुडा कालोनी बंगाणा की संकीर्तन मंडली व सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। बैंडबाजों और डीजे के साथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। बाद में कंवर ने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि श्री अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी वेद मंत्रों के साथ मंदिर में विराजमान होंगे। यह देश के लिए बड़े गौरव की बात है। इस मौके पर स्थानीय प्रधान विजय शर्मा, बीडीसी अध्यक्ष देवराज देवू, अजय ठाकुर, किसान मोर्चा के देवराज राणा, समाजसेवी राम पाल ठाकुर, श्रीराम नाटक क्लब हटली की महिला प्रधान ज्योति वर्जाता, हंसराज वर्जाता, अनिता ठाकुर, बबीता रानी, अंजना शर्मा, विश्व हिंदू परिषद इकाई बजरंग दल इकाई आर एसएस की और से राजेश ठाकुर, रवि मनकोटिया, अमन कुमार, आशीष उपमन्यु, अजय शर्मा, रवि ठाकुर आदि सैकड़ों लोगों ने इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया।




उपमडल बंगाणा में बाबा पहाड़िया मंदिर बंगाणा से ठंडी खुई तक श्री अयोध्या से आए अक्षत कलश निमंत्रण के तहत भव्य यात्रा निकालते लोग।

# प्रेस एकादश ने सीएमओ एकादश को छह विकेट से दी शिकस्त

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ऊना** के इंदिरा मैदान में रविवार को सीएमओ एकादश और पीसीयू एकादश के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें पीसीयू एकादश ने सुरेश बसन के नाबाद 86 रनों की बदौलत सीएमओ एकादश को छह विकेट से पराजित किया। सुरेश बसन को मैच ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले सीएमओ एकादश के कप्तान डॉ. कपिल भरवाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 15 ओवर में सीएमओ एकादश ने पांच विकेट पर 140 रन बनाए। डॉ. विकास चौहान ने 33, डॉ. दीपक ने 27, डॉ. कपिल भरवाल ने 19 और डॉ. राहुल ने 13 रन बनाए। पीसीयू के गेंदबाज लक्की ने तीन, अमित शर्मा और सुरेश बसन को एक-एक विकेट मिला। इसके जवाब में प्रैस क्लब एकादश के सलामी बल्लेबाज सुरेश बसन ने नाबाद 86, अमित शर्मा ने सात, शिवम ने पांच, चंद्रमोहन ने चार और विकास ने दो रन बनाए। सीएमओ एकादश के गेंदबाज डॉ. हिमांशु ने दो व डॉ. अतुल ने ए क विकेट चटकाया।

समापन पर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राघव राणा बतौर चीफगेस्ट रहे। राघव ने कहा कि युवापीढ़ी नशे से दूर रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की तथा प्रैस क्लब ऊना को 11 हजार और पीसीयू भवन के लिए फर्नीचर देने का एलान किया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महासचिव जितेंद्र कंवर सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

## इसरो की सफलता से दुनिया में चमका भारत का नाम

**चंद्रयान-3** की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सौर मिशन में भी सफलता की एक और कहानी लिखकर करोड़ों भारतीयों को सौगात दी है। भारतीय गर्व से इतरा रहे हैं। इसे इसरो की उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आदित्य एल-1 मिशन सबसे जटिल अंतरिक्ष मिशनों में से एक है जिसे हमारे वैज्ञानिकों ने अथक मेहनत के बूते साकार कर कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत के लिए यह साल काफी शानदार रहा है। आदित्य एल-1 सूर्य से जुड़े रहस्यों की खोज के लिए अपनी अंतिम कक्षा में पहुंच गया है। जहां से वह लगातार सूर्य को देख सकेगा और सूर्य के रहस्यों से पर्दा उठाने में सक्षम होगा। इस मिशन की शुरुआत दो सितंबर 2023 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से हुई थी। सूर्ययान आदित्य एल-1 को लॉन्च करने के चार महीने बाद ये स्पेसशिप अपने आखिरी और बेहद जटिल प्रक्रिया से होकर गुजरा। एल-1 यानी लैग्रेंज प्वाइंट-1 सूर्य और पृथ्वी के बीच का वह सटीक स्थान है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस होता है, जिसके कारण यहां किसी भी ऑब्जेक्ट को रखने पर वह बड़ी आसानी से वहां स्थिर टिका रहता है। चूंकि यह मिशन भारत का है और भारत में सूर्य को आदित्य भी कहते हैं, इसलिए इस मिशन का नाम आदित्य एल-1 रखा गया है। मिशन की शुरुआत के साथ ही यान के उपकरण ने काम करना कर शुरू कर दिया है, जो कि खुशी की बात है। जहाज पर लगे कुछ उपकरणों ने एल-1 प्वाइंट पर पहुंचने से पहले ही डाटा एकत्रित करना और तस्वीरें लेनी शुरू कर दी थी।

सूर्ययान के उड़ान भरने के कुछ ही दिनों बाद इसरो ने मिशन की ओर से भेजी गई पहली तस्वीरें साझा की थीं। एक तस्वीर में पृथ्वी और चंद्रमा को दिखाया गया था और दूसरी तस्वीर में सेल्फी थी, जिसमें इसके दो उपकरण दिखाए गए थे। आदित्य एल-1 में सात साइंटिफिक पेलोड्स लगाए गए हैं, जिनकी मदद से आदित्य एल-1 फोटोस्फियर, क्रोमोस्फियर और सूरज की किरणों से निकलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं पर स्टडी की जाएगी। इसके अलावा सौर वायुमंडल को भी समझने की कोशिश की जाएगी। आदित्य एल-1 कुछ दिन पहले सौर हवाओं या विस्फोटों के बारे में बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा। यही नहीं, यह सूर्ययान सूखा या मौसम में हो रहे बदलाव को लेकर पहले ही चेतावनी देने में भी मदद कर सकता है, जिससे भारत और अन्य देशों को किसी आपदा से निपटने का समय मिल जाएगा। इसरो के इस पूरे मिशन में अब तक 3.78 बिलियन रुपए खर्च हो चुके हैं। वैसे भारत से पहले 22 मिशन सूर्य पर भेजे जा चुके हैं। सूर्य का अध्ययन करने वाले देशों में अमेरिका, जर्मनी, यूरोपियन स्पेस एजेंसी शामिल है। अब तक नासा ने सबसे ज्यादा चौदह बार सूर्ययान भेजे हैं। इस मिशन का उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप, सूर्य के धधकने से जुड़ी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं तथा अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को बेहतर ढंग से समझना है। वैज्ञानिकों की महान उपलब्धि के लिए सबको बधाई। उम्मीद है यह मिशन अपनी सफलता से दुनिया के काम आएगा।

# भारत की 'आत्मा' हैं भगवान श्रीराम

**साल 1973 में इंडोनेशिया में अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मलेन हुआ, जिसकी चर्चा दुनिया भर में हुई थी, यहां विभिन्न अवसरों पर वर्षभर अनेक बार रामायण का मंचन भी किया जाता है, जिसमें सभी पात्र मुस्लिम समुदाय से आते हैं और उन्हें जब इसके बारे में पूछा जाता है कि आपको मंचन करने में दिक्कत नहीं होती, तो वे कहते हैं कि भले ही हमारा मजहब इस्लाम हो, लेकिन रामायण हमारी पहचान व संस्कृति है। इसे कैसे छोड़ा जा सकता है। श्रीराम तो हमारे आदर्श हैं। इसी प्रकार दक्षिण पूर्वी एशियाई देश थाइलैंड की बात करें, तो यहां के लोग व राजा अपने-आप को भगवान राम के वंशज व अवतार मानते है यहां के राजा को राम के नाम से बुलाया जाता है। साथ ही यहां प्रभु श्री राम में इतनी आस्था है कि यहां का राष्ट्री ग्रंथ तक 'रामायण' है। भारत के बाहर एक मुस्लिम देश तो दूसरा बौद्ध, लेकिन अपने इतिहास व संस्कृति की जड़ों को मजबूती के साथ थामकर भविष्य की ओर अग्रसर है, जो वास्तव में जीवंत मिसाल है और देश के कट्टरपंथी लोगो को इनसे सीख और प्रेरणा लेने की आवश्यकता है तथा चिंतन मनन करके सोचना होगा कि धर्म व संस्कृति कभी किसी को तोड़ने का कार्य नहीं, बल्कि सदैव जोड़ने का कार्य करती है प्रत्येक भारतवासी को भारत की ऐसी वैभवशाली समृद्ध संस्कृति पर गर्व की अनुभूति होनी चाहिए।**



लेखक
ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी।



**हमारा** देश समृद्धशाली संस्कृति, गौरवशाली इतिहास को स्वयं में समाए हुए है। इस पावन भूमि ने वैश्विक धरा को अनेक ऋषि-मुनियों, तपस्वी-साधक, आदर्श महापुरुष, ज्ञानी-विज्ञानी दिए हैं, जिनके त्याग-तप, साधना व विचारों को भारत के साथ विश्व के कोने-कोने तक माना जाता है। आज भी उनके दिखाए गए आदर्शों पर चलकर लोग जीवनयापन करते हैं। आज चारों तरफ हमारे भारत देश समेत वैश्विक पटल पर केवल और केवल एक नाम सुनने को मिलता है, तो वो है 'जय श्री राम' स्मार्टफोन खोले तो सोशल मीडिया पर हर तरफ सभी रामधुन में समाएं हुए हैं। ऐसा लगता है मानो 'रामराज्य' आ गया हो। हर तरफ समाज के प्रत्येक क्षेत्र में देश में राम, संविधान में राम, राजनीति में राम, भाषणों में राम, फिल्मों में राम, गीतों में राम, कविताओं में राम, कहानियों में राम, कथाओं में राम, सोशल मीडिया में राम, मन में राम, दिल में राम, पुस्तकों और साहित्य में राम, कण-कण में राम, रोम-रोम में राम, खबरों में राम, घर-घर में राम, राममयी धुन में मग्न मेरा यह भारत देश, देश तो देश विदेशों में भी 'जय श्री राम'।

एक समय था जब देश में महर्षि अरबिंदो घोष के 'आध्यात्मिक राष्ट्रवाद' के विचार दर्शन ने देशवासियों में देश की स्वतंत्रता के लिए विचार क्रांति प्रवाहित की थी। उसी प्रकार से मानो आज देश 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के भाव में लीन है। 'भारत देश और प्रभु श्री राम' ये दोनों अलग-अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पर्याय हैं। बिना प्रभु श्रीराम के भारत देश की कल्पना करना असंभव सा है, क्योंकि प्रभु श्री राम हमारे आराध्य और आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं के आदर्श पुरुष व प्रतीक हैं।

**'रामो विग्रहवान्**
**धर्मस्साधुस्सत्यपरा, मः।**
**राजा सर्वस्य लोकस्य देवानां**
**मघवानिव-जय श्री राम।।'**

अर्थात राम जी धर्म के विग्रह स्वरूप हैं। वे साधु एवं पराक्रमी हैं। जैसे देवगणों के राजा इंद्र हैं। वैसे ही प्रभु श्री राम हम सब के राजाधिराज हैं। प्रभु श्रीराम और भारत का संबंध इतना गहरा है कि इन दोनों को अलग नहीं किया जा सकता है। इतना गहरा जैसे एक शरीर और आत्मा का संबंध होता है। एक के विग्रह पर दूसरे का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। भारत की सांस्कृतिक पहचान व आदर्श जीवन चेतना है प्रभु श्री राम। प्रत्येक भारतीय का जीवन जन्म से मृत्यु तक प्रभु श्रीरामजी से जुड़ा हुआ है। राम राष्ट्र के प्रतीक हैं, वह राष्ट्रपुरुष हैं। संविधान के तृतीय भाग में जिसमें हमारे मौलिक अधिकार हैं, उसके ऊपर प्रारंभ में प्रभु श्रीराम, माता-सीता और लक्ष्मण जी का चित्र है। संविधान निर्माताओं का देश के सर्वोच्च विधान में इस चित्र को स्थान देना बताता है कि प्रभु श्री राम जी का स्थान भारत में किस महत्वता के साथ सुसज्जित है। प्रभु श्रीराम भारत देश की आत्मा है।

देश में जब भी एक कुशल शासन-सुशासन की बात आती है, तो प्रभु श्रीरामजी के 'रामराज्य' की बात सबके मुख पर आती है। भगवान श्रीराम जी ने राजा राम के रूप में जिस लोक कल्याणकारी शासन को हमको दिया, वह आज भी आदर्श है। प्रत्येक व्यक्ति के मत का सम्मान, लोकतांत्रिक व्यवस्था, आरोग्य, शिक्षा, समाज में परस्पर सौहार्द, विषमता रहित समाज यही उनके शासन की विशेषता थी। आज भी हम आदर्श राज्य के रूप में रामराज्य की ही कल्पना करते हैं। हमारे संविधान निर्माताओं की बहस में भी आदर्श राज्य के रूप में रामराज्य की ही चर्चा होती है। रामराज्य में सभी का कल्याण और सेवा का भाव निहित था। राम की शासन व्यवस्था आज भी सभी के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय है। उनकी स्मृति में बने प्रतीक, सदैव हमारे लिए प्रेरणादायी रहेंगे, क्योंकि वे हमारे आराध्य हैं। यहां तुलसीदास जी की यह पंक्तियां सटीक बैठती हैं,

**'राम नाम अवलंब बिनु, परमारथ की आस।**
**बरसत बारिद बूंद गहि, चाहत चढ़न अकास।।'**

(अर्थात जैसे वर्षा की बूंदों को पकड़कर आकाश पर चढ़ना असंभव है, वैसे ही राम नाम का जप किए बिना परमार्थ और मोक्ष की प्राप्ति असंभव है), लेकिन प्रभु श्री राम की ही इस पावन भूमि पर कुछ मंदबुद्धि उन पर ही सवाल उठाने की दुष्चेष्टा रखते हैं। कुछ तो प्रभु श्रीराम को काल्पनिक पात्र तक कह देते हैं। जो एक चरित्र लाखों-करोड़ों, असंख्य लोगों के जीवन का आधार हो, जिनमें असंख्य लोगों की सांसें बसी हों, जिनसे कोटि-कोटि जन प्रेरणा पाते हों, जिन्होंने हर काल और हर युग के लोगों को संघर्ष और सहनशीलता की प्रेरणा दी हो, जिनके जीवन-संघर्षों के सामने कोटि-कोटि जन को अपना संघर्ष बहुत छोटा प्रतीत होता हो, जो मानव को मर्यादा और लोक को आदर्श के सूत्रों में बांधता-पिरोता हो, ऐसे परम मानवीय श्रीराम को क्या यह राष्ट्र इन तथाकथित बुद्धिजीवियों के तथ्यों-तर्कों के तराजू पर तोलने का पाप करेगा? क्या इन तथाकथित बुद्धिजीवियों के कथन पर कोटि-कोटि जनों के हृदय के स्पंदन, जीवन के उत्थान-पतन; एकमात्र आधार, शक्ति-सामर्थ्य की प्रतिमूर्ति प्रभु श्रीराम जी को भी निज अस्तित्व का प्रमाण देना पड़ेगा? प्रभु श्रीरामजी की ही इस पावन धरा पर 'जन्मभूमि राम मंदिर' बनाने के लिए अनेक रामभक्तों को कड़ा संघर्ष व अपना जीवन न्योछावर करना पड़ा हो, ऐसे अनेक बलिदानों की गाथा भरी पड़ी है इतिहास में। लेकिन कुछेक को तो जय श्रीराम सुनकर ही दर्द उठने लग जाता है। लाजिमी है दर्द, क्योंकि असंख्य रामभक्तों के आराध्य के अस्तित्व को जो ललकारते थे, चुनौती देते थे, उनका हाल ऐसा ही होगा। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया है। भारत के अलावा यह ऐसा एकमात्र देश है, जहां भगवान राम बहुसंख्यक जनता के दिल में आदर्श महामानव के तौर पर बसते हैं। यह बेहद खास इसलिए भी है, क्योंकि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं। आज भारत में जब भगवान राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर चर्चा तेज है, तब इंडोनेशिया का उदाहरण एक मिसाल से कम नहीं है। इंडोनेशिया के जनमानस में भगवान राम के प्रति बहुत सम्मान है, जो सबको अचंभित करता है। यहीं नहीं रामायण को इंडोनेशिया में एक महत्वपूर्ण ग्रंथ का दर्जा हासिल है। वहां के लोग मुस्लिम होने के बावजूद भगवान राम को अपना आदर्श मानने से नहीं हिचकिचाते हैं।

यहां तक कि साल 1973 में इंडोनेशिया में अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मलेन हुआ, जिसकी चर्चा दुनिया भर में हुई थी, यहां विभिन्न अवसरों पर वर्षभर अनेक बार रामायण का मंचन भी किया जाता है, जिसमें सभी पात्र मुस्लिम समुदाय से आते हैं और उन्हें जब इसके बारे में पूछा जाता है कि आपको मंचन करने में दिक्कत नहीं होती, तो वे कहते हैं कि भले ही हमारा मजहब इस्लाम हो, लेकिन रामायण हमारी पहचान व संस्कृति है। इसे कैसे छोड़ा जा सकता है। श्रीराम तो हमारे आदर्श हैं। इसी प्रकार दक्षिण पूर्वी एशियाई देश थाइलैंड की बात करें, तो यहां के लोग व राजा अपने-आप को भगवान राम के वंशज व अवतार मानते हैं यहां के राजा को राम के नाम से बुलाया जाता है। साथ ही यहां प्रभु श्री राम में इतनी आस्था है कि यहां का राष्ट्री ग्रंथ तक 'रामायण' है।

भारत के बाहर एक मुस्लिम देश तो दूसरा बौद्ध, लेकिन अपने इतिहास व संस्कृति की जड़ों को मजबूती के साथ थामकर भविष्य की ओर अग्रसर है, जो वास्तव में जीवंत मिसाल है और देश के कट्टरपंथी लोगों को इनसे सीख और प्रेरणा लेने की आवश्यकता है तथा चिंतन मनन करके सोचना होगा कि धर्म व संस्कृति कभी किसी को तोड़ने का कार्य नहीं, बल्कि सदैव जोड़ने का कार्य करती है प्रत्येक भारतवासी को भारत की ऐसी वैभवशाली समृद्ध संस्कृति पर गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। गौरवान्वित पल है कि देश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का कार्य पूर्ण होने जा रहा है, जिसको लेकर विश्व के अनेक देश उत्सुक तथा उत्साहित हैं। निश्चित है आने वाले समय में प्रभु श्री राम जी की महिमा से देश सहित वैश्विक मानचित्र पर सांस्कृतिक पर्यटन का नया केंद्र बिंदू अयोध्या नगरी में राम मंदिर बनकर उभरेगा। अत: भारत की सांस्कृतिक पहचान व आदर्श जीवन चेतना ही प्रभु श्रीराम हैं। भारत और राम को अलग नहीं किया जा सकता।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### गुलाबी बचपन

*गुलाबी बचपन का जमाना पड़ा है,*
*अलमारी में स्वेटर पुराना पड़ा है।*
*मोहब्बत की लोई फूलों की बुनावट,*
*सतरंगी बचपन का जमाना पड़ा है ।*
*मसरूफियत से मां का वक्त चुराना,*
*गुनगुनी धूप का बहाना पड़ा है ।*
*मां तो मां से अब बन गई है नानी,*
*बेटी को खुद को समझाना पड़ा है।*
*दुनिया की रीत यह अजब निराली,*
*निभाने को बदलना ठिकाना पड़ा है।*
*छूकर इसे जब सीने से जो लगाऊं*
*मेरे तो सुकून का खजाना पड़ा है।*
*बगीचे का फूल उस उपवन की रौनक,*
*बगिया के माली को भुलाना पड़ा है ।*
*जिगर से बिछड़ा टुकड़ा ये जिगर का,*
*हंस कर दिल कहीं लगाना पड़ा है।*





कवि
आशा देवी
जिला मंडी


## प्रेरक कथा



### दूसरों से तुलना

**एक** कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीनभावना भरने लगी और वह दुखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिलकुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला, दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुंदरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला, तुम इतने सुंदर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला, खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुंदर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर बहुत जोर से रोने लगा और बोला, शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो, वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। इससे हमें यही शिक्षा मिलती है कि दूसरों से तुलना करके दुखी होना बुद्धिमानी नहीं है। असली सुंदरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

# श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय



लेखक
हृदयनारायण दीक्षित
(उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष)

**भारतीय इतिहास का उत्तर वैदिक काल अग्निधर्मा था। यज्ञ प्रतिष्ठा की अग्नि आंच थी ही, ज्ञान अग्नि के ताप से तपे उपनिषदों के आग्नेय मंत्र भी इसी समय उगे। इसी साहित्य के एक आनंदवर्द्धन मंत्र में 'श्रद्धा' को पत्नी और सत्य को यजमान कहा गया है- श्रद्धा पत्नी सत्यं यजमानः। यहां यज्ञ का सुंदर प्रतीक है। यज्ञ में पति-पत्नी साथ बैठते थे। पुरोहित लोककल्याण और यज्ञ आयोजक के लिए मंत्र बोलते थे।**

**संशय** का महत्व है। संशयी प्रत्यक्ष पर पूरा विश्वास नहीं करता। वह तर्क करता है। विश्वासी से संशयी बड़ा है। विश्वासी तृप्त है और संशयी बेचैन, अतृप्त। भारतीय जीवनशैली में अंधविश्वास को कोई जगह नहीं मिली लेकिन विश्वासी और संशयी से भी बड़ा जीवन मूल्य है श्रद्धा। श्रद्धा और विश्वास में अंतर है। अस्तित्व के प्रति प्रेम का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा साधारण प्रीति नहीं। परम प्रीति है। वैज्ञानिक संपूर्ण जानकारी के लिए प्रयासरत हैं। गैर जाने भाग के बारे में जानकारियां परिपूर्ण नहीं हैं। हमारी जानकारी ही है कि हम इसे नहीं जानते लेकिन यह जानकारी भी पर्याप्त है। इससे शोध के प्रयास की तीव्रता बढ़ती है। अस्तित्व का इससे भी बड़ा भाग अज्ञेय है। जाने हुए, जानने की सूची में आए हुए और बिना जाने भाग सहित संपूर्ण अस्तित्व के प्रति हमारी प्रीति का नाम है श्रद्धा। श्रद्धा कोई विचार नहीं है। श्रद्धा, पंथ, मत, मजहब या रिलीजन के उपदेशों वाला विश्वास नहीं।

श्रद्धा अनुभूति है। बूंद के हृदय में सागर का साक्षात। क्षर में अक्षर का प्रत्यक्ष। सोचना साधारण मानसिक कार्यवाही है। भारतीय दृष्टि में हरेक मानसिक या बौद्धिक कार्रवाई का आदि अंत ज्ञान है लेकिन ज्ञान का अवसान कर्म में होना चाहिए। कोरे शब्द ज्ञान का कोई मतलब नहीं। वैसे कर्म का अवसान भी ज्ञान में होता है। कर्म करते-करते सप्रयास या अनायास अंत:करण से कोई सुगंध उठती है। गंध आच्छादन होता है। कोई गीत उगता है। संगीत आता है। मेघ आते हैं, बिना मानसून ही और सब कुछ रसमय, गंधमादन और गीत संगीत से भर जाता है। यह हुई श्रद्धा। संभव है कि अब तक ऐसा नहीं हुआ हो लेकिन श्रद्धा है कि ऐसा हो सकता है किसी भी क्षण। उस क्षण या होनी की धैर्यपूर्ण प्रतीक्षा भी श्रद्धा ही है। मेघ आएंगे ही, बादलों को क्यों कोसना? सूर्य उगेंगे ही, अंधेरे से क्या उलाहना। ऊषा आएगी ही, अंधकार से क्यों उलझना? सूर्य अरुण तरुण होकर हमें प्रकाश किरणों से नहलाएंगे ही अधीर क्यों होना? ऐसी आश्वस्त प्रतीक्षा श्रद्धा है। श्रद्धा आनंद आश्वस्ति है।

भारतीय इतिहास का उत्तर वैदिक काल अग्निधर्मा था। यज्ञ प्रतिष्ठा की अग्नि आंच थी ही, ज्ञान अग्नि के ताप से तपे उपनिषदों के आग्नेय मंत्र भी इसी समय उगे। इसी साहित्य के एक आनंदवर्द्धन मंत्र में 'श्रद्धा' को पत्नी और सत्य को यजमान कहा गया है- श्रद्धा पत्नी सत्यं यजमानः। यहां यज्ञ का सुंदर प्रतीक है। यज्ञ में पति-पत्नी साथ बैठते थे। पुरोहित लोककल्याण और यज्ञ आयोजक के लिए मंत्र बोलते थे। यज्ञ के आयोजक यजमान कहे जाते थे। पत्नी के बिना पारंपरिक कर्मकांड पूरे नहीं होते। इस मंत्र में 'सत्य' यजमान है। यज्ञ साधारण हवन नहीं। वैदिक अनुभूति में अस्तित्व की पूरी गतिविधि भी यज्ञ ही है। विज्ञान, दर्शन, योग या शोध का उद्देश्य 'सत्य' प्राप्ति है। यहां सत्य ही आनंद है। मंत्र का दूसरा भाग बड़ा रोमांचकारी और प्रीतिकर है – श्रद्धा सत्यं तत् अत्युतमं मिथुनं। पत्नी श्रद्धा और यजमान सत्य का मिथुन –प्रेमपूर्ण मिलन अति उत्तम है। इसी मिलन से आनंद लोक मिलते हैं। श्रद्धा और सत्य की 'लवस्टोरी' रमणीय है।

श्रद्धा और सत्य का मिलन ही आनंद प्राप्ति का उपाय है। मिलन भी सामान्य नहीं–श्रद्धया सत्येन मिथुने। ठीक से मिलन। जब दो नहीं बचे तब। अद्वय मिलन। श्रद्धा और सत्य दो अनुभूतियां जान पड़ती हैं। दोनों की प्रीति अजर अमर है। सत्य मिला तो श्रद्धा भी मिली। श्रद्धा आई, प्रगाढ़ हुई, संपूर्ण हुई तो सत्य की लब्धि। सत्य श्रद्धाहीन नहीं हो सकता। श्रद्धा सत्यविहीन नहीं हो सकती। सत्यहीन श्रद्धा अंधविश्वास है। बिना जाने, देखे, समझे और अनुभव रस के अभाव के बावजूद मान लेना श्रद्धा नहीं है। यहां लोकजीवन में वरिष्ठों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अनेक शब्द हैं। 'श्रीमान' कहने का अपना सुख है। मान्यवर या माननीय में मानने की ध्वनि है। 'माननीय' में अंत:करण की हूक नहीं। बिना जाने ही मान लेने की चूक जान पड़ती है। जनप्रतिनिधियों को 'माननीय' कहते हैं। कर्मकांड की तरह यों ही। न प्रीति, न प्यार, न स्नेह। बस यों ही। बड़ों के प्रति आदर की सबसे गहरी अभिव्यक्ति है–श्रद्धेय।

श्रद्धेय में श्रद्धा योग्य जानने का संकेत है। श्रद्धेय बड़ा श्रद्धेय शब्द है। कहने में और सुनने में भी। यह सुनने वाले 'श्रद्धेय' को संकोची बनाता है और कहने वाले को विनयी। लेकिन श्रद्धा है कि श्रद्धा और सत्य का मिथुन भी 'श्रद्धेय' ही होना चाहिए। भौतिकवादी श्रद्धा को अंधविश्वास बताते हैं। कुछेक इसे भाववाद तक ले जाते हैं। 'श्रद्धा' मनोभाव नहीं है। ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवता हैं। कहते हैं श्रद्धा से ही अग्नि प्रज्वलन होता है और श्रद्धा से ही आहुति समर्पण होता है। यहां श्रद्धा विभूतियों का शिखर हैं–श्रद्धां भगस्य मूर्धनि। ऋषि उनका अनेकश: आह्वान करते हैं। हम प्रात: मध्यान्ह और प्रात: संध्या श्रद्धा का आह्वान करते हैं। वे श्रद्धा हमें परिपूर्ण श्रद्धा दें। श्रद्धे श्रद्धाययेह नः। यहां श्रद्धा जीवन का ही भाग है। श्रद्धा में ज्ञान और प्रेम दोनो हैं। बुद्धि और हृदय की युति है। गद्य और काव्य एक साथ हैं। यहां विश्वास के साथ सत्य भी है। विचार और भाव की एका है।

# संघर्ष और सफलता की पहचान है '12वीं फेल' मूवी



ब्लॉगर

लेखक
रोहित कुमार
आईजीएमसी शिमला

**यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।**

**न** कोई रील बनी, न सोशल मीडिया पर फुहड़ता का प्रचार हुआ और न ही कैमरा लेकर अपने काम का दिखावा हुआ। अपने मन में एक सपना और जज्बा लेकर कैसे 12वीं की परीक्षा में चिटिंग न होने से एक लड़का जो 12वीं में फेल होता है और फिर कैसे मध्य प्रदेश के चंबल से एक लड़का डीएसपी बनने का सपना लिए निकलता है।

उसे बस इतना मालूम होता है कि उसे डीएसपी बनने के लिए पीसीएस की तैयारी करनी पड़ती है और फिर उसे जब पता चलता है कि डीएसपी से भी बड़ा कोई पद होता है, जिसे पाने के लिए आईएएस की परीक्षा पास करनी होती है तो वह खाली हाथ अपनी अड़ियल सोच के साथ निकल पड़ता है। मुखर्जी नगर की गलियों मे जहां वह अपने संघर्षों की पटकथा लिखता है लाइब्रेरी मे एक छोटी सी नौकरी, कुत्ते घुमाने का काम और उसके बाद चक्की की मशीन में काम करते हुए अपने आखिरी और चौथे प्रयास में हिंदी माध्यम से आईपीएस बनता है। जिस काम को करने आता है, चुपचाप काम करके चला जाता है।

उसके बाद मनोज पाठक (मनोज कुमार के दोस्त) एक किताब लिखते हैं '12वीं फेल' और बाद में वही किताब फिल्म के रूप में ढलती है। पढ़ने से पहले रोटी, कपड़ा मकान के लिए संघर्ष और सिर्फ पढ़ने के लिए संघर्ष में शायद यही फर्क होता है कि वो व्यक्ति सफलता के बाद खुद को उसी तरह से आंकता है, जैसा वह सफलता प्राप्त करने से पहले था।

उसमें खुद को और अपने कामों को सोशल मीडिया पे डाल कर किसी भी तरह के सुख की अनुभूति नहीं होती बल्कि वो अपना काम उसी लगन और ईमानदारी से करता है, जैसा परीक्षा की तैयारी के समय किया करता था और शायद तभी ऐसे लोगों की सीधी फिल्म रिलीज होती है ताकि युवा पीढ़ी उससे प्रेरित हो सके। सिनेमा, कला, किताबें, गाने ये सब समाज के दर्पण हैं। इनका असर दोतरफा है। ये सब समाज से प्रभावित हैं। इन सब माध्यमों का असर समाज पर भी पड़ता है। खासकर सिनेमा का क्योंकि इसके दर्शक ज्यादा हैं और लोग अक्सर इसमें दिखाई गई बातों को सच मान लेते हैं। फिल्मों का फैशन और विचारों पर गहरा असर पड़ता है। युवाओं को इस कहानी से संदेश लेना चाहिए कि समय विपरीत होते हुए भी संघर्ष की राह का दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

रील से रीयल तभी बन पाएंगे, यदि धैर्य के आसन पे बैठकर निरंतर प्रयास करते रहेंगे। परंतु संघर्ष की ये रियल दास्तांन 'रील' बनाने वाले नौकरशाओं के बीच कहीं दब कर न रह जाए।


## आपका पत्र

**देवभूमि** हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर है। यहां के पहाड़ देश-विदेश तक के लोगों को आकर्षित करते हैं और अपनी ओर खींचते हैं। शांति से सराबोर वादियां पर्यटकों को आनंद देती हैं। यही कारण है कि हर साल यहां लाखों में पर्यटक पहुंचते हैं, जिससे प्रदेश के राजस्व को करोड़ों का फायदा होता है। हालांकि बाहर से आने वाले पर्यटकों के कारण देवभूमि के कई स्थल उनके आचार, व्यवहार और स्वच्छता के प्रति गंभीर न होने के कारण दूषित भी होते हैं। इसके बावजूद पर्यटक हिमाचल प्रदेश के लिए मेहमान हैं, साथ ही रोजगार और राजस्व के खजाने के लिए जरूरी भी हैं। प्रदेश की सरकार, प्रशासन के साथ लोगों को भी पर्यटकों के साथ बेहतर व्यवहार और उनके लिए उपयुक्त सुविधाओं का ख्याल रखना होगा। हिमाचल प्रदेश के लोगों की छवि देश-विदेश में बेहतर मानी जाती है, लेकिन हाल ही में पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार के वीडियो वायरल हुए, जो देवभूमि के लिए शर्मसार होने की बात है। हमें पर्यटकों के साथ ऐसे दुर्व्यवहार शोभा नहीं देते, क्योंकि पर्यटक देवभूमि के लिए मेहमान है। ऐसे दुर्व्यवहार पर स्थानीय प्रशासन को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

**–जगदीश, बलधर।**

## आपकी डायरी

कभी कुछ यूं ही बस होता नहीं है
नहीं ये नागहानी, सिलसिला है
हमारे हौसले का है वो हासिल
हमारी जिंदगी का जो सिला है।



शायर
वीपी सिंह 'अक्फर'
पालमपुर, कांगड़ा

## अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रोस ब्रांच ने रचा इतिहास



▸ हीरो मोटोस्पोर्ट्स की डकार रैली का जीता पहला चरण

▸ दुनिया की सबसे मुश्किल रैली रेस

▸ 536 किलोमीटर की रेस को 5 घंटे 13 मिनट और 15 सेकंड में किया पूरा

**अल हिनाकिया ( सऊदी अरब )।** हीरो मोटोस्पोर्ट्स के राइडर रोस ब्रांच ने डकार रैली के बाइक वर्ग का पहला चरण शनिवार को अपने नाम कर इतिहास रचा।

ब्रांच की इस जीत से भारतीय बाइक निर्माता कंपनी पहली बार डकार रैली में किसी चरण की तालिका के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंच गई।

डकार रैली का यह 46वां सत्र है, जबकि सऊदी अरब में लगातार पांचवें साल इसका आयोजन हो रहा है।

दुनिया के सबसे मुश्किल रैली रेस में से एक डकार रैली के बाइक वर्ग में 136 राइडर ने अल उला से अल हिनाकिया के बीच हुए पहले चरण में भाग लिया।

'हीरो मोटोस्पोर्ट्स' की विज्ञप्ति के मुताबिक 'कलाहेरी फेरारी' के नाम से मशहूर ब्रांच ने पहले चरण के 536 किलोमीटर की रेस को पांच घंटे 13 मिनट और 15 सेकंड में पूरा किया। उन्होंने दूसरे स्थान पर काबिज मॉन्स्टर एनर्जी होंडा टीम के रिकी ब्रैबेक से 11 मिनट 54 सेकंड कम समय लिया। हीरो मोटोस्पोर्ट्स के चार राइडर में से अनुभवी जोकिम रोड्रिग्स दुर्घटना के कारण रेस पूरी नहीं कर सकें, तो वहीं जोन बर्रेडा बोर्ट 13वें और सेबस्टियन बुहलर समग्र रैंकिंग में 15वें स्थान पर रहे। बोर्ट ने ब्रांच से 23 मिनट 49 सेकंड का अधिक समय लिया, जबकि बुहलर ने शीर्ष स्थान के राइडर से 35 मिनट 50 सेकंड अधिक समय लिया।

# रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब की मैच में जोरदार वापसी

## प्रभसिमरन सिंह ने जड़ा शतक और अभिषेक शर्मा ने बनाए 91 रन

**एजेंसी, हुब्बली ( कर्नाटक )**

**प्रभसिमरन** सिंह (100) की शतकीय पारी और अभिषेक शर्मा (91) के साथ पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी के दम पर पंजाब ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन कर्नाटक के खिलाफ वापसी करते हुए अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 238 रन बना लिए। इससे पहले कर्नाटक की टीम ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 461 रन से आगे से की और अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 514 रन पर घोषित कर दी। टीम ने पहली पारी में 362 रन की बड़ी हासिल की। प्रभसिमरन ने 146 गेंद की पारी में 17 चौके लगाए और अभिषेक के साथ सूझबूझ से बल्लेबाजी की। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 44.3 ओवर में 192 रन जोड़ दिए। पंजाब अब भी कर्नाटक से 124 रन पीछे हैं। वलसाड में ग्रुप के एक अन्य मैच में मनन हिंगराजिया (52), उमंग कुमार (89) और रिपल पटेल (81) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर गुजरात ने तमिलनाडु को जीत के लिए 299 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। गुजरात ने दूसरी पारी में 38 रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करते हुए अपनी दूसरी पारी में 312 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए तमिलनाडु ने अपनी दूसरी पारी में 32 रन पर दो विकेट गंवा दिए हैं। चंडीगढ़ में खराब रोशनी के कारण रेलवे और चंडीगढ़ के बीच तीसरे दिन का खेल संभव नहीं हुआ।

त्रिपुरा ने अपनी दूसरी पारी 151 रन पर घोषित कर गोवा को जीत के लिए 501 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्या का पीछा करते हुए गोवा ने अपनी दूसरी पारी में 48 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

## आईसीसी ने 'आर्मबैंड' प्रतिबंध के खिलाफ ख्वाजा की अपील खारिज की

**मेलबर्न।** आर्मबैंड (काली पट्टी) पहनने के कारण लगे प्रतिबंध के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की अपील को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने खारिज कर दिया। यह दावा सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की एक रिपोर्ट में रविवार को किया गया। ख्वाजा ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दौरान गाजा में इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे संघर्ष से प्रभावित होने वाले बच्चों के समर्थन में बांह पर काली पट्टी बांधी थी।

## यशस्वी को काफी मौके मिलेंगे : सौरव गांगुली

**कोलकाता।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए रविवार को भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल करने का समर्थन किया। गांगुली ने कहा कि निश्चित रूप से रोहित को टी-20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में टीम की कप्तानी करनी चाहिए। विराट कोहली को भी टीम में होना चाहिए। विराट शानदार खिलाड़ी हैं। 14 महीने बाद वापसी करने से कुछ नहीं होगा। टी-20 विश्व कप में 10 नवंबर को इंग्लैंड से सेमीफाइनल में भारत की हार इन दोनों खिलाड़ियों का छोटे प्रारूप का अंतिम मैच था। गांगुली दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों की सीरीज में यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि इस युवा सलामी बल्लेबाज को भविष्य में काफी मौके मिलेंगे।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज में कम मैच के लिए टी-20 जिम्मेदार : डिविलियर्स

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स इस बात से खफा हैं कि हाल में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच समाप्त हुई सीरीज में केवल दो टेस्ट मैच ही खेले गए, जिसके लिए उन्होंने दुनिया भर में धड़ल्ले से चल रही टी-20 लीग को जिम्मेदार ठहराया। डिविलियर्स ने बड़ी सीरीज की वकालत करते हुए कहा कि अगर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम का पता करना है तो 'कुछ तो बदलना होगा'। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज एक-एक से बराबरी पर छूटी, जिसमें मेजबान टीम ने सेंचुरियन में शुरुआती टेस्ट पारी और 32 रन से जीता, जबकि मेहमान टीम ने केप टाउन में सात विकेट से दूसरा टेस्ट मैच जीता। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मैं इससे खुश नहीं हूं कि सीरीज में तीसरा टेस्ट नहीं था। आपको इसके लिए टी-20 क्रिकेट को जिम्मेदार ठहराना होगा, जो दुनिया भर में खेली जा रही हैं।

> **मैं** समझता हूं कि कुछ तो गलत है। अगर आप सभी टीमों को प्रतिस्पर्धा करते हुए देखना चाहते हो और दुनिया में कौन सर्वश्रेष्ठ टीम है, यह देखना चाहते तो कुछ तो बदलाव करना होगा। इससे दुनिया भर के क्रिकेट में हलचल मचा दी है और स्पष्ट कर दिया है कि टेस्ट क्रिकेट दबाव में है और यहां तक कि वनडे क्रिकेट भी, क्योंकि पूरी प्रणाली ही टी-20 क्रिकेट की ओर झुक रही है। डिविलयर्स ने कहा कि खिलाड़ी, बोर्ड और कोच उसी ओर झुकेंगे, जहां ज्यादा धनराशि होगी। आप उन्हें दोषी नहीं ठहरा सकते, क्योंकि वे अपने परिवार के साथ भविष्य के बारे में सोच रहे हैं।
>
> **-एबी डिविलयर्स, पूर्व क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका।**



# गॉफ ने लगातार दूसरी बार जीता ऑकलैंड क्लासिक का खिताब

▸ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्वितोलिना को दी शिकस्त

▸ चैंपियन जूलिया जॉर्जेस के बाद लगातार क्लासिक का खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं



**ऑकलैंड ( न्यूजीलैंड )।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके रविवार को फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। गॉफ ने स्वितोलिना को 6-7 (4), 6-3, 6-3 से हराया। पूरे सप्ताह में यह पहला अवसर था, जबकि गॉफ को तीन सेट तक जूझना पड़ा। वह बिना सेट गंवाए फाइनल में पहुंची थी। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने पिछले साल बिना सेट गंवाए खिताब जीता था, लेकिन इस बार फाइनल में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यह मैच दो घंटे 23 मिनट तक चला। गॉफ 2018 और 2019 की चैंपियन जूलिया जॉर्जेस के बाद लगातार ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। यह 1989 के बाद पहला अवसर है, जब किसी अमेरिकी खिलाड़ी ने इस प्रतियोगिता में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले पैटी फेंडिक ने 1988 और 1989 में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था।

गॉफ ने कहा कि यह मेरे करियर में पहला अवसर है, जबकि मैंने अपने खिताब का बचाव किया, इसलिए मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि आज मैं ऐसा करने में सफल रही।

## स्वियातेक ने कर्बर को हराकर यूनाइटेड कप फाइनल में पोलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई

**सिडनी।** शीर्ष रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने रविवार को यहां यूनाइटेड कप फाइनल में एंजेलिक कर्बर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज करके जर्मनी के खिलाफ पोलैंड की टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पोलैंड की खिलाड़ी ने 70 मिनट तक चले मुकाबले में कर्बर को 6-3, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ ही पोलैंड की टीम ने इस मिश्रित (पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संयुक्त टीम) टूर्नामेंट के मैचों में अपने लगातार जीत के रिकॉर्ड को सुधार किया। टीम की यह 12वीं जीत है। अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद वापसी कर रही कर्बर ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की अजला टोमलजानोविक के खिलाफ दो मैच प्वाइंट बचाए थे लेकिन वह स्वियातेक की कड़ी चुनौती से पार नहीं पा सकी।

# रयबाकिना चैंपियन

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल का खिताब जीता

▸ फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0 6-3 से हराया ▸ अपने करियर का कब्जाया छठा खिताब




**ब्रिस्बेन।** ऐलेना रयबाकिना ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त रयबाकिना ने फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराकर अपने करियर का छठा खिताब जीता तथा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता नमूना भी पेश किया।

## ग्रिगोर दिमित्रोव ने छह साल में पहला खिताब जीता

**पुरुष** एकल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने को 7-6 (5), 6-4 से हराकर छह साल में अपना पहला खिताब जीता। यह मैच दो घंटे 13 मिनट तक चला और केवल एक बार किसी खिलाड़ी की सर्विस टूटी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दिमित्रोव ने टाइब्रेकर में यह सेट अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट के आठवें गेम में रूने की सर्विस तोड़कर 4-3 से बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस पर मैच जीता।

# भारत विदेशों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली सर्वश्रेष्ठ टीमों से एक : अश्विन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान की टिप्पणी की खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान की भारत को 'अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली टीम' की टिप्पणी खारिज करते हुए कहा कि भारतीय टीम समकालीन क्रिकेट में विदेशों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल है।

वान ने हाल में कहा था कि भारतीय क्रिकेट टीम के पास जितने संसाधन हैं, उसे देखते हुए उसको विशेषकर आईसीसी की प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि माइकल वान ने हाल में बयान दिया था कि भारतीय टीम अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई है। यह सही है कि हमने पिछले कुछ समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है और हम खुद को इस खेल की महाशक्ति मानते हैं, लेकिन यह सिक्के का एक पहलू है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं। वान की टिप्पणी के बाद हमारे देश के ही कई विशेषज्ञ इस पर चर्चा करने लग गए थे कि क्या भारत अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम है। सच कहूं तो इस पर मुझे हंसी आई।



## मैं मानता हूं हमने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो फाइनल गंवाए

**अश्विन** ने इस संदर्भ में हाल में दक्षिण अफ्रीका में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला का उदाहरण दिया, जिसमें भारत पहला टेस्ट मैच हारने के बाद दूसरे मैच में शानदार वापसी करने में सफल रहा था। उन्होंने कहा कि अच्छी मानसिक दृढ़ता और मानसिक कौशल रखने वाली क्रिकेट टीम किसी भी स्थिति में वापसी कर सकती है और इस भारतीय टीम ने समय-समय पर इसे साबित किया है। अश्विन ने कहा कि हां हमने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो फाइनल गंवाए हैं। मैं इसे तहेदिल से स्वीकार करता हूं, लेकिन जहां तक टेस्ट श्रृंखला की बात है तो उसमें हमेशा वापसी की संभावना बनी रहती है।

**कोपा डेल रे** | एटलेटिको मैड्रिड ने भी क्लब लूगो को 3-1 से हराकर पहुंचा अगले दौर में

# रियाल मैड्रिड फुटबाल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में

**एजेंसी, मैड्रिड**

**रियाल** मैड्रिड ने चौथे डिविजन के क्लब अरंडिना को आसानी से 3-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से जोसेलु, ब्राहिम डियाज और रोड्रिगो ने गोल किए। अरंडिना की टीम शुरू से जूझती नजर आई। रियाल मैड्रिड के डिफेंडर नाचो फर्नांडीज ने अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल करके उसका खाता खोला। एटलेटिको मैड्रिड की अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रहा। उसने तीसरे डिविजन के क्लब लूगो को 3-1 से हराया।

मेम्फिस डेपे ने एटलेटिको की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किए। उनके अलावा एंजेल कोरिया ने भी एटलेटिको की तरफ से गोल किया। लूगो की तरफ से एकमात्र गोल 39वें मिनट में लिएंड्रो एंटोनेटी ने किया। अन्य मैचों में गिरोना ने एल्ची को 2-0 से, गेटाफे ने एस्पेनयोल को 1-0 से और रेयो वैलेकैनो ने दूसरे डिवीजन के क्लब ह्यूस्का को 2-0 से पराजित किया।



# नेपाल और भारत के ऊर्जा सचिवों की बैठक में हुए कई अहम फैसले

**एजेंसी, काठमांडू**

नेपाल और भारत के ऊर्जा सचिव स्तरीय बैठक में अंतरदेशीय प्रसारण लाइन की क्षमता बढ़ाने से लेकर बांग्लादेश तक में बिजली निर्यात जैसे कई अहम मुद्दों पर फैसले लिए गए हैं। दो दिवसीय बैठक में मुजफ्फरपुर ढल्केवर प्रसारण लाइन की क्षमता को दोगुना किए जाने पर सहमति हो गई है।

भारत के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने बताया कि नेपाल का पहला अंतरदेशीय प्रसारण लाइन रहे मुजफ्फरपुर ढल्केवर प्रसारण लाइन की वर्तमान क्षमता 400 केवी की है। सचिव स्तरीय बैठक में इसकी क्षमता 800 केवी तक पहुंचाने पर सहमति हो गई है। इसके अलावा नेपाल को भारतीय



प्रसारण लाइन का प्रयोग कर अपना बिजली बांग्लादेश तक बेचने को लेकर जल्द ही त्रिपक्षीय समझौता करने का भी फैसला लिया गया।

नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता नवीन राज सिंह ने बताया कि भारत के रास्ते बांग्लादेश तक बिजली बेचने के लिए जल्द ही नेपाल विद्युत प्राधिकरण, भारत की एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम और बांग्लादेश के पावर डेवलपमेंट बोर्ड के बीच त्रिपक्षीय समझौता करने पर सहमति हो गई है।

## क्रिप्टो स्टार्टअप नेस्ट वॉलेट के को-फाउंडर के साथ हुआ एक करोड़ का स्कैम


# एक्स पर लिखा- 'मैं तबाह हो गया हूं दोस्तों'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नेस्ट वॉलेट के सह-संस्थापक बिल लू के साथ 1,25,000 डॉलर यानी करीब एक करोड़ रुपए के स्टेथ (एक क्रिप्टोकरंसी टोकन) की धोखाधड़ी हो गई है। जिस डोमेन पर लू ने विश्वास कर लिया था कि यह एक क्रिप्टोकरंसी एयरड्रॉप वेबसाइट है, वह वास्तव में यूजरों को शिकार करने के लिए बनाया गया था।




लू ने एक्स पर लिखा, 'मैं तबाह हो गया हूं दोस्तों'। डॉलर एलएफजी एयरड्रॉप का दावा करने की कोशिश करते समय मेरे साथ 1,25,000 डॉलर के स्टेथ का घोटाला हो गया। उन्होंने कहा, मैं विश्वास नहीं कर सकता कि ऐसा हो रहा है, मैं हमेशा इतना सावधान रहता हूं। मैंने एयरड्रॉप के लिए आर्टिकल गाइड देखा और एक संदेश पर




हस्ताक्षर करने के लिए लिंक का पालन किया। मैंने इस पर सवाल भी नहीं उठाया। क्रिप्टोकरंसी एयरड्रॉप एक मार्केटिंग रणनीति है, जिसमें एक कंपनी समुदाय के सदस्यों से छोटी राशि के बदले में वॉलेट एड्रेस पर छोटी मात्रा में सिक्के या टोकन वितरित करती है। लू का दावा है कि वह अपनी नेस्ट वॉलेट सेवा की बजाय मेटामास्क वॉलेट का उपयोग कर रहा था, क्योंकि उसके पास टेस्ट वर्जन इंस्टॉल था।

लू ने एक हालिया पोस्ट में कहा, ऐसा नहीं लगता कि यह एक व्यक्ति का काम है। उन्होंने कहा, वर्तमान में चुराई गई सारी धनराशि इस वॉलेट में स्थानांतरित कर दी गई है।

# यूए ने बोइंग 737 के सभी विमानों की उड़ानों पर लगाई रोक, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

**एजेंसी, शिकागो**

शिकागो स्थित यूनाइटेड एयरलाइंस (यूए) ने, संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के निर्देश के अनुसार, अपने सभी बोइंग 737 मैक्स 9 विमानों के परिचालन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इससे तमाम यात्रियों की यात्राएं भी रद्द हो गई हैं।

हजारों यात्री अब मुश्किल में फंस गए हैं। यूनाइटेड ने एफएए द्वारा जरूरी निरीक्षण करने के लिए सभी बोइंग 737 मैक्स 9 विमानों पर सेवा अस्थायी रूप से निलंबित कर दी है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा, हम सभी मैक्स 9 विमानों को सेवा में वापस लाने के लिए निरीक्षण प्रक्रिया और जरूरतों को स्पष्ट करने के लिए एफएए के साथ काम कर रहे हैं।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अलास्का एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 9 की खड़की उखड़कर हवा में उड़ गई थी जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया था। ओंटारियो, कैलिफ़ोर्निया के लिए रवाना हुए विमान को उड़ान भरने के 20 मिनट बाद वापस पोर्टलैंड में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और एफएए ने क्षतिग्रस्त विमान की समीक्षा शुरू कर दी है।

## वर्ल्ड न्यूज

### बांग्लादेश में मतदान केंद्र के पास देसी बम विस्फोट में चार घायल

**ढाका।** स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका के पास हजारीबाग में एक मतदान केंद्र के पास अज्ञात लोगों ने दो देशी बम विस्फोट किए, इसमें एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, घायलों की पहचान 55 वर्षीय अमीर हुसैन, 50 वर्षीय मकसूदा बेगम, 50 वर्षीय बादल अहमद और उनके 8 वर्षीय बेटे तनवीर अहमद के रूप में हुई है। घायलों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।



### फेडरल रिजर्व के दर निर्णयों के बीच बंधक दरें 6.95 प्रतिशत तक चढ़ गईं

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में बंधक दरों में हाल ही में तेजी देखी गई है, जिसमें 30-वर्षीय फिक्स्ड-रेट बंधक की औसत दर 6.95 प्रतिशत तक पहुंच गई है। फ्रेडी मैक के आंकड़ों के अनुसार, यह चार जनवरी को रिपोर्ट किए गए 6.62 प्रतिशत से अधिक है। दिसंबर में फेडरल रिजर्व के 5.25 प्रतिशत और 5.5 प्रतिशत के बीच ब्याज दरों को बनाए रखने के फैसले के बावजूद बंधक दरों में वृद्धि हुई है। केंद्रीय बैंक ने भविष्य में संभावित कटौती का भी संकेत दिया, जो कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इससे कम बंधक दरों का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है।

### काबुल में मिनी बस में धमाका दो लोगों की मौत, 14 घायल

**काबुल।** काबुल के दश्त-ए-बारची इलाके में एक मिनी बस में विस्फोट हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान के हवाले से कहा कि सभी मृतक यहीं के नागरिक हैं। वहीं विस्फोट में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। हालांकि, पुलिस प्रवक्ता ने ज्यादा जानकारी नहीं दी है। उनका कहना है कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। किसी समूह या व्यक्ति ने जिम्मेदारी का दावा नहीं किया है।

### चीन ने ध्रुवीय क्षेत्रों में पहला पारिस्थितिक उपसतह बोया तैनात किया

**बीजिंग।** पेइचिंग समय के अनुसार, चीन के 40वें अंटार्कटिक अभियान ने अमुंडसेन सागर में एक गहरे पानी के पारिस्थितिक उपसतह बोया को सफलतापूर्वक तैनात किया। यह पहली बार है कि चीन ने ध्रुवीय क्षेत्रों में बोया तैनात किए हैं। अभियान के उपनिदेशक वांग चिनहुई ने बताया कि इस बोया सेट के प्राथमिक पारिस्थितिक सेंसर को महत्वपूर्ण अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के हिस्से के रूप में स्वतंत्र रूप से विकसित किया गया था।

### शीतलहर : पांच दिन बंद रहेंगे राजधानी दिल्ली के स्कूल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जारी शीतलहर और कोहरे के मद्देनजर स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने ट्वीट करते हुए इसकी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के सभी 5वीं कक्षा तक के स्कूल अगले पांच दिनों तक बंद रहेंगे। सरकार ने ये फैसला दिल्ली में सर्दी की स्थिति को देखते हुए लिया है। शनिवार रात को भी दिल्ली के शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करके स्कूलों की छुट्टी बढ़ाने का फैसला लिया था, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया। बता दें कि दिल्ली में शीत लहर चल रही है और भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए घने कोहरे, हल्की बारिश और तापमान में गिरावट के कारण 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

## भोपाल गैस कांड मामला

# अंतिम सुनवाई में कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**एजेंसी, भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में साल 1984 में हुई दुनिया की भीषण औद्योगिक त्रासदी में से एक भोपाल गैस कांड मामले में शनिवार को अंतिम सुनवाई हुई। भोपाल की जिला न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट विधान महेश्वरी ने इस मामले में सुनवाई करते हुए 18 जनवरी तक फैसला सुरक्षित रख लिया है।

दरअसल, साल 1884 में दो-तीन दिसंबर की रात यहां डाऊ केमिकल्स कंपनी के यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस के रिसाव से हजारों लोग मौत की नींद सो गए थे और लाखों लोग इससे प्रभावित हुए थे। इस गैस त्रासदी का मंजर आज भी लोग याद करते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस त्रासदी में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया था, आज भी उन्हें इसे सोचकर डर लगता है। इस हादसे के 39 साल बीत जाने के बाद भी आज तक लोगों को न्याय




नहीं मिल पाया है। भोपाल की जिला अदालत में शनिवार को मामले की अंतिम सुनवाई हुई। कोर्ट में इस मामले में पांच घंटे बहस चली। डाऊ केमिकल की तरफ से पक्ष रखने के लिए 15 वकील पेश हुए। इनमें सीनियर अधिवक्ता सिदार्थ लुथरा (भारत सरकार के पूर्व एएसजी) और रविंद्र श्रीवास्तव शामिल थे।

भोपाल ग्रुप फॉर इन्फोर्मेशन एंड एक्शन की तरफ से अवि सिंह और सीबीआई की तरफ से सियाराम मीना ने पैरवी में हिस्सा लिया। पूरी बहस इस बात पर थी कि क्या डीओडब्ल्यू केमिकल कंपनी भारत की अदालत के अधिकार क्षेत्र में आती है कि नहीं।

# विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच बांग्लादेश में 40 प्रतिशत मतदान

## जगह-जगह हिंसा, मतदान खत्म होने के बाद गिनती शुरू, आज सामने आएंगे नतीजे

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में हिंसा की छिटपुट घटनाओं और मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के बहिष्कार के बीच रविवार को आम चुनाव के लिए कम संख्या में लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचे। मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने कहा कि शुरुआती अनुमान के मुताबिक, मतदान लगभग 40 प्रतिशत हुआ है लेकिन अंतिम गिनती के बाद यह आंकड़ा बदल सकता है। उन्होंने कहा कि अपराह्न तीन बजे तक 27.15 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

चुनाव आयोग की तरफ से कहा गया है कि अनियमितताओं को लेकर सात मतदान केंद्रों पर मतदान स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश में 12वें संसदीय चुनाव के लिए मतदान रविवार को समाप्त हो गया और गिनती शुरू हो गई है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार,



299 संसदीय सीटों के लिए 42 हजार मतदान केंद्रों पर स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 4 बजे समाप्त हुई।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि हिंसा, झड़प और धांधली की छिटपुट घटनाओं के कारण मतदान प्रभावित हुआ। अवामी लीग के नेता जिल्लुर रहमान सुबह मुंशीगंज में एक मतदान केंद्र के पास मृत पाए गए। रहमान मुंशीगंज-3 से एएल-नामांकित उम्मीदवार मृणाल कांति दास के समर्थक थे। मुंशीगंज एसपी ने कहा कि असलम खान ने कहा कि शव बरामद कर लिया गया है लेकिन मतदान केंद्र से हिंसा की कोई खबर नहीं है। इससे पहले दिन में, चट्टोग्राम शहर के चंदगांव इलाके में विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने कहा कि बीएनपी के लोग, जो जलते हुए टायरों के साथ सड़क को अवरुद्ध करके प्रदर्शन कर रहे थे, उन्होंने पुलिस कर्मियों पर पथराव किया, जिन्होंने जवाबी कार्रवाई की।

### पीएम हसीना बोलीं- विपक्षी पार्टी बीएनपी आतंकी संगठन

**बांग्लादेश** में चुनाव के बीच पीएम शेख हसीना ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने लोगों से वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि बीएनपी एक आतंकी संगठन है। मैं जनता से अपील करती हूं कि वो वोट डालकर लोकतंत्र में अपना विश्वास दिखाएं। मैं देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखने की पूरी कोशिश कर रही हूं।

### विपक्ष बोला- हमें लोकतांत्रिक अधिकार लौटाएं

**राजधानी** ढाका में नेशनल प्रेस क्लब के सामने 12 विपक्षी पार्टियों ने मिलकर चुनाव के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने नारे लगाते हुए कहा कि देश में ये चुनाव हास्यास्पद हैं। हमें हमारे लोकतांत्रिक अधिकार लौटाए जाएं। प्रदर्शन में जातियो पार्टी, बांग्लादेश कल्याण पार्टी और लेबर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया।




## राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रविवार को मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कुछ जरूरी निर्देश दिए। आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर नृपेंद्र मिश्रा के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है।

## उदयपुर में आईटी छापे में 200 करोड़ की अघोषित संपत्ति मिली




**उदयपुर।** आयकर विभाग की उदयपुर के दो होटल समूहों के यहां जारी छापेमारी की कार्रवाई बीती रात खत्म हो गई। इस दौरान दोनों होटल समूहों से 200 करोड़ रुपए की अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ है। जबकि दो दिन पहले 4.50 करोड़ की नकदी के अलावा 4 करोड़ रुपए कीमत की ज्वेलरी मिली थी।

आयकर विभाग के महादिनेशक अन्वेषण राज टंडन के निर्देशन, प्रधान निदेशक सुधांशु शेखर झा तथा उदयपुर के विभागीय संयुक्त निदेशक जेएस राव के नेतृत्व में 250 से अधिक अधिकारी कर्मचारी बुधवार से उदयपुर के रॉकवुड होटल एंड रिसोर्ट समूह तथा फतह कलेक्शन ग्रुप के 27 ठिकानों की तलाशी में जुटे हुए थे। इन समूह की होटल्स, निदेशकों के घर तथा कार्यालयों सहित अन्य ठिकानों पर लेन-देन संबंधी दस्तावेजों की जांच जारी है। इसके अलावा टीम को दोनों ग्रुप के 20 लॉकर्स के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका खोला जाना अभी बाकी है। संभावना जताई जा रही है कि दोनों समूहों से करोड़ों रुपए की अघोषित संपत्ति का खुलासा होगा।

# फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में मारिया की अलग है दुनिया: कैटरीना

**एजेंसी, मुंबई**

फिल्म 'टाइगर-3' की सफलता के बाद एक्ट्रेस कैटरीना कैफ जल्द ही थ्रिलर फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में नजर आएंगी। श्रीराम राघवन की निर्देशित इस फिल्म में साउथ अभिनेता विजय सेतुपति भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म दो युवाओं की कहानी है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या पर मिलते हैं। फिल्म में समस के दिन इन दो युवाओं की पूरी दुनिया उनके अतीत की रहस्यमय घटनाओं के कारण बदल जाती है। फिल्म में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति के साथ-साथ संजय कपूर, राधिका आप्टे, विनय पाठक, टीनू आनंद भी मुख्य भूमिका में हैं। यह 2024 में रिलीज होने वाली पहली हिंदी फिल्म है और यह 12 जनवरी को रिलीज होगी।

### 'मारिया' के किरदार के लिए राघवन ने मुझ पर किया भरोसा

निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ काम करने के लिए मैं कई सालों से इंतजार कर रही थीं। श्रीराम राघवन मेरे पसंदीदा निर्देशकों में से एक हैं। इसलिए जब उन्होंने मुझे इस फिल्म की कहानी सुनाई तो मैं तैयार हो गई। मुझे इस बात पर भी गर्व है कि उन्हें 'मारिया' का किरदार निभाने के लिए मुझ पर भरोसा था। पूरी फिल्म करने से पहले उन्होंने मुझसे मेरे किरदार 'मारिया' पर एक निबंध लिखने को कहा था।




# पिछले 22 वर्षों में पहली बार यूनाइटेड किंगडम यात्रा पर जाएंगे भारतीय रक्षा मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आठ जनवरी को यूके के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। उनके साथ रक्षा मंत्रालय का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल होगा, जिसमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

राजनाथ सिंह का यूके का दौरा कई मायने में खास होगा,



क्योंकि 22 वर्षों में यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली यात्रा होगी। अपने दौरे के दौरान रक्षा मंत्री यूनाइटेड किंगडम के रक्षा राज्य सचिव ग्रांट शाप्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उनसे रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग के व्यापक विषयों पर चर्चा होने की आशा है। राजनाथ सिंह के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात करने और विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास मामलों के राज्य सचिव डेविड कैमरन के साथ बैठक करने की भी उम्मीद है। वह यूनाइटेड किंगडम रक्षा उद्योग के सीईओ और उद्योग जगत के नेतृत्व के साथ भी बातचीत करेंगे।

# इसराइल ने जेनिन में पूरी रात किए हमले, छह फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, जेनिन**

इसराइल की सेना का फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के खिलाफ अभियान जारी है। इसराइल की सेना ने शनिवार पूरी रात वेस्ट बैंक के जेनिन शरणार्थी शिविर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस कार्रवाई में छह फिलिस्तीनी मारे गए। इस दौरान इसराइल की सेना का एक वाहन सड़क किनारे लगाए गए विस्फोटक की चपेट में आ गया। इससे चार जवान घायल हो गए।

समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इसराइल की रिपोर्ट के अनुसार आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान घायल चार जवानों में से दो की हालत नाजुक है। एक संयुक्त बयान में इसराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और पुलिस ने



कहा है कि सेना के वाहन आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए जेनिन में दाखिल हो रहे थे, तभी सड़क के किनारे लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण ने सीमा पुलिस के वाहन को टक्कर मार दी। इसी दौरान चार जवान जख्मी हो गए। आईडीएफ का कहना है कि उसके हेलिकॉप्टर ने सैनिकों को निशाना बनाने वाले फिलिस्तीनी बंदूकधारियों के एक समूह के खिलाफ हवाई हमला किया। फिलिस्तीनी प्राधिकरण के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार तड़के कहा कि इस हमले में छह नागरिक मारे गए।

### जॉर्डन पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इसराइल भी जाएंगे

**तेल अवीव।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बढ़ते तनाव को कम करने के लिए पश्चिम एशिया के तूफानी दौरे पर हैं। वह जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंच गए हैं। दक्षिणी इसराइल में सात अक्तूबर को हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में 1,200 लोगों की मौत और 240 लोगों के अपहरण के बाद से अमेरिकी विदेश मंत्री की इसराइल सहित मध्य पूर्वी यह पांचवीं यात्रा है। ब्लिंकन की वर्तमान यात्रा हिजबुल्लाह के छोटे उपायों के साथ युद्ध में प्रवेश करने के बाद इसराइल की उत्तरी सीमा में बढ़े तनाव को कम करने के लिए है।

## सौगात: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और सीएम डॉ. मोहन यादव ने श्री महाकाल लोक परिसर में किया शुभारंभ

# उज्जैन में देश के पहले हेल्दी-हाइजीनिक फूड स्ट्रीट 'प्रसादम' का लोकार्पण

**एजेंसी, उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन के श्री महाकाल लोक परिसर में रविवार को देश के पहले हेल्दी और हाईजीनिक फूड स्ट्रीट 'प्रसादम' का लोकार्पण हुआ। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोपहर में इसका शुभारंभ किया।

रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन और पूजन कर जगत के मंगल एवं कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने महाकाल



'प्रसादम' और 'अवंतिका हाट बाजार' का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया।

महालोक में बने स्वस्थ और स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब 'प्रसादम' और 'अवंतिका हाट बाजार' का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में प्रदेश की 36 स्वास्थ्य संस्थाओं का भूमिपूजन एवं 150 स्वास्थ्य संस्थाओं का लोकार्पण भी सम्पन्न हुआ। 'प्रसादम' और 'अवंतिका हाट बाजार' के शुभारंभ के बाद केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रसादम और अवंतिका हाट बाजार का जायजा भी लिया और व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस देश के इस पहले हेल्दी एवं हाईजीनिक फूड स्ट्रीट फूड स्ट्रीट 'प्रसादम' के निर्माण पर एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत आई है। यहां समोसा-कचौड़ी और जंक फूड के साथ ही प्लास्टिक के प्रयोग पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, क्षेत्रीय सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### 17 दुकानों का बनाया स्ट्रीट फूड हब

प्रसादम एक करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से फूड एंड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के 'क्लीन स्ट्रीट फूड हब' कार्यक्रम के अंतर्गत उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा श्री महाकाल लोक के नीलकंठ वन परिसर और अवंतिका हाट के बीच विकसित किया गया है। इसमें 17 दुकानों का निर्माण कर एक स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब बनाया गया है। प्रसादम में अलग-अलग फूड स्टॉल होंगे, जहां उज्जैन के स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु ले सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।